रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार... । जनपथ पत्रकारिता ।
देसी अंदाज नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
# रांची एक्सप्रेस
epaper.ranchiexpress.com | वर्ष-61 | अंक-244 रांची | शुक्रवार 26 अप्रैल 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12 | मूल्य 4 रु.

## स्पेशल ब्रांच के एसपी बने चंदन झा



**रांची।** चुनाव आयोग की सहमति के बाद राज्य सरकार ने दो आईपीएस का तबादला किया है।

जेएपीटीसी पदमा एसपी के पद पर पदस्थापित चंदन झा को स्पेशल ब्रांच का एसपी बनाया गया है, जबकि पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत अजीत पीटर डुंगडुंग को जैप-1 कमांडेंट बनाया गया है। इस संबंध में गुरुवार की देर शाम गृह, कारा एवं आपदा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## एचईसी के पूर्व सीनियर डीजीएम सहित दो आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को दस साल पुराने एचईसी में हुए टेंडर घोटाले से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए एचईसी के पूर्व सीनियर डीजीएम (सिविल एवं स्ट्रक्चरल डिजाइन) अनिल कुमार सिंह और कोलकाता की कंपनी मेसर्स कंसल्टिंग डिजाइन इंजीनियरिंग सेंट्रल प्रा. लिमिटेड के संचालक पार्थ चक्रवर्ती को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।




यह मामला 20 जून 2012 में हुए टेंडर घोटाले को लेकर सीबीआई ने नवंबर 2014 में अनिल कुमार सिंह, सीनियर डीजीएम प्रोजेक्ट डिवीजन बंधु तिग्गा और कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। सुनवाई के दौरान बंधु तिग्गा की मौत हो गई थी। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार कंठ ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। इस कारण सीबीआई ने घोटाले को साबित करने के लिए अदालत के समक्ष 17 गवाहों को प्रस्तुत किया था। बावजूद आरोप को साबित नहीं किया जा सका। इसका लाभ आरोपितों को मिला।

मामले में एचईसी के पूर्व सीनियर डीजीएम पर गलत तरीके से ठेका देने का आरोप लगा था। एचईसी ने 20 जून 2012 को कृष्णशिला प्रोजेक्ट में डिजाइन और इंजीनियरिंग कार्य के लिए ठेका देने को लेकर एक निविदा निकाली थी। इसका अनुमानित लागत 2.6 करोड़ रुपए था।

# मतदान के लिए प्रवासी मजदूरों से संपर्क साधेगा चुनाव आयोग

**रांची।** चुनाव आयोग झारखंड के प्रवासी मजदूरों से संपर्क कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करेगा। इसे लेकर गुरुवार को चुनाव आयोग कार्यालय में श्रम विभाग के साथ बैठक कर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रवासी मजदूरों का डेटा आयोग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

श्रम विभाग की ओर से बैठक में बताया गया कि उनके पास 1 लाख 70 हजार प्रवासी मजदूरों का डेटा है। उनके मोबाइल नंबर भी हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को उनके मोबाइल नंबर पर बल्क मैसेज भेजकर उनसे चुनाव महापर्व में भागीदारी करने और मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा।



दूसरी ओर बैठक में शामिल गृह विभाग के अधिकारियों से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वे विभिन्न सिक्युरिटी एजेंसियों से संपर्क कर उसमें कार्यरत कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करें। गृह विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उनके पास 416 सिक्युरिटी एजेंसियों का डेटा है। वे इन एजेंसियों को स्पीड पोस्ट से पत्र भेजकर आयोग की मंशा से अवगत कराते हुए उनके यहां कार्यरत प्रवासी कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि सिक्युरिटी एजेंसियों को आरपी एक्ट के तहत कर्मियों को सवैतनिक अवकाश देते हुए मतदान में शामिल कराने के लिए प्रेरित करें।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, संयुक्त सचिव गृह मनीषा तिग्गा, संयुक्त श्रम आयुक्त, राकेश प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

हो गई तैयारी!

## पहले रामलला के दर्शन फिर करेंगे नामांकन

- अमेठी-रायबरेली से पहले अयोध्या जा सकते हैं राहुल और प्रियंका



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेठी और रायबरेली में रैलियां करने से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन कर सकते हैं। राहुल गांधी फिलहाल केरल की वायनाड सीट से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार हैं। वायनाड लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में यानी कल 26 अप्रैल को चुनाव होगा। वायनाड से मौजूदा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का मुकाबला भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) की नेता एनी राजा से है। वायनाड सीट पर मुकाबला खत्म होने के साथ, अब सभी की निगाहें उत्तर प्रदेश के रायबरेली और अमेठी पर होंगी। इंडिया टुडे ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी के अमेठी और रायबरेली जाने से पहले अयोध्या जाने और राम मंदिर में प्रार्थना करने की संभावना है। बता दें कि कांग्रेस ने अभी तक अपने पुराने 'गढ़' अमेठी और रायबरेली के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। ऐसे में कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि इस बात की प्रबल संभावना है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा इन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ सकते हैं। अमेठी और रायबरेली निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन प्रक्रिया एक ही दिन, 26 अप्रैल से शुरू होने वाली है।

## जमशेदपुर लोकसभा सीट से लड़ेंगे समीर मोहंती और गांडेय विधानसभा से कल्पना बनीं उम्मीदवार




**रांची।** झामुमो ने जमशेदपुर लोकसभा सीट से समीर मोहंती और गाण्डेय विधानसभा क्षेत्र से कल्पना सोरेन को उम्मीदवार बनाया है। इस संबंध में पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने गुरुवार को बताया कि पार्टी के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर उम्मीदवारों की घोषणा की गयी है।

# इंदिरा की प्रॉपर्टी बचाने राजीव ने कानून बदला, अब राहुल फिर लाना चाहते हैं

### एमपी के मुरैना में प्रधानमंत्री बोले-मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा है

कहा-कांग्रेस के शहजादे को देश के पीएम को भला-बुरा कहने में मजा आता है

**मुरैना (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार दूसरे दिन गुरुवार को भी मध्यप्रदेश आए। मोदी ने मुरैना के पुलिस परेड ग्राउंड में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में सभा की। पीएम ने कहा-कांग्रेस के शहजादे को देश के प्रधानमंत्री को भला-बुरा कहने में मजा आता है। मैं टीवी और सोशल मीडिया पर देख रहा हूं कि इससे लोग दुखी हो रहे हैं। मैं कहता हूं, दुखी न हों क्योंकि नामदार तो कामदार को हमेशा गोली-गलौज करते आए हैं। पीएम ने कहा- देश कह रहा है, कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। आपके हितों की रक्षा के लिए ये मोदी दीवार बनकर खड़ा है। ये गाली-गलौज इसलिए हो रहा है क्योंकि मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा हो गया है। इनके मंसूबे सफल नहीं होंगे ये मोदी की गारंटी है। पीएम ने कहा- कांग्रेस पार्टी विकास विरोधी समस्या है। मुरैना के लोग जानते हैं समस्या से एक बार पीछा छूट जाए तो उसे दूर ही रहना चाहिए। मोदी ने कहा जवानों को हमने खुली छूट दी है। हमने कहा एक गोली चलती है तो 10 गोली चलनीं चाहिए। एक गोला चलता है तो 10 तोपें चलनीं चाहिए। पीएम ने कहा- देश कह रहा है, कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। आपके हितों की रक्षा के लिए ये मोदी दीवार बनकर खड़ा है। ये गाली-गलौज इसलिए हो रहा है क्योंकि मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा हो गया है। इनके मंसूबे सफल नहीं होंगे ये मोदी की गारंटी है।




कांग्रेस सरकार में आई तो इंहेरिटेंस टैक्स लगाएगी। आज पहली बार देश के सामने एक दिलचस्प तथ्य रख रहा हूं। जब देश की पीएम बहन इंदिराजी नहीं रहीं तो उनकी प्रॉपर्टी जो उनकी संतानों को मिलनी थी, लेकिन पहले कानून था कि उनको मिलने से पहले एक हिस्सा सरकार ले लेती थी। तब चर्चा थी कि जब इंदिराजी नहीं रहीं और उनके बेटे राजीव को ये प्रॉपर्टी मिलनी थी तो प्रॉपर्टी को बचाने के लिए उस समय के पीएम राजीव गांधी ने पहले के इंहेरिटेंस कानून को समाप्त किया। वहां मामला निपट गया तो फिर सत्ता पाने के लिए ये लोग वही कानून ज्यादा कड़ाई से वापस लाना चाहते हैं। शहजादे पूरे देश में बढ़-चढ़कर कह रहे हैं आपकी सम्पत्ति का एक्स-रे होगा।

## अरुणाचल में भारी बारिश से भूस्खलन में बहा हाईवे

चीनी सीमा से सटे जिले से टूटा संपर्क



**ईटानगर (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश के दिबांग जिले को शेष भारत से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे 33 का हिस्सा बह गया है। बीते कई दिनों से लगातार चल रही बारिश से हुए भूस्खलन के चलते हाईवे का यह हिस्स कट कर बह गया। दिबांग घाटी चीन से सटा हुआ इलाका है और रणनीतिक लिहाज से बेहद अहम है। अथॉरिटीज का कहना है कि हाईवे का हिस्सा कट जाने से बड़ा नुकसान हुआ है और इससे आवाजाही ठप हो गई है। फिलहाल नेशनल हाईवेज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने टीम को भेजा है ताकि राजमार्ग की तुरंत रिपेयरिंग की जा सके। अधिकारियों ने कहा कि मौके पर सभी जरूरी चीजें भेजी गई हैं। मौके पर खाने के सामान समेत तमाम चीजों की आपूर्ति हो रही है और किसी चीज की कमी नहीं है। दरअसल इस हाईवे का कट जाना इसलिए चिंताजनक है क्योंकि यह जिले के लोगों और सेना के लिए लाइफलाइन है। चीन से लगती सीमा तक पहुंचने के लिए सेना भी इसी हाईवे का इस्तेमाल करती है। राज्य सरकार ने हाईवे को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है और अगले तीन दिनों तक यहां से न गुजरने की सलाह दी है। अथॉरिटीज का कहना है कि हाईवे की रिपेयरिंग में कुछ दिन लगेंगे।

## जेल जाने से बचने के लिए केरल सीएम ने किया सरेंडर

- भाजपा से कर लिया है समझौता,राहुल के बाद विजयन पर प्रियंका भी भड़कीं

**तिरुअनंतपुरम (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दूसरे चरण का प्रचार शोर जब थम चुका है और 26 अप्रैल को केरल के वायनाड समेत 88 सीटों पर वोटिंग की जानी है। इंडिया गठबंधन में दोस्ती की गांठ एक बार फिर ढीली नजर आ रही है। राहुल गांधी के बाद प्रियंका गांधी भी केरल सीएम पिनाराई विजयन पर भड़की हुई हैं। सीपीआई-एम समर्थक निर्दलीय विधायक ने राहुल गांधी के डीएनए टेस्ट कराने की मांग की थी। जवाब में प्रियंका ने दावा किया कि केरल के सीएम जेल जाने से बचने के लिए भाजपा के साथ समझौता कर चुके हैं। उन्होंने अपने भाई और वायनाड से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के उस बयान का भी समर्थन किया कि तमाम घोटालों में नाम सामने आने के बाद भी नरेंद्र मोदी सरकार विजयन के खिलाफ ऐक्शन नहीं ले रही है। प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी पर लगातार निशाना साधने को लेकर पिनाराई विजयन पर तीखा हमला बोला। केरल में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत कल 26 अप्रैल को होने वाले मतदान होना है।



आईआईटी-जेईई मेन्स के नतीजे जारी

## महाराष्ट्र के नीलकृष्ण बने ऑल इंडिया टॉपर

- रिकॉर्ड 56 स्टूडेंट्स को 100 परसेंटाइल, राजस्थान से 5, जनरल कटऑफ 93.23

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 24 अप्रैल की देर रात तकरीबन 11 बजकर 30 मिनट पर जेईई मेन्स 2024 सेशन 2 का रिजल्ट जारी कर दिया। वे उम्मीदवार जिन्होंने इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन के लिए जॉइंट एंट्रेंस टेस्ट मेन्स सेशन-2 दिया था ऑफिशियल वेबसाइट पर अपना स्कोर कार्ड देख सकते हैं। महाराष्ट्र के नीलकृष्ण ने ऑल इंडिया टॉप किया है। वे दो साल से कोटा में तैयारी कर रहे थे। वहीं, महाराष्ट्र के दक्षेस संजय मिश्रा ने दूसरी और हरियाणा के आरव भट्ट ने तीसरी रैंक हासिल की है। इसके अलावा, 100 परसेंटाइल पाने वाले छात्रों में 6 ईडब्ल्यूएस श्रेणी से हैं, जिनमें 4 तेलंगाना व 2 आंध्र प्रदेश के हैं। इस बार अब तक का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सबसे ज्यादा 56 स्टूडेंट्स ने 100 परसेंटाइल हासिल किया।

## दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग आज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनाव के सेकेंड फेज में शुक्रवार को 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर वोटिंग होगी। पहले इस फेज में 89 सीटों पर वोटिंग होनी थी, लेकिन मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद इस सीट पर अब 7 मई को चुनाव होंगे। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के दूसरे फेज में 1,198 कैंडीडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1,097 पुरुष और 100 महिला उम्मीदवार हैं।

भाजपा-कांग्रेस अध्यक्ष को भेजा नोटिस, 29 अप्रैल तक मांगा जवाब

## पीएम मोदी और राहुल की 'स्पीच' पर ऐक्शन में ईसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के कथित सांप्रदायिक भाषण पर निर्वाचन आयोग ने संज्ञान लिया है। चुनाव आयोग ने इस मामले में भाजपा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने इस केस में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से जवाब तलब किया है। उन्हें 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक जवाब देना होगा। पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा आयोग ने राहुल गांधी के भी एक बयान पर जवाब मांगा है। राहुल गांधी के बयान पर पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को जवाब देना होगा। बता दें कि भाजपा ने राहुल गांधी के बयान के खिलाफ और कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी की शिकायत चुनाव आयोग से की थी। निर्वाचन आयोग ने इस मामले में जनप्रतिनिधित्व कानून के सेक्शन 77 का इस्तेमाल करते हुए स्टार प्रचारकों के विवादित बयानों के लिए पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराया है। इसी के तहत पहला कदम उठाते हुए आयोग ने अध्यक्षों के नाम पर नोटिस जारी किया है और 29 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा।




## पटना में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या, दोस्त गंभीर

**पटना (एजेंसी)।** पटना में बदमाशों ने जदयू नेता सौरभ कुमार (33) की गोली मारकर हत्या कर दी है। सौरभ अपने दोस्त मुनमुन के साथ रात 12 बजे कार से एक शादी के रिसेप्शन से लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार 4 बदमाशों ने करीब 5 राउंड फायरिंग की। सौरभ कुमार के सिर में 2 गोली लगी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जबकि उनके दोस्त मुनमुन कुमार को 3 गोलियां लगी हैं। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला पुनपुन थाना क्षेत्र के बढ़िया कॉल गांव का है। सौरभ कुमार प्रॉपर्टी डीलिंग का भी काम किया करते थे। घटना की जानकारी मिलते ही पाटलिपुत्र सीट से आरजेडी प्रत्याशी और लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती ने सौरभ कुमार के परिवार से मुलाकात की। इधर, सरकार ने कहा है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## संक्षिप्त

### झामुमो बुढ़मू प्रखंड समिति के ने हर्ष व्यक्त की

**बुढ़मू :** झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा गांडेय विधानसभा से कल्पना सोरेन तथा जमशेदपुर लोक सभा से समीर मोहंती को उम्मीदवार बनाए जाने पर झामुमो बुढ़मू प्रखंड समिति के द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों उम्मीदवारों को जीत की कामना किया है। इस दौरान झामुमो नेता शमीम बड़ेहार ने कहा की जिस तरह कल्पना सोरेन गृहस्थ जीवन से अचानक निकलकर राजनीति के जिस बुलंदी को इतना कम समय में छू ली है, गांडेय विधानसभा से विजय हासिल करेगी और झारखंड के भविष्य को सवारने का काम करेगी। हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर साहू महिला मोर्चा अध्यक्ष सुषमा देवी , लाला महली ,प्रमोद चौबे, अख्तर अंसारी, कुदरत अंसारी, आदि शामिल हैं।

### बिजली प्रवाहित तार के चपेट में आने से दोनों हाथ झुलसा

**महागामा :** थाना क्षेत्र के सरैयाघाट निवासी रौशन महतो के बिजली तार के चपेट में आने से दोनों हाथ जल गया। घटना के संबंध में घायल ने बताया कि वह अपना घर बनवा रहा था। उसी दौरान बिजली के तार उसके हाथ में सट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से महागामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौजूद डॉक्टर एकता कुमारी के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टर एकता ने बताया कि रौशन कुमार महतो गंभीर रूप से झुलसे स्थिति में यहां आया था जिसमें दोनों हाथ जल गया है,प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति ठीक देखते हुए पुनः घर भेज दिया गया।

### पुलिस से डरे नहीं बल्कि सहयोग करें : मधुसूदन

**गोड्डा :** सुंदरपहाड़ी थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मधुसुदन मोदक ने मंगलवार को थाना क्षेत्र में आसपास के सुदूर ग्रामीण इलाकों का भ्रमण किया। इस दरमियान थाना प्रभारी मोदक ने कई गांव के ग्रामीणों से बातचीत की तथा ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस से डरे नहीं, बल्कि सहयोग करें। पुलिस आपका दोस्त है तथा पुलिस आपकी सुरक्षा में हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना हमारा लक्ष्य है। थाना प्रभारी मोदक ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की घटना व दुर्घटना की जानकारी पुलिस को तुरंत दें, ताकि पुलिस समय पर कार्रवाई कर सकें। उन्होंने कहा कि गाँव में आप आपस में भाईचारा बनाकर रखें। आपस में विवाद न करें। किसी भी विवाद की सूचना पुलिस को अवश्य दें। इस दौरान उन्होंने छोटे बच्चो के बीच चॉकलेट भी वितरण किये। थाना प्रभारी मोदक के साथ पुलिस अवर निरीक्षक साईंबा मुर्मु एवं पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### सुंदरपहाड़ी थाना प्रभारी ने राहगीरों के लिए प्याऊ की कराई व्यवस्था

**गोड्डा :** राज्य के सबसे गर्म जिला में सबसे ऊपर नाम आने वाले गोड्डा जिला में भीषण गर्मी से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, लोग यहां-वहां धूप से अपने आपको बचाते हुए नजर आते है। गर्मी में सबसे अधिक पेयजल की आमजन को सहना पड़ता है, जहां पीने के लिए स्वच्छ और ठंडे पानी की व्यवस्था कहीं नजर नहीं आती है। ऐसे में इस चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए सुंदरपहाड़ी थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक ने गुरुवार को थाना के सामने आम लोग व राहगीरों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करते हुए उपस्थित लोगों व राहगीरों को पानी पिलाने के नेक उद्देश्य से पनशाला का उद्घाटन किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि पनशाला खोलना पूण्य का काम है, प्रतिदिन सैकड़ों लोग अपने काम से यहां आते हैं। इन लोगों को पानी पीने की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में लोगों के परेशानी को देखते हुए शुद्ध स्वच्छ और शीतल पानी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है इसलिए हम यहां की जनता के हर सुख दुख में साथ खड़े रहने को तत्पर है, पुलिस अपराधियों के प्रति जरूर सख्ती बरतती है।

# डॉक्टर के साथ दुर्व्यवहार करने वाले कर्मी का हो दूसरे जिला में ट्रांसफर : झांसा

**मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच करने पहुंची झांसा की टीम, दोनों पक्षों से की बात**

**रामगढ़ :** जिले के मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला चिकित्सा के साथ बड़ा बाबू नकी अहमद के द्वारा किया गया दुर्व्यवहार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया और जिला प्रशासन से बड़ा बाबू नकी अहमद को दूसरे जिले में तबादला करने की मांग की है। गुरुवार को झासा की राज्य कार्यकारिणी का एक प्रतिनिधिमंडल रामगढ पहुंचा। टीम ने 18 अप्रैल को मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक के साथ हुई दुर्व्यवहार मामले की जांच की। प्रतिनिधिमंडल में झासा के राज्य अध्यक्ष डॉ पीपी साह, झासा के राज्य सचिव डॉ ठाकुर मृत्युंजय सिंह, झासा के पूर्व सचिव सह संस्थापक सदस्य डॉ बिमलेश सिंह,



झासा के राज्य उपाध्यक्ष डॉ शरद कुमार, झासा के राज्य संयोजक डॉ शमीम अख्तर, कोषाध्यक्ष डॉ स्टीफेन खेस, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य डॉ प्रदीप कुमार सिंह, डॉ विकास कुमार शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राज्य अध्यक्ष डॉ पीपी साह ने किया।

**दोनों पक्षों से प्रतिनिधिमंडल ने की वार्ता :** प्रतिनिधिमंडल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू जाकर 18 अप्रैल को हुई घटना की जानकारी ली?। टीम ने घटना के दौरान मौजूद सभी चिकित्सक से अलग-अलग मामले की जानकारी ली। इसके साथ ही अस्पताल कर्मी बीडीएम से भी जानकारी ली। साथ ही पीडित महिला दंत चिकित्सक डॉ जेनी सिंह व आरोपी बडा बाबू सैयद नकी अहमद से भी से पूरी घटना की जानकारी ली।

**आरोपी बडा बाबू नकी अहमद ने महिला चिकित्सक से अशिष्टता किया है : डॉ पीपी साह**

डॉ पीपी साहा ने कहा कि झासा ने महिला चिकित्सक के साथ हुई घटना को गंभीरता से लिया है। टीम की जांच में भी बडा बाबू के द्वारा दुर्व्यवहार की पुष्टि हुई है। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण में गंभीर मामला है?। झासा महिला चिकित्सक के साथ हर तरह से सहयोग के लिये खडा है। महिला चिकित्सक मामले को लेकर काफी आहत हैं। उनके द्वारा आरोपी बडा बाबू पर मांडू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी।

**जांच रिर्पोट डीआईसी व स्वास्थ्य सचिव को भी दिया जायेगा : डॉ मृत्युंजय**

झासा सचिव डॉ मृत्युंजय कुमार सिंह ने बताया कि झासा के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा घटना का रिर्पोट निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवायें व झारखंड सरकार स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को भी सौंपा जायेगा। डॉ सिंह ने कहा कि झासा रामगढ उपायुक्त व सीएस रामगढ के द्वारा आरोपी बडा बाबू को तत्काल निलंबन व विभागीय कारवाई करने के लिये आभार जताया है। साथ ही कहा कि जांच में यह भी पुष्टि हुआ है कि बडा बाबू नकी अहमद का मांडू अस्पताल में काफी दबिश है। बताया कि महिला चिकित्सक बेटी के साथ कैंपस में रहती है।

## 2019 के चुनाव में मरांडी थे भाजपा के विरोधी, इस बार बने हैं खेवनहार





**खूंटी :** राजनीति कब क्या करवट लेगी, कौन विरोधी होगा और कौन साथ देगा, इसे कोई नहीं जानता। राजनीति में राजनेताओं की निष्ठा समय-समय पर अपनी जरूरत के अनुसार बदलती रहती है। अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय सीट को ही लें।

2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पार्टी उम्मीदवार अर्जुन मुंडा के सारथी बने हुए हैं, वहीं 2019 के चुनाव में मरांडी भाजपा के धुर विरोधी थे और कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे थे। इसके उलट इस लोकसभा चुनाव में बाबूलाल मरांडी अर्जुन मुंडा की चुनावी नैया के खेवनहार बने हुए हैं और कालीचरण मुंडा के विरोध में जमकर प्रचार कर रहे हैं।

इधर, तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में राज्य के पूर्व मंत्री राजा पीटर 2019 के संसदीय चुनाव में अर्जुन मुंडा के विरोध में थे, तो इस चुनाव में उन्होंने अर्जुन मुंडा को समर्थन देने की घोषणा की है।

## भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**मांडर :** मांडर स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के तत्वाधान मे भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के द्वारा एन.एस.एस.(राष्ट्रीय सेवा योजना) के तहत गुरुवार को महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गाँव करकरा के अलावा पुनगी आदि गावों मे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शैक्षणिक सचिव श्रीमति दीपाली परासर के निर्देशन मे मतदाता जगरूकता रैली निकाली गई तथा मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। यह रैली उक्त गावों से होते हुए माण्डर प्रखण्ड तक आया जहाँ मनोरंजन कुमार,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी माण्डर उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी की भागीदारी आवश्यक है यदि लोग अपनी भागीदारी व जवाबदेही सुनिश्चित करेगें तो निश्चित ही देश मे लोकतंत्र मजबूत होगा। भ्रमण वाले गाँव में सभी ग्रामवासी बढ़चढ़कर हिस्सा लिये। और आगामी 13 मई को हाने वाले चुनाव मे बूथों पर जाकर मतदान करने की अपील की। इस रैली मे बी.एड., डी.एल.एड, फामेर्सी, जी.एन.एम. एव बी.एस.सी. नर्सिंग के छात्र/छात्राएँ भाग ली। इस रैली मे प्रखण्ड द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर नितेश कुमार पाठक बी.एड प्राचार्य, नर्सिंग प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव, राकेश कुमार राय (विभागाध्यक्ष बी.एड.), मनोज कुमार गुप्ता (विभागाध्यक्ष डी.एल.एड.), एन.एस.एस. (कॉडिनेटर विवेक राज जायसवाल व्याख्याता मधुरंजन, रिभा कुमारी, विनीता चैधरी कृपाशंकर सिंहा, एंजेला गाडी, पूनम मिंज, क्रिस्टीना किस्कु, अराधना जैकब, इमरोज सहित अन्य शामिल थे।

### सिल्ली में तीन दिवसीय बाऊल संगीत समारोह आज से, तैयारियां पूरी

**सिल्ली :** सिल्ली स्थित राधा माधव आश्रम में तीन दिवसीय बाऊल संगीत समारोह का आयोजन प्रत्येक बर्ष की भांति इस बर्ष भी 26 अप्रैल से 28 अप्रैल 2024 तक किया गया है ।इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी राधा माधव आश्रम के बाऊल संत ब्रज गोपाल दास ने दी । उन्होंने बताया कि उक्त समारोह में विभिन्न जगहों से अत्यधिक संख्या में साधु संत शामिल होंगे । इसको लेकर तीन दिनों तक भंडारा का भी आयोजन किया गया है । मालूम हो कि इस अवसर पर आसपास के ग्रामीण दर्शकगण शामिल होकर बाऊल संगीत कार्यक्रम का आनंद उठाते हैं।

## प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय सिल्ली में मैट्रिक टॉपर सम्मान समारोह का आयोजन



**सिल्ली :** गुरुवार को प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय सिल्ली में मैट्रिक टापर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर विद्यालय की ओर से मैट्रिक टॉपर दस छात्राओं को सम्मानित किया गया । जिसमें विद्यालय में प्रथम जिया कुमारी साहू 94 . 20 % , द्वितीय भवानी कुमारी गोराई 92 . 8 % , तृतीय लक्ष्मी कुमारी 91 . 8 % , चतुर्थ वैष्णवी कुमारी , पंचम मनीषा कुमारी , षष्ठम अनुपा महादानी एवं प्रियंका चौधरी , सप्तम सीरिया कुमारी , अष्टम प्रियंका कुमारी , नवम दिपाली कुमारी चौधरी एवं उमा कुमारी सिंह तथा दशम मोनिका कुमारी शामिल हैं । मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष बीणा चौधरी, जिला परिषद पूर्वी लक्ष्मी कुमारी, लुपुंग पंचायत की मुखिया सीमा कुमारी गोंझू, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मदन सिंह मुंडा, सदस्य मो मंजूर आलम, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बिनीता कुमारी, सहायक शिक्षक सुनील कुमार महतो, बबलू महतो, संदीप कुमार, शिक्षिका लक्ष्मी प्रिया, सुनीता कुमारी, क्लर्क रितु कुमारी शामिल हुए। सभी ने छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मध्याह्न भोजन में कीड़ा मिलने से छात्र एवं अभिभावक ने किया जमकर हंगामा

**बसंतराय :** बसंतराय प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय हिलावै में मध्याह्न भोजन में कीड़ा मिलने से छात्र एवं अभिभावकों विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ जमकर हंगामा किया। मालूम हो कि राज्य सरकार के निर्देश पर राज्य के सभी विद्यालयों में महुवा का बना खाद्य पदार्थ देने का आदेश जारी किया गया है जिसके आलोक में महुवा का लड्डू विद्यालयों में बच्चों के बीच परोसा भी जाता है लेकिन हिलावै में जो महुवा का लड्डू परोसा गया उसमें कीड़ा मिला और ये कीड़ा किसी एक बच्चे को नहीं बल्कि हरेक बच्चे को दिए गए महुवा के लड्डू में था जिसके बाद बच्चों ने इसकी जानकारी अपने घर में आकर अपने अभिभावकों को दिया जिसके बाद गांव के सारे अभिभावक ऐसी शिकायत पर विद्यालय पहुँचे लेकिन विद्यालय में विद्यालय के शिक्षक व प्रधानाध्यापक उल्टे अभिभावक से उलझ गए। इस बाबत मौजूद सैकड़ों बच्चे एवं अभिभावक ने बताया कि इसकी शिकायत करने जब हम विद्यालय पहुँचे तो उल्टे विद्यालय की शिक्षक और प्रधानाध्यापक ने रौब दिखाते हुए कहा कि अगर तुमलोगों में से किसी ने इसे सार्वजनिक किया तो इसका अंजाम बुरा होगा।

## चान्हो के मे हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**चान्हो :** चान्हो तरबियती मरकज बलसोकरा के तरफ से जामिया अरबिया मदी नतुल उलूम कस्बा टांगर मे हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे चान्हो रांची झारखंड में हुवा प्रशिक्षण, जिसमें मांडर विधानसभा क्षेत्र के विधायका? शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुई जिसमे उन्होंने हज में जाने वाले तमाम लोगों को मुबारकबाद पेश किया और साथ ही साथ शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आप लोग ऐसे पवित्र स्थान पर जा रहे हैं जहां पर लोग जो दिल से दुआ करते हैं उसको ऊपर वाला जरूर पूरा करता है वहां पर जाकर के इस देश के खुशहाली और राज्य के खुशहाली के लिए हज में जाने वाले लोगों से दुआ की अपील की है, मौके पर समाजसेवी हाजी एहसान साहब और समाज सेवी जावेद अख्तर हाफिज तजम्मूल हुसैन मौलाना फुरकान हाफिज शमशाद मौलाना मोतिउल मौलाना अब्दुल कयूम हाफिज अब्दुल अजीज मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली नूर आलम मानवाधिकार मीडिया के पत्रकार साबिर अंसारी आंखों देखी के शमीम अख्तर हाजी शहादत मास्टर साजिद हाजी निजामुद्दीन हाफिज हाजी अब्दुल कुदुस इमरान आदि उपस्थित थे यह जानकारी मौलाना अबुल कलाम आजाद जामिया अरबिया मदी नतुल उलूम कस्बा टांगर के हवाल।

## सांसद ने कोईरी बेड़ा में मृतक के परिजनों से की मुलाकात



**नामकुम :** संजय सेठ भाजपा कार्यकताओं के साथ नामकुम प्रखंड के कोईरी बेड़ा ग्राम पहुंचे और विगत एक दिन पहले खरसीदाग ओपी क्षेत्र में दुर्घटना में मृत सुजीत गंजू और संदीप गंजू के परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए गोदाम प्रबंधन और रांची उपयुक्त से बात कर पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाने का काम किया।

साथ हीसाथ दोनों परिवार के हालत को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास दिलाने का भरोसा दियो। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह,जिला परिषद सदस्य राम अवतार केरकेटा, मुखिया रितेश उरांव, मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, गोरखनाथ सिंह, बिरसा पाहन, उमाकांत राय अशोक नायक, शंकर सिंह मुंडा, सूर्यकांत मुंडा, हरीश गंजू समीर राय सुदर्शन गंजू रमेश मुंडा, सुरेश महतो सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

## हर्ष फायरिंग में चलाया गया हथियार बरामद, मामला दर्ज

**गोड्डा :** बीते सोमवार को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के ग्राम मछिया सिमरडा में हुए हर्ष फायरिंग का आज उद्भेदन कर लिया गया। जानकारी हो कि सिमरडा में एक शादी समारोह था,जिसमें डीजे फ्लोर के समीप चल रहे डांस में फायरिंग हो गयी थी,उक्त घटना में जितेंद्र मंडल एवं उसके जीजा विभुति साह जख्मी हो गये थे,जिन्हें आनन-फानन में सदर अस्पताल गोड्डा लाया गया लेकिन स्थिति नाजुक देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु भागलपुर के मायागंज अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद मामले को लेकर तकनीकी फौरेंसिक टीम की सहायता से जाँच व अनुसंधान किया गया तो पता चला कि घटना डीजे फ्लोर पर ही नशे की हालत में डान्स करने के क्रम में जितेद्र मंडल के द्वारा फायरिंग किया गया था, घटना के बाद पुलिसिया तफ्तीश में गुरुवार को घटना में प्रयोग किया गया अवैध देशी पिस्तौल को जिंतेद्र मंडल के घर के समीप, बगीचा में रखे पुआल में छिपाया हुआ बरामद हुआ, जिसे विधिवत जप्ती-सूची बनाकर जप्त किया गया। इस संदर्भ में गोड्डा मुफस्सिल थाना कांड संख्या 71/2024, धारा 25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियुक्त जितेंद्र मंडल के विरूद्ध दर्ज करते हुए कांड का अनुसंधान जारी है। वहीं छापामारी टीम में गोड्डा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण चौधरी, प्रशि० पुलिस उपाधीक्षक कुमार गौरव, पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रौशन कुमार, पु०अ०नि० राजेश कुमार रंजन, पुलिस अवर निरीक्षक योगेश कुमार यादव, गृहरक्षक बल शामिल थे।

कार्यालय,
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इन्जीनिर्यस हॉस्टल,धुर्वा, रॉंची

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 03/24–25

लोक सभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर जमशेदपुर एवं अन्य जिलों कें अन्तर्गत मतगणना केन्द्रों, ब्रजगृह, वाहन कोषांग, सामग्री वितरण कोषांग तथा उससे सम्बद्व होने वाले अस्थायी विद्युतीकरण के कार्यो हेतु चुनाव कार्यो के अनुभवी, विभाग में निबंधित विद्युत अनुज्ञापत्राधारी सम्वेदक से मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित तिथि एवं शर्तो के साथ निविदा आमंत्रित किया जाता है।

1. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– 03.05.24 (2.00 बजे अपराह्ण तक।) तक।
2. परिमाण विपत्र का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची, विद्युत कार्य अंचल, रॉची एवं विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।
3. निविदा प्राप्ति का समय एवं तिथि :– 2.00 बजे अपराह्ण तक दिनांक – 04.05.24 को।
4. निविदा खोलने की तिथि समय एवं स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची / 3.30 बजे अपराहण दिनांक 04.05.24 को।
5. परिमाण विपत्र का मूल्य :– नियमानुसार रू0 250/–, 500/–, 750/– एवं ,1250/–
6. अग्रधन राशि :– प्राक्कलित राशि का दो प्रतिशत।

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची

PR 324088 Energy(24-25).D

## कांग्रेस पार्टी के द्वारा अनदेखी किए जाने पर मुस्लिमों की हुयी महाजूटान

# कांग्रेस के पार्टी के विरुध किया जबदस्त नराजगी का इजहार

**अनगड़ा :** रांची लोक सभा में पड़ने वाले रांची कांके और खिजरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मुस्लिम संगठनों के गण मान्य और दानीशवर लोगों की महाजूटान गुरुवार को जाकीर अन्सारी के नेतृत्व में नेवरी गांव में हुयी। इस महाजूटान कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के द्वारा लोक सभा चुनाव में मुस्लिमों की अनदेखी करने पर लोगों ने कांग्रेस पार्टी के प्रति जबरदस्त नराजगी का इजहार किया ।बैठक में विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि झारखण्ड मे मुस्लिमों की 18 प्रतिशत आवादी होने के बावजूद लोक सभा चुनाव में एक भी मुस्लिम को टिकट नहीं देने से मुस्लिम समाज कांग्रेस पार्टी के प्रति काफी आक्रोषित हैं। साथ हीं रांची लोक सभा सीट से भी ऐसे प्रत्याशी को मैदान मे उतारा गया है। जिसको राजनीति से कभी कोई सरोकार नहीं रहा है। कहा गया कि पिछले दिनों रांची लोक सभा के विभिन्न प्रखंडों के मुस्लिमों एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकूर तथा कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की की उपस्थिति में उक्त नेताओं से मिल कर इस बार किसी अच्छा और दमदार प्रत्याशी को मैदान में उतारने का आग्रह किए थे । लेकिन कांग्रेस के नेताओं ने मुस्लिम संगठनों के प्रतिनिधियों की बातों को अनसूनी कर दी । इसको लेकर भी बैठक में कांग्रेस पार्टी के प्रति बेहद नराजगी देखी गयी। कांग्रेस पार्टी का मुस्लिमों के प्रति नाकारात्मक रैवैये से नाराज होकर इस बार वे कांग्रेस पार्टी के विरुध मतदान करने का मन बनाए हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि कांग्रेस पार्टी मुस्लिमो के प्रति अपने रवैये में सुधार नहीं करती है तथा रांची लोक सभा सीट से प्रत्यशी को बदलकर कोई दमदार और जिताउ प्रत्याशी की घोषणा तत्काल नहीं करती है तो मुस्लिम वर्ग अपने समाज से किसी निर्दलीय प्रत्याशी को मैदान में उतारेगी।बैठक में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य और जिम्मेदार दानीसमंद लोग उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अशफाक खान ने कहा कि झारखंड में सभी सेकुलर पार्टियों चाहे वह राष्ट्रीय हो या क्षेत्रीय दल हो सभी मुसलमानों को छलने का काम किए हैं जिससे मुस्लिम समाज आहत है । कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहूल गांधी का कहना है कि जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी भागीदारी लेकिन उनके नेतागण इसको घरातल में नहीं उतार रहे हैं।

बैठक में एक 21 सदसीय कोर कमेटी का भी गठन किया गया। जिसकी बैठक शुक्रवार को रातू मे होगी । बैठक में मुख्य रूप से रांची अंजूमन के सदर मोकतार अहमद मुस्फा अन्सारी आजम अहमद मुंतज़िर अहमद रजा,जाकिर अंसारी सदर ,कमरुल हक,जावेद अख्तर, अमन शोसाईटी के अत्ताउल्लाह हक खालीक खान मोहम्मद असलम पार्षद ऐनुलहक अन्सारी शमीम अली,सलीम अंसारी, शमीम बड़ेहार, जाकिर अंसारी, अतहर इमाम, इम्तियाज ओहदार फारूक खान अनवारूल अंसारी मेराज अन्सारी शाहीद अयुबी नसीम अन्सारी रहीम अन्सारी इत्यादि ने बिचार प्रकट किए जबकि मौके पर सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा
(डाक मतपत्र–सह–मतपत्र कोषांग, चतरा)

कार्यालय आदेश

आसन्न लोकसभा आम चुनाव, 2024 के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार निर्वाचन कार्य में नियुक्त सभी कर्मी को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु संबंधित प्रतिभागियों के लिए तिथि एवं समय निर्धारित की जाती है जो निम्नवत है :–

| क्र० | प्रतिभागियों का विवरण | प्रतिभागियों की संख्या | तिथि | समय | प्रशिक्षण स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BLO | 193 | 26.04.2024 | 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे अपराह्न तक | डी0एम0एफ0टी0 प्रशिक्षण हॉल |
| 2 | Essential Service | 178 | | 12:00 बजे अपराह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक | |
| 3 | FST/VST/VVT/SST /AT/OT/MO | 114 | | 02:00 बजे अपराह्न से 3:00 बजे तक | |

उपरोक्त प्रतिभागियों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक–26.04.2024 को निर्धारित तिथि एवं स्थल पर ससमय पहुँचकर उक्त प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे ताकि पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने में किसी भी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

नोडल पदाधिकारी,
डाक मतपत्र–सह–मतपत्र कोषांग, चतरा

PR 324104 Election(24-25)#D

# शातिर ठग गिरफ्तार 1.74 लाख रुपये बरामद

**रांची :** रांची की लालपुर थाना पुलिस ने एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। वह अपने आप को कृषि विभाग का पदाधिकारी बताकर लोगों से ठगी करता था। शातिर ठग का नाम दीपक कुमार श्रीवास्तव है। इसके पास से एक लाख 74 हजार 500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। साथ ही इसके पास से तीन मोहर, जिस पर कृषि निदेशक झारखंड, जिला कोषागार पदाधिकारी धनबाद और जिला योजना पदाधिकारी धनबाद लिखा है, बरामद किया है। इसके अलावा अलग-अलग व्यक्ति का आधार कार्ड, सात पासबुक, 10 खाली चेक तथा चार मोबाइल फोन बरामद किया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शातिर ठग दीपक कुमार श्रीवास्तव मोरहाबादी मैदान में आकर कृषि विभाग का पदाधिकारी बताकर ठगी कर रहा है। साथ ही सरकारी विभाग का स्टांप-मोहर भी रखे हुए है। वह कई थानों के दर्ज मामले में वांछित है। सूचना के बाद लालपुर थाना प्रभारी आदिकांत महतो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने शातिर ठग को मोरहाबादी मैदान में पकड़ लिया। इसके बैग से ठगी किया हुआ पैसा सहित अन्य सामान बरामद किया है। पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि बरामद मोहर, पासबुक, चेक का उपयोग वह ठगी के लिए करता है।

एसएसपी ने बताया कि लालपुर थाना के एक पुराने मामले (कांड सं0-258/17) में विगत छह वर्षों से वह फरार था। इसका स्थायी पता उपलब्ध नहीं रहने के कारण पुलिस ठग को पकड़ नहीं पा रही थी। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में कल्याण विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर कुल 155 लोगों से 75 लाख 65 हजार रुपये की ठगी की गई थी। आरोपित ने पैसे की लालच में ठगी करता था।

एसएसपी ने बताया कि कांके होचर के एक वकील से 12 लाख रुपये ठगी करने के मामले में आरोपित को पांच वर्ष की सजा भी हुई है। आरोपित पांच साल तक होटवार जेल में था। जेल से बाहर निकलने के बाद फिर से ठगी करने लगा।

# रांची में 30 अप्रैल से राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का आयोजन

**रांची :** रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में 30 अप्रैल से देश की पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग (एनडब्ल्यूएचएल) का आयोजन होगा। यह नौ मई तक खेला जाएगा। इसमें युवा महिला खिलाड़ियों के हाथों हॉकी स्टिक का जादू देखने को मिलेगा।

हॉकी झारखंड के प्रमुख और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग हमारे महिला खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने और घरेलू स्तर पर उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। लीग का चरण-1 रांची में 30 अप्रैल से 9 मई 2024 तक आयोजित होगा जो देश में महिला हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। अपनी तरह का यह पहला




घरेलू लीग टूनामेंट होगा। इसमें देश की शीर्ष महिला हॉकी प्रतिभाओं का रोमांचक प्रदर्शन दिखेगा।

एनडब्ल्यूएचएल का लक्ष्य खेल को ऊपर उठाना और स्थापित तथा महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए एक मंच प्रदान करना भी है। उद्घाटन चरण में हाल ही में संपन्न 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष आठ टीमों को शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि हॉकी लीग में हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड (मेजबान), हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की टीम शामिल है। सभी टीमें एक-दूसरे से एक-एक मैच खेलेंगी। युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए लीग में अंडर-21 आयु वर्ग की खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। जमीनी स्तर के खिलाड़ियों के विकास और भविष्य की पीढ़ी के हॉकी सितारों पर मजबूत फोकस करना इसका लक्ष्य है।

हॉकी इंडिया के महासचिव सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग न केवल महिला हॉकी के लिए बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए भी एक गेम चेंजर साबित होगी। यह टूर्नामेंट राष्ट्रीय टीम के लिए प्रतिभाओं की पहचान और पोषण के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में भी उपयोगी साबित होगा। इस प्रतियोगिता के लिए टीमों का आगमन 28 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। पांच टीमों को मोरहाबादी स्थित होटल पार्क प्राइम और 3 टीमों को होटल ली लैक में ठहराया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर का किए जाने का प्रयास होगा। लाइव टेलीकास्ट भी होगा। निर्धारित दिनों में मैच सुबह 7 बजे, दोपहर बाद 4 बजे, 6 बजे और 8 बजे होंगे।

## संक्षिप्त

### कैश कांड में आरोपित अधिवक्ता राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची :** कोलकाता कैश कांड में आरोपित झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई।अदालत ने सुनवाई के बाद राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने तीन फरवरी को कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस पर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया है। इसपर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया है। राजीव कुमार ने चार अप्रैल को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस मामले में अमित अग्रवाल जेल में है। राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था।

### हत्या मामले के मुख्य आरोपित छोटू कुजूर की जमानत याचिका खारिज

**रांची :** अपर न्यायायुक्त मनोज चंद्र झा की अदालत ने गुरुवार को बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपित छोटू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। छोटू कुजूर जमीन कारोबारी कमल भूषण और उनके एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले में आरोपित है। कमल भूषण की हत्याकांड के बाद लगभग डेढ़ साल तक वह फरार था। कोर्ट के आदेश पर जब पुलिस छोटू कुजूर के घर कुर्की जब्ती करने पहुंची तभी गुप्त सूचना के आधार पर गुमला से उसे गिरफ्तार किया गया था।

हत्याकांड मामले में छोटू कुजूर के भाई डब्लू कुजूर और और भतीजा राहुल कुजूर की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है छोटू कुजूर, डब्लू और राहुल कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से अपने घर लौट रहे थे उसी दौरान रातू रोड काली मंदिर के पास गोली मार कर उसकी हत्या कर दी गयी थी।

### इक्फाई विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ 4 मई को

**रांची :** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड के तत्वावधान में 4 और 5 मई, 2024 को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को सद्भाव बनाने और बनाए रखने के लिए आवश्यक कौशल और अंतर्दृष्टि से लैस करने के लिए महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया जाएगा। कुलपति प्रो. (डॉ.) रमन कुमार झा ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य व्यक्तियों को सकारात्मक और सामंजस्यपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक उपकरण और रणनीतियां प्रदान करना है। कार्यशाला के संयोजक- डीन (छात्र कल्याण), डॉ.एस चौधरी ने बताया कि यह कार्यशाला एनईपी 2020 के पांच मार्गदर्शक स्तंभों- पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है। डॉ.एस चौधरी ने बताया कि गहरी बातचीत में शामिल होकर - ऐसी बातचीत जो सीमाओं को आगे बढ़ाती है, जिज्ञासा जगाती है और समझ को बढ़ावा देती है। हम अधिक प्रभावशीलता के लिए अपनी सहज क्षमता का लाभ उठा सकते हैं। ये बातचीत न केवल हमारे भीतर बल्कि हमारे रिश्तों, कार्यस्थलों और समुदायों में भी परिवर्तनकारी परिवर्तन को खोलने की कुंजी रखती है।

### इटकी के घर घर मतदाता सुची वितरण अभियान शुरू, अधिकारियों ने लिया मतदाता शपथ

**इटकी :** प्रखण्ड के सभागार में गुरुवार को लोक सभा चुनाव को लेकर प्रशासन द्वारा आयोजित बैठक में घर घर मतदाता परची वितरण और बुथों पर उपलब्ध सुविधा को लेकर समीक्षात्मक बैठक सीओ विजय कुमार की अध्यक्षता में गई। प्रखण्ड के प्रत्येक गांव के मतदाताओं के घर घर पहुंच कर मतदाता परची वितरण 25 अप्रैल से 7 मई की जायेगी।




इस मतदाता परची वितरण अभियान के लिए कई रूप रेखा तैयार की गई। सीओ विजय कुमार ने चुनाव से जुड़े संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को मतदाता परची वितरण के दौरान अनुपस्थित, स्थानातंरित और मृत मतदाताओं का सुची बनाने का निर्देश जारी किया। मतदाता परची का वितरण कार्य बीएलओ के माध्यम से किया जायेगा। इधर प्रखण्ड के सभी 49 बुथों पर प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी बुनियादी सुविधाओं पर समीक्षा की गई । सीओ ने पिछले दिनों अधिकारियों को 16 अप्रैल तक सभी मतदान केन्द्रों में पानी बिजली, शौचालय, टेबल कुर्सी, मतदान केन्द्र तक पहुंच सड़कों सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश जारी किया था। बैठक में सभी उपस्थित लोगो को मतदाता सपथ दिलाया गया। मौके पर बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग, बीएसओ हेमन्त टोप्पो, बीपीआरओ रईस मलिक, प्रवेक्षक, वीएलओं,बुथ अवेयरनेश ग्रुप, वार्ड सदस्य, पंचायत जन प्रतिनिधि सहित कर्मचारी अधिकार थे। 004

# मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के लिए 26 अप्रैल तक का समय

**रांची :** मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के लिए एक दिन 26 अप्रैल तक का समय दिया गया है।

जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल को सुबह छह से नौ बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए एक दिन का समय है। गुरुवार सुबह छह से नौ बजे




तक ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें -118 नये मतदाता फॉर्म लेकर गए। शुक्रवार को भी सुबह छह से नौ बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने भी कैंप लगेगा। जो लोग अपना नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़ पाए हैं। वे आयु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, रंगीन पासपोर्ट की फोटो के साथ कल एक फॉर्म भर सकते हैं।

# सरला बिरला के छात्रों का जेईई मेन्स अप्रैल-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रांची :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने जेईई मेन्स अप्रैल-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, धैर्य पांडे ने 98.9870230 पर्सेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया, उसके बाद अपूर्बो रॉय ने 98.8447182 पर्सेंटाइल, आयुष राज यादव ने 98.7884367 पर्सेंटाइल, बुट्टा नागा वेंकट कृष्णा ने 97.9357413 पर्सेंटाइल, आर्यमान कुमार ने 97.6370999 पर्सेंटाइल, तीर्थ श्रेष्ठ




96.7736114 पर्सेंटाइल, शिवम मिश्रा 96.6872740 पर्सेंटाइल, सुधांशु कुमार 96.3091710 पर्सेंटाइल, रणवीर राज 95.9133237 पर्सेंटाइल, रूपेश आनंद 95.4146232 पर्सेंटाइल, भूमि केशरी 95.3957983 पर्सेंटाइल, प्रवु समर्पिता नायक 93.9703785 पर्सेंटाइल, आकर्ष कुमार सिंह 92.6028770 पर्सेंटाइल और सौरभ तिवारी ने 92.4346213 पर्सेंटाइल हासिल कर स्कूल की शान बढ़ाई है।

प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों तथा शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को अगले स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं।

### तस्कर गिरफ्तार, 3.02 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद

**रांची :** रांची की सदर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम अभिषेक जायसवाल है। इसके पास से 3.02 ग्राम ब्राउन शुगर और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देशन और सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम गठन किया गया। टीम ने प्राप्त सूचना के आधार पर बांधगाड़ी स्थित मंदिर के पीछे मिलन चौक से एक व्यक्ति को पकड़ा। जांच के क्रम में उसके पॉकेट से छोटे-छोटे पुड़िया में ब्राउन शुगर को बरामद किया गया। पूछने पर उसने बताया कि वह ब्राउन शुगर को 500 से 600 रुपये प्रति पुड़िया की दर से बिक्री करता है। पूछताछ में और कई जानकारियां मिली हैं उसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# झामुमो ने उपायुक्त को लिखा पत्र, चुनाव सामग्री संबंधित टेंडर रद्द करने की मांग की

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को पत्र लिखकर टेन्ट, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी से संबंधित टेंडर राजनैतिक दल से जुड़े व्यक्ति को दिए जाने के कारण टेंडर रद्द करने की मांग की है।

झामुमो जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने गुरुवार को पत्र में लिखा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थियों के जरिये प्रस्तुत किये जाने वाले नामांकन फॉर्म, चुनाव प्रचार, ईवीएम रेंडमाइजेशन, अन्य क्रिटिकल घटनाओं, सामग्री वितरण, वापसी एवं मतगणना आदि के लिए वेबकास्टिंग एवं सीसीटीवी कैमरे अति संवेदनशील होते हैं। ऐसे में राजनैतिक लाभ लेने के लिए कभी भी इसका दुरुपयोग हो सकता है। ऐसी परिस्थिति में किसी भी राजनैतिक दल से जुड़े व्यक्ति से संबंधित कार्य लिया जाना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। अतः एमएस अजमानी इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को चुनाव संबंधी कार्य से तत्काल प्रभाव से दूर रखा जाये एवं उनको निर्गत टेन्ट, वीडियोग्राफी का मिला टेंडर निरस्त किया जाये।

मुस्ताक आलम ने पत्र में कहा है कि एमएस अजमानी इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कुणाल आजमानी, भाजपा से जुड़े हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, निविदादाता का किसी राजनैतिक दल और अभ्यर्थियों से कोई संबंध नहीं होना चाहिए। यदि इसका उल्लंघन होते पाया गया तो निविदा निरस्त कर दी जायेगी। उन्होंने पत्र के माध्यम से आजवानी के सोशल मीडिया पर डाली गई तस्वीर को भी उपायुक्त को प्रमाण के तौर पर सौंपा है।

### मतदान दिवस के लिए वाहन प्रबंधन रखें सही, नागरिकों को न हो कोई असुविधा : के. रवि

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने परिवहन विभाग से कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान वाहन प्रबंधन इस ढंग से करें कि मतदान दिवस के दिन माहौल कर्फ्यू जैसा न रहे। आम नागरिकों को आवागमन में कोई असुविधा न हो, इसका हर संभव ध्यान रखें। आम नागरिक सहित चुनाव कार्य से जुड़े मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा बलों को चुनाव ड्यूटी के दौरान आवागमन में कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए असेसमेंट कर 26 अप्रैल तक वाहन प्रबंधन से संबंधित रिपोर्ट सौंपना सुनिश्चित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन से सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव, सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी संग वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वाहन प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को लाने के लिए भी पुख्ता इंतजाम रखें, ताकि मतदान केन्द्र पर अक्षम मतदाताओं को सुविधा हो और वे उत्साहपूर्ण तरीके से मतदान केन्द्र तक पहुंचे।

# रांची-हावड़ा एक्सप्रेस 28 और 29 अप्रैल को डायवर्ट होकर चलेगी

**रांची :** दक्षिण पूर्व रेलवे में आद्रा-खड़गपुर रेलखंड के पियारडोबा स्टेशन पर चलने वाले यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। एक्सप्रेस बांकुड़ा तक ही चलेगी। फिर वहीं से वापस गोमो आ जाएगी। ट्रेन नंबर 18024 गोमो-खड़गपुर एक्सप्रेस 26, 27, 28, 29 अप्रैल और ट्रेन नंबर 18023




कुछ का आंशिक सपामन भी किया गया है। ट्रेन नंबर 18628 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस, बोकारो-चंद्रपुरा-महुदा-भोजूडीह-आद्रा-बांकुड़ा की बजाय कोटशिला-पुरुलिया-चांडिल-टाटा-खड़गपुर होकर 28 और 29 अप्रैल व ट्रेन नंबर 18627 हावड़ा-रांची एक्सप्रेस वापसी में खड़गपुर-टाटा-चांडिल- पुरुलिया-कोटशिला होकर चलेगी। वहीं दूसरी ओर गोमो-खड़गपुर खड़गपुर-गोमो एक्सप्रेस, बांकुड़ा से ही पांच दिन वापस गोमो के लिए चलेगी। वहीं यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन का 30 जून तक विस्तार किया है। ट्रेन नंबर 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक मई से 30 जून व ट्रेन नंबर 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल ट्रेन का 30 अप्रैल से 29 जून तक विस्तार किया गया है।

# हथियार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**रांची :** रांची की सदर थाना पुलिस ने हथियार के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों में मोइन अंसारी और गुलबसर अंसारी के नाम शामिल हैं। दोनों ठाकुर गांव थाना क्षेत्र के मनातू गांव के रहने वाले हैं। इनके पास से एक लोडेड देशी कट्टा, एक बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो बदमाश हथियार लेकर किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। सूचना के बाद सिटी एसपी



राजकुमार मेहता के निर्देशन और सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़गाई स्थित छठ तालाब के पास बाइक से जा रहे दो युवकों को पकड़ा। तलाशी लेने पर इनके पास से एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया।

# मतदाता जागरूकता को लेकर प्रशासन ने निकाला कैंडल मार्च

**इटकी :** इटकी में बुधवार की शाम करीब आठ बजे स्थानीय प्रशासन ने मतदाता जागरूक्ता को लेकर कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च मौसीबाड़ी स्थल से शुरू होकर गुलजार रोड, बाजार परिसर, महाबीर चौंक होते बालिका उच्च विद्यालय तक पहुंचा।

जागरूकता कार्यक्रम में शामिल लोग मतदाताओं को अपना मताधिकार का प्रयोग करने का अपील कर रहे थे।

कैंडल मार्च में बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग, सीओ विजय कुमार, बीएसओ हेमन्त एकका, सभी बीएलओ, प्रवेक्षक और बुथ अवेयरनेश ग्रुप के सदस्य सहित कर्मचारी अधिकारी शामिल थे।

# छात्र छात्राओं से दुर्व्यवहार करने से नाराज ग्रामीणों ने स्कूल शिक्षक के खिलाफ मोर्चा खोला

**खलारी :** मायापुर पंचायत के कोनका गांव स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय यूं डायस कोड (20142401302 ) में पढ़ाई में लापरवाही बरतने सहित अन्य कई मामले को लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार को मोर्चा खोला। मामले से संबंधित जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में लगातार स्कूली बच्चियों के साथ पारा शिक्षक रुपेश गिरि दुर्व्यवहार एवं उचित शिक्षा नहीं देने के कारण लगातार बच्चे स्कूल से ड्रॉप आउट हो रहे हैं जिससे स्थानीय बच्चों के अविभावकों अपने बच्चों के शिक्षा को लेकर काफी परेशान हैं वहीं पूर्व में भी श्री गिरि के कारनामे को लेकर प्रखंड तथा जिला में ग्रामीणो के द्वारा लिखित शिकायत की संबंधित अधिकारी के सर पर जूं तक नहीं रेग रही वहीं खराब शिक्षा व्यवस्था और ड्रॉप आउट हो रहे स्कूली बच्चों पर अविभावकों ने सवाल उठाते हुए कहा कि शिक्षा के नाम पर विद्यालय सिर्फ और सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है जहां सरकारी वेतन का लाभ ले रहे हैं और बच्चों के शिक्षा के प्रति विद्यालय के शिक्षक सजग नहीं है दिख रहे हैं क्योंकि विद्यालय में लगातार बढ़ती हुई ड्रॉप आउट यह दर्शा रही है कि शिक्षक और विद्यालय के छात्र-छात्राओं के प्रति सने हा एवं शिक्षा पर लोगों को जागरूक करने तथा उचित शिक्षा देने पर कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई दे रही है जिससे विद्यालय के आसपास गांव के बच्चे लगातार विद्यालय छोड़कर घर पर ही रह रहे हैं वही कुछ बच्चे अपने अभिभावकों को अपने विद्यालयों की शिक्षा को अन्य विद्यालयों की तुलना में खराब बताते हुए दूसरे विद्यालय में नामांकन करने की बात करते हैं साथ ही रुपेश मिश्रा के द्वारा की जा रही कारनामों को अपने अभिभावकों से साझा किया जिस पर पूर्व में कई बार अभिभावकों के द्वारा समझा बूझकर विद्यालय भेज दिया जा रहा था लेकिन लगातार 6 महीने से विद्यालय में बच्चे ना के बराबर हैं तथा विद्यालय जाने से छात्र छात्राएं कतरा रही हैं छात्राओ के साथ हो रहे इस दुरव्यवहार से तंग परेशान ग्रामीणों ने दोबारा अपनी शिकायत लेकर पुनः विद्यालय पहुंचे जहां उन्होंने विद्यालय प्रबंधन के साथ-साथ विद्यालय शिक्षक को छात्र-छात्राओं की समस्याओं को रखा। समस्याओं को रखते हुए कौन का पंचायत निवासी नंदू गंझू ने कहा कि विद्यालय में लगातार छात्र-छात्राओं के साथ ध्रुव व्यवहार किया जा रहा है श्री गिरी के द्वारा एवं शिक्षा की गुणवत्ता को भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे हमारे बच्चे विद्यालय आने से कतरा रहे हैं। वहीं अन्य उपस्थित ग्रामीणों ने रुपेश गिरी के द्वारा विद्यालय के बच्चो के साथ की जाने वाली व्यवहार से परेशान होकर उन्हें हटाने की मांग की। मौके पर वि विद्यालय निरीक्षण करने पहुंचे विद्यालय के (क्लस्टर रिसोर्स पर्सन) संकुल संधान सेवी दीपक कुमार के समक्ष अपनी शिकायतों को रखा ग्रामीण और छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की बातों को सुनकर श्री कुमार ने ग्रामीणों को आश्वास्त करते हुए कहा कि मैं विद्यालय निरिक्षण में आया था जहां ग्रामीण अपने बच्चों की समस्याओं को रखते हुए कहा मैं जब विद्यालय पहुचा तो पाया कि रुपेश गिरि विद्यालय में उपस्थित नहीं है और अनुपस्थित नहीं रहने का कोई आवेदन भी भी में नहीं है जिसे लेकर मैं उपर के उच्च अधिकारियों को आवेदन की गई है।

# अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में झारखंड हाई कोर्ट से राहुल गांधी को बड़ी राहत

**रांची :** भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को झारखंड हाई कोर्ट से गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने चाईबासा सिविल कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। साथ ही अदालत ने निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर भी रोक लगा दी है। वहीं न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने इस केस के सूचक को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

यह मामला भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में देश के गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने से जुड़ा है।



चाईबासा सिविल कोर्ट ने 27 फरवरी को अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। जिसके खिलाफ राहुल गांधी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। राहुल गांधी की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने बहस की।

# विधानसभा कोर कमेटी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक कोडरमा विधायक मौजूदगी में संपन्न

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा विधानसभा की कोर कमेटी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास पर हुई। बैठक में मुख्य रूप से कोडरमा विधायक सह कोडरमा विधानसभा संयोजक डॉ नीरा यादव उपस्थित हुई। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव तथा संचालन जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने किया। बैठक में डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 मई को 11ः00 बजे गिरिडीह में अपना नामांकन करेगी। और वहां के सर्कस मैदान में एक आमसभा भी रखी गई है। जिसमें केंद्रीय मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, एवं गठबंधन के नेता गण उपस्थित रहेंगे। कोडरमा विधानसभा से अधिक से अधिक कार्यकर्ता नामांकन में जाएंगे




उसके लिए भी रणनीति बनाई गई। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि 1 मई 2024 को सतगावां के बासोडीह बाजार में प्रदेश अध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय बाबूलाल मरांडी की सभा होने जा रही है उसकी तैयारी की रणनीति बनाई गई एवं मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिया गया की 2 मई को आदरणीय अन्नपूर्णा देवी के नामांकन की तैयारी के लिए आप पंचायत संयोजक ,सह संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों की सूची बनाएं की हर पंचायत और बूथ से कार्यकर्ता नामांकन के दिन गिरिडीह चले एवं 3 तारीख को सभी मंडलों में चुनाव के लिए कार्यालय खोला जाए। कार्यक्रम में उपस्थित कोडरमा विधानसभा प्रभारी विनय सिंह, विधानसभा सह संयोजक रामनाथ सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि मोदी, विजय साव,पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश राम,वीरेंद्र सिंह , जिला महामंत्री राजकुमार यादव, शिवेन्द्र नारायण सिन्हा, विरेन्द्र मेहता, राजकुमार यादव, सुधीर यादव,जिला मिडिया प्रभारी चन्द्रशेखर जोशी, रामचन्द्र राम,कोडरमा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह, नरेन्द्र पाल, विजय यादव, मुकेश कुमार, सुरेन्द्र यादव, महेश वर्मा, जयशंकर प्रसाद, राजेश सिन्हा, द्वारिका राणा, रामदेव मोदी , विजय राणा, आदि उपस्थित हुए।

## इनर व्हील क्लब कोडरमा के द्वारा 27 एवं 28 अप्रैल को मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता झुमरी** तिलैया, रोटरी भवन पानी टंकी रोड में इनर व्हील क्लब कोडरमा के द्वारा दिनांक 27 एवं 28 अप्रैल को मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का कैंप लगाया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों के द्वारा विभिन्न रोगों का इलाज किया जाएगा शहर की प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर संगीता प्रसाद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अलंकृता मंडल डॉक्टर श्रद्धा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ भारती एवं डॉ अजय सेठ जनरल फिजिशियन डॉक्टर अभिषेक कुमार दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सागरमनी सेठ चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर समीक्षा इस शिविर में रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों का इलाज करेंगे मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार इस मौके पर मौजूद रहेंगे कार्यक्रम की परियोजना निदेशक रंजीता सेठ एवं आरती आर्य ने बताया कि इनर व्हील क्लब कोडरमा जिले में स्वास्थ्य सेवा के लिए हमेशा जागरूक रहती है और समय-समय पर जनहित में स्वास्थ्य शिविर कैंप लगती है यदि किसी लोगों को भी अपना रजिस्ट्रेशन करना हो तो मोबाइल नंबर 70046 8 2019 रंजीता सेठ एवं 9939 5 9573 5 आरती आर्य एवं 9973 5 1947 1 मुक्ता बरहपुरिया एवं 93345 26591 माला दारूका पर संपर्क कर सकते हैं।

## ग्रामीणों ने अपने दम पर बनाय सड़क, छाया खुशी का महोल



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** जिला के सुदूरवर्ती प्रखंड सतगावां के ग्राम पंचायत राजावर के ग्राम जागोपहरी में काई वर्षो से नेताओं ने सड़क का लालसा देकार चाले जाते थें। और वहाँ के लोगों को गॉव जाने के लिए काफी परेसानी का सामना कारना पर रहा था। गॉव जाने के लिए सड़क नही रहने के करण ग्रामीणों काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज सपना सकार हुआ और वहां के ग्रामीण अपने दम पर सड़क बनाने का काम किया। जिसके चलते वहां के स्कुल जाने के लिए छात्र -छात्रों एवं अंगनबाड़ी के बच्चे को जाने की सुविधा मिले।जिसे ग्रामीण पुरुष महिला ने पूरी ताकत लगा कर पुनः सड़क बना दिया। मालूम की सड़क के बिच मे नीतीश कुमार के निजी जमीन होने के कारण विबाद हुआ था। लेकिन मौके पर प्रशासन पंहुचा दोनों पक्ष को स्थानीय थाना बुलाया कर समझा बूझकर मामला शांत कर दिया। जिससे ग्रामीणों में खुशी देखने को मिला। पर नेताओं को मुंह तोड़ जवाब देने का काम किया। मौके पर निम्नलिखित लोग उपस्थित थे नौलेश प्रजापति पिंटू प्रजापति, मुकेश कुमार, सोनू कुमार संगीता देवी, पूजा कुमारी, अंकित कुमार, मंजू देवी इत्यादि।

## सिमडेगा के कदमटोली में मां दुर्गा की अष्टधातु की मूर्ति की हुई चोरी

**सिमडेगा** ः कुरडेग बथाना क्षेत्र के कदमटोली स्थित मां दुर्गा मंदिर से अष्टधातु की मां दुर्गा की प्रतिमा की चोरी की गई है। इस घटना से लोगों में आक्रोश है। चोरी बीते रात को गई है। गुरुवार सुबह पूजा के लिए गांव के लोग जब मंदिर पहुंचे तो अष्टधातु की मां दुर्गा की प्रतिमा गायब मिली। इसके बाद पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विधि व्यवस्था चौपट हो गई है। जिस कारण मंदिर से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द चोरी हुई मां दुर्गा की प्रतिमा को बरामद कर मंदिर में स्थापित किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में माहौल बिगाड़ने की नीयत से बार-बार कदम टोली के दुर्गा मंदिर को निशाना बनाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन इसे गंभीरता से ले। फिलहाल पुलिस ने चोर की तलाश में जुटी है। पुलिस डॉग स्क्वायड का सहारा भी ले रही है। फोरेंसिक जांच टीम ने भी मंदिर पहुंचकर जांच की है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 2018 में भी कदमटोली स्थित दुर्गा मंदिर से अष्टधातु की मां दुर्गा की प्रतिमा की चोरी हुई थी। पुलिस ने 15 दिनों के बाद चोरी हुई प्रतिमा को बरामद किया गया था।

## चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटि रहित संपन्न कराने मे आपकी भुमिका अहमः जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** लोकसभा निर्वाचन 2024 के आलोक में मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में मतदान पदाधिकारी द्वितीय को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज और उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन का दौरा किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उन्होंने सभी पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटि रहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बात का बारीकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने की बात कही। साथ ही मशीन के एरर पर ध्यान देने और उसका निराकरण करना सीख लेने का निर्देश दिया। मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत के द्वारा मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मतदान के एक दिन पूर्व, मतदान के दिन का कार्य, वास्तविक मतदान के पूर्व का कार्य, वास्तविक मतदान की प्रक्रिया, सीलिंग का प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट की जानकारी समेत अन्य बिंदुओं पर पूरी तरह से प्रशिक्षण दिया गया। आज 450 मतदान पदाधिकारी द्वितीय को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजूर समेत मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।

## विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता सतगावां।** विश्व मलेरिया दिवस पर जिला स्वास्थ्य समिति कोडरमा के तत्वावधान में गुरुवार प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पोखरडीहा में विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मलेरिया से बचाव ,लक्षण तथा इसके उपचार पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। मौके परः वार्डेन-प्रतीक्षा मिंज, शक्ति कुमार , सी.एच.ओ हाकिम सिंह,एम.पी.डब्लू.सह एम.टी.एस सोनू कुमार,पी.डब्लू.-विश्व दीपक सान्याल ,गणेश कुमार ,कौलेश्वर कु.रविकर ,गुड़िया कुमारी, काजल कुमारी,नेहा कुमारी प्रीति कुमारी,करीना कुमारी समेत कई शिक्षक व छात्रायें मौजूद थे।

## श्री रामकृष्ण शारदा आश्रण शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में व्याख्यान माला का तीसरा दिन सम्पन्न

**हज़ारीबाग़** - श्री रामकृष्ण शारदा आश्रण शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में छः दिवसीय व्याख्यान माला शीर्षक भारतीय शिक्षा पद्धति का तीसरा दिन भी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस व्याख्यान माला का विषय था ङ्क उच्च शिक्षा एवं समाज । आज मुख्य वक्ता के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय से शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ0 मृत्युंजय प्रसाद पधारे। परम्परानुसार कार्यक्रम का प्रारंभ स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर पुष्पार्पण के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 समाप्ति पॉल मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ व शॉल से सम्मानित किया। महाविद्यालय के छात्राओं ने नृत्य से उनका अभिनन्दन किया।




सहायक प्राध्यापक विवेकानन्द पाण्डेय ने मुख्य अतिथि को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो मृत्यु पर विजय पा ले वह मृत्युंजय है। ये अपने ज्ञान से विजय प्राप्त किए हैं। मुख्य अतिथि डॉ0 प्रसाद ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली कोई पूजा पद्धति नहीं है बल्कि वैज्ञानिकता और समाजिकता जब एक जगह संग्रहित होती है तो उसे भारतीय ज्ञान प्रणाली कहते हैं। उन्होंने गुरू की महत्ता बताते हुए कहा कि जो संभावना को संभव बना दे वही गुरू है औरजो अपनी मातृभाषा को नहीं जानता वो अपनी मातृभूमि का पुत्र नहीं हो सकता। कार्यक्रम में उद्घोषक की भूमिका में अभिषेक कुमार पाठक और दीपक कुमार मेदिया ने कुशलतापूर्वक निभाई । धन्यवाद ज्ञापन में सहायक प्राध्यापिका डॉ0 सत्या सिंह ने दिया सभी विद्वान शिक्षकगण को उनके प्रोत्साहन व छात्रों को अनुशासन हेतु धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 समाप्ति पॉल सहित मुख्य अतिथि डॉ0 मृत्युंजय प्रसाद, आईक्यूएसी समन्वय डॉ0 परीक्षित लायक, डॉ0 अपोलिना बाखला, तनिमा प्रिया, विवेकानन्द पाण्डेय, सुबोध कुमार दुबे, सुनील कुमार सोना, दयानन्द यादव, गोपाल राम, अरविन्द मालाकार, सत्यजीत बेरा, प्रितेश श्रीवास्तव तथा एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 शशिकान्त यादव, अमित कुमार, पंकज कुमार, संजय कुमार, मंजरी कुमारी, सुषमा कुमारी, श्वेता कुमारी, रविकान्त मणि एवं दोनो महाविद्यालय के प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित थे।

## पत्रकार स्वर्गीय उपेंद्र नाथ मालाकार के 7 वीं पुण्यतिथि पर समारोह का आयोजन




**बड़कागांव** ः बड़कागांव के पत्रकार स्वर्गीय उपेंद्रनाथ मालाकार के सातवीं पुण्यतिथि पर वरिष्ठ पत्रकार ऊग्रसेन गिरी की अध्यक्षता में एयरटेल कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित पत्रकारों ने स्वर्गीय मालाकार के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके पत्रकारिता जीवन के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। पत्रकारों ने कहा कि स्वर्गीय मालाकार एक निर्भीक एवं निडर पत्रकारिता करते हुए क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का उजागर करते रहते थे। अपने जीवन काल में पैदल एवं साइकिल से क्षेत्र की भ्रमण करते हुए समस्याओं एवं समाचार का संकलन करते थे। इस अवसर पर पत्रकार ऊग्रसेन गिरी, शिव शंकर कुमार, संजय सागर, नरेश कुमार, दीपक सिंहा,अशोक शर्मा, पिंटू कुशवाहा, विकास रंजन, संजय राम सहित अन्य लोग शामिल थे।

## अपराध मुक्त व तस्करों के खात्मे के लिए जनप्रतिनिधि महत्वपूर्ण कड़ी : थाना प्रभारी

**चौपारण** ः थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रखण्ड के जनप्रतिनिधियों के साथ थाना परिसर में बैठक की। जिसमें प्रखण्ड के अधिकांश मुखीया व पंसस प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मौके पर थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने जनप्रतिनिधियों को आने वाली कानूनी समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आपके क्षेत्र में अगर कोई भी अपराधिक घटना की जानकारी मिलती है तो फौरन आप मुझे सूचीत करें। उस पर त्वरित समाधान का प्रयास करूंगा। इसके अलावा बैठक में जनप्रतिनिधियों से विचार व सुझाव का भी आदान प्रदान किया गया। थाना प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि इससे पुलिस व जनता के बीच की दूरी कम होगी और दोनों साथ मिलकर समाज को बेहतर सुरक्षा ब्यववस्था दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस के सामने वर्तमान में चुनौतियां बड़ी है सभी नागरिक कानून ब्यववस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग दें। साथ ही उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का भी यह फर्ज होना चाहिए कि समाज के बेहद गरीब और कमजोर तथा जरूरतमन्द ब्यक्ति को हर हाल में न्याय मिले ताकि उसका न्याय और कानून पर भरोसा बना रहे। साथ ही अपने अपने क्षेत्र में निगरानी रखने एवं पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। थाना प्रभारी के आने से अपराध में आई कमी वहीं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि आपके थाना में प्रभार लेने व लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के बाद चौपारण क्षेत्र में अपराध में बहुत कमी आई है। क्षेत्र में हर तरफ आपके बेहतर कार्य की चर्चा हो रही है। लोगों को भी कानून के प्रति भरोसा जगा है। इससे पहले इन्फॉर्मेशन देने के बाद भी कोई कारवाई नहीं होती थी और अपराधियों और तस्करों का बोल बाला बढ़ता जा रहा था और पूरे क्षेत्र में भय का माहौल ब्याप्त हो गया था। जिसे आप दूर करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि भी आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार हूं। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, मुखीया जानकी यादव,मन्टू सिंह,रेखा देवी, ममता देवी, सुनीता देवी,प्रतिनिधि बिनोद सिंह, अभिमन्यु भगत, रणवीर भगत, परमेश्वर साव,दशरथ गोप, पूर्व मुखीया मोहन साव, पंसस सहदेव यादव सहित कई जनप्रतिनिधियो ने अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए शुभकामनाओं के साथ मदद करने का आश्वासन दिया।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे एवं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में कोडरमा लोकसभा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह के पक्ष में कोडरमा प्रखंड के गझंडी पंचायत के बूढ़ी टांड़ जुमकागढ गोरियातो मैं चलाया जनसंपर्क अभियान तथा लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोडरमा लोकसभा विकास में कॉस दूर है इस बार विनोद कुमार सिंह को एक-एक वोट देकर विजय बनाने की आवश्यकता है ताकि कोडरमा लोकसभा का भविष्य मायका ढिबरा पलायन बेरोजगारी इत्यादि को देखते हुए एक एक वोट विनोद सिंह को देने की अपील की गई लोगों ने जनसंपर्क अभियान में बताया कि आज तक हम लोगों को सरकार की योजनाएं से काफी दूर रखी गई है इस परिस्थिति में हम सभी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा समर्थित इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीतने का काम करूंगा इस अवसर पर दर्जनों लोग उपस्थित थे जनसंपर्क अभियान में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार युवा मोर्चा जिला सचिव छोटू यादव रंजीत कुमार मोहम्मद नसीम कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष लखन पासवान इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## बोकारो प्राइवेट आई टी आई में प्रशिक्षुओं के लिए कैंपस रिक्रूटमेंट सह प्लेसमेंट ड्राइव -2024 कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो ।** स्थानीय बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगारपरक बनाने के उद्देश्य से बी एस एल के निगमित सामाजिक दायित्व ( सी एस आर ) के तत्वाधान में बोकारो इस्पात शैक्षणिक न्यास द्वारा चलाये जा रहे बोकारो प्राइवेट आई टी आई में प्रशिक्षुओं के लिए कैंपस रिक्रूटमेंट सह प्लेसमेंट ड्राइव -2024 के अंतर्गत दिनांक 20 और 24 अप्रैल को कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया गया , जिसमें लार्सन एंड टुब्रो , कांचीपुरम , तमिलनाडु में 30 प्रशिक्षु एवं सुजुकी मोटर भरुच , गुजरात में 18 प्रशिक्षु चयनित हुए. उपरोक्त मौके पर समस्त कर्मियों के साथ बोकारो स्टील प्लांट के सम्पर्क एवं प्रशासन विभाग के महाप्रबंधक सह -संसथान के सचिव श्री सी आर के सुधांशु तथा वित्त एवं लेखा विभाग के उप महा प्रबंधक -सह -ट्रेजर रमेश चंद्र की गरिमामयी उपस्थिति में सभी चयनित प्रशिक्षुओं को ऑफर लेटर प्रदान किया गया. विदित हो कि कैंपस रिक्रूटमेंट सह प्लेसमेंट ड्राइव -2024 हेतु आगे भी हौंडा, स्पार्क मिण्डा , एक्साइड , टी वी एस जैसी कई बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियां कैंपस सेलेक्शन के लिए आने वाली है। ज्ञातव्य हो कि बोकारो प्राइवेट आई टी आई में सत्र अगस्त 2024 -25 तथा 25 -26 में ट्रेड इलेक्ट्रीशियन के लिए 80, फिटर के लिए 80 तथा वेल्डर के लिए 60 सीट को मिलाकर कुल 220 सीटों के लिए नामांकन मई% 2024 से आरम्भ हो रहा है. प्रशिक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक कौशल विकास हेतु सभी प्रशिक्षुओं को बोकारो इस्पात संयंत्र में ऑन द जॉब ट्रेनिंग भी दी जाती है.

## दहेज हत्या के आरोपी सास -ससुर को 7 वर्ष कारावास, 5000 र जुर्माना भी लगाया

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा-** दहेज के लिए हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने गुरुवार को आरोपी ससुर सरयू यादव , पिता - पिता ललन व सास सुनीता देवी पति सरयू यादव यादव सतगामा जिला- कोडरमा निवासी को 304 ( बी ) आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 7 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। 201/34 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाया। साथ ही 5000 जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाऐ साथ-साथ चलेंगी।

मामला वर्ष 2022 का है । इसे लेकर



सतगावा थाना कांड संख्या 127/ 2022 एवं स्त्र- 94/2022 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया । लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। इसे लेकर मृतक के पिता कोलेश्वर यादव ने सतगावा थाना में मामला दर्ज कराया था । थाना को दिय आवेदन में कहा था कि उसकी पुत्री ममता देवी की शादी वर्ष 2018 में सतगामा निवासी बबलू यादव पिता सरयू यादव के साथ हुई थी । कुछ दिन ठीक रही । इस दौरान उसे दो पुत्री हुई । उसके बाद दहेज के रूप में एक बोलेरो गाड़ी मांगने लगे और देने में असमर्थता जताने पर, मेरी पुत्री को प्रताड़ित करने लगे । इसे लेकर पंचायती भी हुई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। 24/ 10/ 22 को गांव वालों ने फोन किया कि आपकी पुत्री की तबीयत खराब है। मोटरसाइकिल से तुरंत वहां पहुंचा। लेकिन वहां पर कोई नहीं थे। पता चला कि साक्षय मिटाने के उद्देश्य से उसकी पुत्री की ससुराल वालों द्वारा हत्या कर लाश को जला दिया है। उन्होंने थाने को दिये आवेदन में उचित कार्रवाई करने की मांग की थी।

# जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे



ललित गर्ग

यूक्रेन और रूस में शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये भारत ने लगातार शांति प्रयास किये हैं। लेकिन प्रश्न है कि दुनिया को अहिंसा, अयुद्ध एवं शांति का सन्देश देने वाला भारत क्यों हथियारों की दोड़ में शामिल है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना आवश्यक है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, उन्हें अभय बनाकर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए।

शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ किसी खतरे की घंटी से कम नहीं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामाअें से समूचा विश्व भयाक्रांत है, हर पल आणविक हथियारों के प्र्रयोग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिये आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही है। शक्ति संतुलन के लिये शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता। क्योंकि इससे अपव्यय हो होता ही है, साथ ही किसी भी गलत हाथों से दुरुपयोग होने की बहुत संभावनाएं रहती है। ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, वहीं दूसरी तरफ इजरायल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बदल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल भी गूंजना स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों के उपयोग की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल दूसरे ओर भी हैं। स्टॉकहोम इन्टरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर आयी ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। इसका संतोषजनक जवाब शायद ही मिले क्योंकि दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है।

स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिन्ताजनक है। रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में स्र्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। शांति एवं अहिंसा की भूमि पर हथियारों का जमावड़ा उसकी कथनी एवं करनी के भेद को उजागर कर रहा है। ये सवाल स्वाभाविक है कि जब प्रत्येक देश शाांति बनाए रखने की वकालत करता है फिर हथियारों की होड़ लगातार क्यों बढ़ रही है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। वहीं, इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है।



पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिये जिस अपसंस्कृति को उसने दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता कराह रही है, पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड आर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है लगता है 'विश्वमानव' का दम घुट रहा है और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। 2014 में अमेरिका में हत्या के कुल दर्ज करीब सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था।

एक तरफ अमरीका और उसके सहयोगी नाटो देश हैं तो दूसरी तरफ रूस-चीन का गठजोड़ है। तटस्थ रहने वाले देश भी गाहे-बगाहे अप्रत्यक्ष रूप से किसी न किसी खेमे की तरफ झुकाव प्रदर्शित करते रहे हैं। ऐसे में आखिरी उम्मीद संयुक्त राष्ट्र ही रह जाता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र की शक्तियां एवं उद्देश्य कोरे दिखावे के हैं, समूची दुनिया इससे वाकिफ है। वह ऐसे किसी भी संकट में शांति प्रस्ताव पारित कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर पला झाड़ लेता है। वह न तो रूस-यूक्रेन के संघर्ष में और न ही इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष रोकने में कोई सार्थक भूमिका अदा कर पा रहा है। उसके कड़े से कड़े फैसले भी आखिर में महाशक्तियों के वीटो के सामने हथियार डाल देते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट्र कहने को तो दुनिया के देशों का सबसे बड़ा मंच है पर युद्धों को रोकने में उसकी भूमिका नगण्य है। ऐसे में दुनिया में बढ़ते हथियारों की होड़ एवं युद्ध की संभावनाओं को आखिर कौन-कैसे-किसको रोके? जाहिर है, ऐसी परिस्थितियों में तो हथियारों की होड़ बढ़ेगी ही। अमरीका एक तरफ युद्ध की तरफ बढ़ रहे देशों से शांति की अपील करने में सबसे आगे रहता है। लेकिन दूसरी तरफ अमरीकी हथियार कंपनियां तमाम देशों को खरबों रुपए के हथियार बेच रहीं है। इन कंपनियों के लिए तो युद्धकाल ही स्वर्णकाल होता है। ऐसे दौर में जब अधिकांश देश शिक्षा, रोजगार व सेहत के मोर्चे पर संकटों का सामना कर रहे हैं, हथियारों की इस होड़ को रोका ही जाना चाहिए।

रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भीषणतम तबाही एवं सर्वनाश का कारण बनता दिख रहा है। रूस द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल किये जाने एवं यूक्रेन के द्वारा ह्यडर्टी बमह्ल का इस्तेमाल किये जाने की धमकियां, दुनिया के लिये डर का कारण बन रही है। भयंकर विनाश की आशंकाओं के बीच समूची दुनिया सहमी हुई है। यदि परमाणु हथियारों का उपयोग होता है तो यह मानवता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ होगा एवं दुनिया को अशांति की ओर अग्रसर करने वाला होगा। अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा इसलिए बढ़ गया है कि यूक्रेन को इतने लंबे समय से झुकता न देख रूस का अहं चोट खा रहा है। हालांकि परमाणु हथियारों के दुष्परिणामों से दोनों देश अनजान नहीं हैं। इस युद्ध को चलते लंबा वक्त हो गया। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा।


यूक्रेन और रूस में शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये भारत ने लगातार शांति प्रयास किये हैं। लेकिन प्रश्न है कि दुनिया को अहिंसा, अयुद्ध एवं शांति का सन्देश देने वाला भारत क्यों हथियारों की दोड़ में शामिल है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना आवश्यक है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, उन्हें अभय बनाकर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यथार्थ यह है कि अंधकार प्रकाश की ओर चलता है, पर अंधापन मृत्यु-विनाश की ओर। लेकिन रूस ने अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य का अहसास एक गलत समय पर गलत उद्देश्य के लिये कराया है। इस युद्ध से होने वाली तबाही रूस-यूक्रेन की नहीं, बल्कि समूची दुनिया की तबाही होगी, क्योंकि रूस परमाणु विस्फोट करने को विवश होगा, जो दुनिया की बड़ी चिन्ता का सबब है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध को विराम देने के प्रयास करने चाहिए। लेकिन प्रश्न है कि जो देश हथियारों के निमार्ता है, वे क्यों चाहेंगे कि युद्ध विराम हो। जब तक शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों की शस्त्रों के निर्माण एवं निर्यात की भूख शांत नहीं होती तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

## संपादकीय

### विज्ञापन का विज्ञापन

भ्रामक विज्ञापनों की सुनवाई का दायरा बढ़ाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पंतजलि आयुर्वेद को कड़ी फटकार लगाई। अपनी दवाओं के लिए भ्रामक दावों को लेकर अदालत की अवमानना करने पर सुनवाई चल रही है। अदालत ने आदेश जारी किया कि वह बड़े साइज में माफीनामे का विज्ञापन जारी करें। रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत को बताया कि माफीनामा 67 अखबारों में दिया गया है। इस पर अदालत ने जानना चाहा कि क्या यह पिछले विज्ञापनों के आकार का था। रोहतगी के इस पर केवल दस लाख रुपये खर्च करने पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त की। साथ ही, यह भी कहा कि हमें पंतजलि के खिलाफ ऐसी याचिका दायर करने के लिए आईएमए पर एक हजार करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाने की मांग की गई है जिस पर अदालत ने प्रॉक्सी याचिका होने का संदेह व्यक्त किया। केंद्र को इस पर जागना चाहिए कहते हुए देश की सबसे बड़ी अदालत ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को भी लताड़ लगाई। पंतजलि आयुर्वेद के उत्पादों और उनके चिकित्सकीय प्रभावों के विज्ञापनों से संबंधित अवमानना कार्रवाई के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव और बालकृष्ण को अपने समक्ष पेश होने का आदेश दिया था। यह सुनवाई इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर जारी है। पंतजलि योगपीठ को भी अब सेवा शुल्क का भुगतान करना होगा, जुमार्ना और ब्याज के रूप में उसे साढ़े चार करोड़ रुपये भी अदा करने हैं। विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार रामदेव की नेटवर्थ चौदह सौ करोड़ रुपये से ज्यादा की है। पंतजलि का कुल रेवन्यू तीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का हो चुका है। नि:संदेह उन्होंने आयुर्वेद और योग को पुनः प्रचारित करने में बड़ी भूमिका निभाई है। इसके अलावा, योग और आयुर्वेदिक चिकित्सा के प्रति आमजन में ललक पैदा करने में भी उन्होंने महती भूमिका निभाई है। मगर इसके लिए भ्रम फैलाने या भ्रामक विज्ञापनों के जरिए जनता को बरगलाने की उन्हें छूट तो नहीं ही मिल सकती। मंत्रालय को भी इसके लिए दोषी माना जाना जरूरी है। बात यहां अकेले पंतजलि की नहीं है, बल्कि कोई भी कंपनी अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए यदि इस तरह का भ्रम फैलाने की कोशिश करती है तो उस पर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही, भविष्य में भी इस तरह की हरकत करने पर भारी जुमार्ना जड़ा जाना चाहिए। मरीजों और उपभोक्ताओं के अधिकारों को लेकर जिस तरह की लापरवाही अपने यहां जारी है, उसे रोकने के कड़े कदम तत्काल उठाए जाने बेहद जरूरी हैं।





## चिंतन-मनन

### भावना भी समझें


एक आदमी बस में रोजाना ही यात्रा करता था। वह बस में केले खाता और छिलके को खिड़की से फेंक देता। एक दिन एक भाई ने कहा, भाई! सड़क पर छिलके डालना उचित नहीं है। दूसरे फिसलकर गिर पड़ते हैं। छिलकों को एक ओर डालना चाहिए। उसने कहा, अच्छी बात है। दूसरे दिन की बात है। पूर्व दिन वाले दोनों यात्री एक ही बस में बैठे हुए थे। एक ने केले छीले, खाए और छिलके डाल दिए। सड़क पर नहीं, अन्यत्र कहीं। साथी ने कहा, धन्यवाद! कल जो मैंने कहा, उसे तुमने मान लिया। आज छिलके सड़क पर नहीं फेंके। उसने कहा, सड़क पर तो नहीं फेंके, पर मेरे पास जो दूसरा यात्री बैठा था, उसकी जेब में चुपके से छिलके डाल दिए। सड़क पर उन्हें डालने की नौबत ही नहीं आई।

हर आदमी ?से ही समस्या को दूसरों की जेब में डालता जाता है और यह मान लेता है कि समस्या का समाधान हो गया। समस्या सुलझती नहीं। एक समस्या सुलझती है, तो दूसरी उलझ जाती है। समस्या के समाधान का सही मार्ग है-भावनाओं पर ध्यान देना। जो भी काम किया जाता है, उसको करने से पूर्व यह सोचना होगा कि मैं यह काम शरीर की सुविधा के लिए कर रहा हूं, पर इससे कहीं मन की समस्या उलझ तो नहीं रही है? कहीं भावना की समस्या गहरी तो नहीं होती जा रही है? हम तीनों समस्याओं पर एक साथ ध्यान दें। जब तक शरीर की समस्या, मन की समस्या और भावना की समस्या पर समवेत रूप में ध्यान नहीं देंगे, तब तक समाधान नहीं मिलेगा।

# घटता मतदान प्रतिशत किस खतरें का संकेत...?



ओमप्रकाश मेहता




विश्व के सबसे बड़े और प्राचीन लोकतंत्री देश भारत की आजादी के पचहत्तर वर्ष बाद आज विश्वस्तर पर यह चिंता व्यक्त की जा रही है कि क्या भारत में लोकतंत्र के प्रति आस्था में कमी आती जा रही है? क्या देशवासी लोकतंत्र की कथित राजनीतिक तानाशाही से परेशान होकर 'अंग्रेज राज' को याद कर रहे है? क्या लोकतंत्र की रीढ़ चुनाव प्रणाली के प्रति आम रूचि कम हो रही है? ये कुछ ऐसे सवाल है, जो आज मानव के सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में उठाए जा रही है, इसका सबसे मुख्य उदाहरण हर चुनाव के समय मतदान प्रतिशत में स्पष्ट हो रही कमी है, इसका ताजा उदाहरण लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में हुआ मतदान है, जिसमें पूर्व चुनावों की तुलना में दस प्रतिशत से भी कम मतदान सामने आया है। इसलिए यदि लोकतंत्रीय नजरिये से देखा जाए तो यह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़े खतरे का संकेत है।

वैसे भी आज कांग्रेस सहित करीब-करीब सभी प्रतिपक्षी दल यह गंभीर आरोप लगा रहे है कि 2024 का लोकसभा चुनाव हमारे लोकतंत्री देश का आखरी चुनाव होगा, अब प्रतिपक्ष किन संकेतों के आधार पर यह आशंका व्यक्त कर रहा है? यह तो वहीं जाने, किंतु वास्तविकता यह भी है कि आम भारतीय नागरिक की प्राथमिकताओं में मतदान प्राथमिकता नहीं रहा है, खासकर देश का भविष्य युवावर्ग तो इस लोकतंत्री प्रक्रिया से दिल दिमाग और देशभक्ति के साथ जुड़ने की कौशिश ही नही कर रहा है, देश का नौकरीपेशा मतदाता वर्ग जहां मतदान दिवस का अवकाश अपने परिवार के साथ मौजमस्ती के साथ मनाने को आतुर रहता है। वहीं युवा वर्ग की भी प्राथमिकता में मतदान नही है, उसकी सोच है कि 'अवकाश की मौजमस्ती में यदि समय मिला तो वोट डाल आएंगें' और यदि वह इन क्षणों में मतदान केन्द्र पर जाता है और उसे वहां वोट डालने वालों की लम्बी लाईन नजर आती है तो वह बिना वोट डाले वापस अपनी मस्ती में शामिल हो जाता है, कुल मिलाकर मतलब यह कि मतदान अब युवाओं की प्राथमिकता नही रहा, और इस वर्ग के सदस्यों को परिवार के वृद्धजन कितना ही लोकतंत्री महत्व नागरिक कर्तव्य का ज्ञान दे, किंतु इस कथित अरूचिपूर्ण उपदेश को वह एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल बाहर करता है, मतदान प्रतिशत दिनों दिन कम होने का यह भी एक मुख्यकारण है।

भारत की इस अहम्‌ समस्या के पीछे दोषी युवा वोटर नहीं बल्कि हम सब है, जिन्होंने हमारी नई पीढ़ी को राष्ट्रीयता व राष्ट्रज्भक्ति का पाठ ही नही पढ़ाया, यदि उनकी प्रारंभिक घरेलु शिक्षा में इस विषय को भी शामिल कर लिया होता तो आज हमें यह दिन देखने को मजबूर नहीं होना पड़ता। वैसे यदि अपने दिल पर हाथ रखकर यदि हम यह आत्मचिंतन करें कि हम स्वयं कितने राष्ट्रज्भक्त व नागरिक कर्तव्यों व अधिकारों के सही उपयोगकर्ता है? तो हम स्वयं अपने से ही निराश होगें, क्योंकि हम भी पारिवारिक व सामाजिक आपाधापी में देश और अपने कर्तव्यों के बारे में आत्मचिंतन-मनन करने का वक्त ही कहां मिल पाता है?

....पर अभी भी वक्त है, हमें अपनी नीजि चिंताओं के साथ राष्ट्र की चिंता के साथ भी जुड़ना पड़ेगा और आज की राजनीति देश को किस दिशा में ले जा रही है, इस पर गंभीर देशहित में आत्मचिंतन करना पड़ेगा, वर्ना फिर हमें भी वही घीसी-पीटी कहावत 'अब पछतावत होत का, जब चिड़िया चुग गई खेत', बार-बार दोहराना पड़ेगा, इसलिए चुनावी लोकतंत्र की इस अहम्‌ बेला में मेरा अनुरोध है कि पूरा देश इन संकेतों को गंभीरता से लेकर आत्मचिंतन कर देशहित में कुछ संकल्प लें।

# दुनिया को समझना होगा 'माता भूमि, पुत्रोह्म पृथिव्या:' का निहितार्थ



आज प्लास्टिक, मिट्टी, पानी, और वायु का प्रदूषक बनता जा रहा है। जमीन पर पड़े हुए प्लास्टिक से धूप के कारण अपर्दन से टूटकर सूक्ष्म कण मिट्टी में मिल जाते हैं और मिट्टी के उपजाऊपन को नष्ट करने का काम करते हैं। पानी में मिल कर मछलियों के शरीर में पहुंच कर खाद्य शृंखला का भाग बन कर मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बन जाते हैं। जलाए जाने पर वायु में अनेक विषैली गैसें वायु मंडल में छोड़ते हैं जिससे वैश्विक तापमान वृद्धि के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा हो रहे हैं।

प्लास्टिक दैनिक जीवन का ऐसा भाग बन गया है कि इससे बचना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। प्लास्टिक का प्रयोग कम करना, पुनर्चक्रीकरण, और जो बच जाए उसको उत्तम धुआं रहित प्रज्वलन तकनीक से ताप विद्युत बनाने में प्रयोग किया जा सकता है। हालांकि इससे भी थोड़ा गैस उत्सर्जन तो होता है किन्तु जिस तरह शहरी कचरा डंपिंग स्थलों में लगातार लगने वाली आग और गांव में खुले में जलाया जा रहा प्लास्टिक धुआं फैलता जा रहा है उससे तो यह हजार गुणा बेहतर है। स्वीडन ने तो यूरोप के अनेक देशों से सूखा कचरा आयात करके उससे बिजली बनाने का व्यवसाय ही बना लिया है। उसके पास जो तकनीक है, उसमें केवल दशमलव दो ( 12 ) प्रतिशत ही गैस उत्सर्जन होता है। प्लास्टिक के विकल्प के रूप में पैकिंग सामग्री तैयार करना नवाचार की दूसरी चुनौती है। गांव में भी अब तो प्लास्टिक कचरे के अंबार लगते जा रहे हैं। आधुनिक दैनिक प्रयोग की तमाम वस्तुएं प्लास्टिक में ही पैक हो कर आ रही हैं। प्लास्टिक के पुन: चक्रीकरण के लिए यह जरूरी है कि प्लास्टिक और अन्य सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाए। और कबाड़ी को दिया जाए। जो बच जाए उसे निबटाने के दुसरे सुरक्षित तकनीकी उपायों की सरकारें व्यवस्था करें।

एक विचार यह भी जोर पकड़ रहा है कि जो पैदा करे वही कचरे के प्रबंधन का जिम्मेदार ठहराया जाए ताकि ये पैकिंग करके सामान बेचने वाली कंपनियां पैकिंग सामग्री एकत्रित करवा कर वापस लें, और रीसाइक्लिंग की व्यवस्था करें।

किन्तु केवल प्लास्टिक ही जलवायु परिवर्तन का कारक नहीं है। रासायनिक कृषि के कारण भी भूमि की जैविक पदार्थ धारण करने की क्षमता समाप्त हो जाति है जिससे कार्बन पदार्थ का भूमि में संचय नहीं होता दूसरा भूमि की उपजाऊ शक्ति भी कम हो जाति है। जैविक कृषि को प्रोत्साहित करके और वैज्ञानिक आधार पर विकसित करके इस समस्या से निपटा जा सकता है। भारत में इस दिशा में कुछ काम होना शुरू भी हुआ है किन्तु इसे अभी तक मुख्यधारा बनाने में सफलता नहीं मिली है। इसके लिए अधिक वैज्ञानिक शोध की जरूरत है ताकि रासायनिक विधि के बराबर ही उत्पादन करके दिखाया जाए और अन्न सुरक्षा की चुनौती पर कोई खतरा आने की चिंता न रहे।

जलवायु परिवर्तन में मुख्य भूमिका ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र की है। हमारे देश में कुल विद्युत उत्पादन 428 गीगा वाट है। जिसमें से 71 प्रतिशत कोयले और जीवाश्म ईंधन से हो रहा है। स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन 168 I96 गीगा वाट है। जिसमें से 42 गीगा वाट जल विद्युत का उत्पादन है। किन्तु जल विद्युत भी जब बड़े बांधों के माध्यम से बनाई जाती है तो जलाशयों में बाढ़ से संचित जैव पदार्थ आक्सीजन रहित सड़न द्वारा मीथेन गैस का उत्सर्जन करते हैं। मीथेन कार्बन डाई आक्साइड से छह गुणा ज्यादा वैश्विक तापमान वृद्धि का कारक है। इसलिए एक सीमा से ज्यादा जल विद्युत का प्रसार भी ठीक नहीं। सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रही है।

भारत वर्ष में पिछले कुछ सालों में सौर ऊर्जा उत्पादन में अच्छा काम हुआ है। भारत वर्ष में 2030 तक 500 गीगा वाट स्वच्छ उर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। आशा है इसे हम प्राप्त कर सकेंगे। किन्तु बड़े ऊर्जा पार्क बना कर स्थानीय संसाधनों पर कुछ जगहों पर ज्यादा दबाव पड़ जाता है जिससे कई समुदायों की रोजी-रोटी के संसाधन छिन जाते हैं जिसके विरुद्ध कई आवाजें उठती रहती हैं, और संघर्ष खड़े हो जाते हैं। इन जायज संघर्षों को अकसर शासन और प्रशासन स्थानीय समुदायों की कठिनाई को समझ कर समाधान करने के बजाए उनसे टकराव का रास्ता चुनती हैं और उन्हें देशविरोधी, विकास विरोधी ठहराने के अवास्तविक और अनावश्यक प्रयास करते हैं। जिससे बेगुनाह लोग अत्याचार और शोषण का शिकार हो जाते हैं और समाज में असंतोष बढ़ता है। हमें याद रखना चाहिए कि विकास का मतलब समावेशी विकास होता है। राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक ही विकास का मुख्य लाभ पहुंचने से आय का न्यायपूर्ण बंटवारा नहीं हो सकता। अतः उत्पादन का यथा संभव विकेन्द्रित तरीका ही अपनाया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए भारत में 6 लाख के लगभग गांव हैं। यदि हर गांव में एक मैगा वाट सौर उर्जा उत्पादन घर की छतों पर और बेकार जगहों पर किया जाए तो बिना किसी एक जगह संसाधनों पर बड़ा दबाव बनाए 6 लाख मेगा वाट बिजली का उत्पादन हो सकता है ।उत्पादन के इस तरीके से लाखों लोगों को रोजगार और स्व रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। अतः जरूरत टकराव की नहीं बल्कि विचार आदान-प्रदान की है। कौन विचार कितना करणीय है यह अपने देश की स्थितियों के अनुरूप तकनीकों के नवाचारों को प्रोत्साहित करके देखा जा सकता है। जलवायु परिवर्तन के कारण जिस तरह की अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, ग्लेशियर पिघलने की, रेगिस्तानों में अभूतपूर्व बारिश की, समुद्री जल स्तर बढने की जो घटनाएं हो रही हैं ये दुनिया भर के लिए चेतावनी हैं। दुबई, इंडोनेशिया, और अफ़्रीकी देशों की हाल की बेमौसमी बाढ़ें, यूरोप और अमेरिकी देशों के बेमौसमी बफीर्ले तूफान जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां हैं। गरीब देशों और कृषि प्रधान देशों पर इसका सबसे ज्यादा हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है। गरीब देशों में भी सबसे गरीब लोग ही ज्यादा प्रभावित हों रहे हैं। इस तरह जलवायु परिवर्तन सामाजिक न्याय के लिए भी वैश्विक स्तर पर बड़ी चुनौती बन कर खड़ा है, जिससे निपटने में देर आत्मघाती ही सिद्ध होगी।

– कुल भूषण उपमन्यु

## मोदी-राहुल के चुनावी भाषणों पर नोटिस

**- भाजपा-कांग्रेस पार्टी के अध्यक्षों से 29 अप्रैल तक जवाब मांगा**

नई दिल्ली (ईएमएस)। चुनाव आयोग ने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के भाषणों पर नोटिस जारी किया। यह नोटिस आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर जनप्रतिनिधि कानून के सेक्शन 77 के तहत इश्यू किया गया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष खडगे से 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है। चुनाव आयोग को पीएम मोदी और राहुल गांधी के भाषण में आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया कि ये लीडर्स धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर लोगों को बांटने और नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।

आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्षों को जिम्मेदार माना

ये शिकायतें मिलने के बाद इलेक्शन कमीशन ने भाजपा और कांग्रेस पार्टियों के अध्यक्षों को नोटिस भेजा। आयोग ने स्टार प्रचारकों की फौज उतारने के लिए पहली नजर में पार्टी अध्यक्षों को ही जिम्मेदार ठहराया है। आयोग ने कहा कि अपने प्रत्याशियों के कामों के लिए राजनीतिक दलों को ही पहली जिम्मेदारी उठानी चाहिए, खासतौर पर स्टार कैंपेनर्स के मामले में। ऊंचे पद पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का असर ज्यादा गंभीर होता है।

## संदेशखाली केस में पहली एफआईआर दर्ज

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पश्चिम बंगाल के संदेशखली में जमीन हड़पने और महिलाओं के खिलाफ अपराध (यौन शोषण) से केस में पहली एफआईआर दर्ज की है। इसमें 5 मुख्य आरोपियों के नाम शामिल हैं। हालांकि ये आरोपी कौन हैं, ये सामने नहीं आया है, लेकिन कहा जा रहा है कि ये प्रभावशाली लोग हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को संदेशखाली मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। अपने आदेश में कहा कि सीबीआई कोर्ट की निगरानी में जांच करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी। मामले की अगली सुनवाई 2 मई को होगी। संदेशखाली की महिलाओं ने 8 फरवरी को तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर यौन उत्पीडऩ और जबरन जमीन कब्जाने का आरोप लगाया था। मामले में 3 आरोपी शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार हिरासत में हैं।

## अरुणाचल प्रदेश में लैंड स्लाइड

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के दिबांग वैली में लैंड स्लाइड के चलते नेशनल हाईवे-313 का बड़ा हिस्सा ढह गया है। चीन सीमा से लगे दिबांग वैली जिले का संपर्क पूरे देश से कट गया। दिबांग वैली जिला प्रशासन के मुताबिक बुधवार को हाईवे पर लैंडस्लाइड हुई। अधिकारियों के मुताबिक, लैंड स्लाइड में ढहे हिस्से के कंस्ट्रक्शन में कम से कम 3 दिन लगेंगे। कई दिनों से दिबांग वैली में जारी बारिश जारी की वजह से लैंड स्लाइड। दिबांग वैली को पूरे देश से नेशनल हाईवे 313 जोड़ता है। अधिकारियों के मुताबिक, दिबांग वैली में पिछले कई दिनों से भारी बारिश हो रही है। हुनली और अनीनि के बीच हाईवे 313 का काफी बड़ा हिस्सा लैंड स्लाइड में ढह गया है। हाई-वे की मरम्मत के लिए टीम भेजी गई है।

## ईडी का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा, केजरीवाल की गिरफ्तारी सही

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में दिल्ली शराब नीति केस में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका का विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में ईडी ने कहा कि कई बार समन भेजे जाने के बावजूद उन्होंने एजेंसी के साथ सहयोग नहीं किया। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि नौ बार समन मिलने के बावजूद केजरीवाल पूछताछ से बच रहे थे। उनके इसी रवैए से जांच अधिकारी को गिरफ्तारी की वजह मिली है। साथ ही जांच अधिकारी के पास मौजूद चीजों ने भी यह साबित करने में मदद की है कि वे दोषी हैं। ईडी ने यह भी कहा कि केजरीवाल को किसी दुर्भावना या दूसरे कारणों से गिरफ्तार नहीं किया गया है। किसी अपराध की जांच एक ऐसा क्षेत्र है जो जांच एजेंसी के लिए रिजर्व है। उनकी गिरफ्तारी भी जांच का हिस्सा है। सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल को अरविंद की याचिका पर सुनवाई करते हुए शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी से 24 अप्रैल तक जवाब मांगा था। ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वे फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में हैं।

## देशभर में सौ से ज्यादा वारदातों को अंजाम देने वाले चोर को ढूंढ रही थी छह राज्यों की पुलिस, कल्याण पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याण। छह राज्यों की पुलिस उस शातिर चोर की तलाश कर रही थी, जिस पर देशभर में चोरी के 100 से ज्यादा मामले दर्ज थे। इस बीच वह चोर गुजरात पुलिस के चंगुल से भाग निकला और मुंबई से सटे कल्याण की कोलशेवाड़ी पुलिस ने उसे धर दबोचा। अब उसे गुजरात पुलिस को सौंप दिया गया है. गिरफ्तार चोर नाम राम विलास उर्फ रामा गुप्ता है. बताया गया है कि गुजरात पुलिस आरोपी राम विलास गुप्ता को बीते 10 अप्रैल को ठाणे में जांच के लिए उसे ठाणे शहर में लेकर आई थी. इसी दौरान राम विलास गुजरात पुलिस को चकमा देकर उसके चंगुल से भाग निकला। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार राम विलास एक कुख्यात चोर है. उत्तर प्रदेश का रहने वाला राम विलास गुप्ता देशभर में चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है. राम विलास पर सौ से ज्यादा मामले दर्ज हैं. वह महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात, दिल्ली तथा आंध्र प्रदेश में कई अपराधों में फरार है। चूंकि यह शातिर चोर पुलिस हिरासत से भाग गया था, इसलिए पुलिस की कई टीमें उसे ढूंढने में लगी हुई थी। कल्याण के कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कदम को थाने के एक पुलिस अधिकारी दिनकर पगारे ने राम विलास के बारे में जानकारी दी। कल्याण के पुलिस उपायुक्त सचिन गुंजाल, एसीपी कल्याणजी घेटे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कदम के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारी दिनकर पगारे की पुलिस टीम एक गुप्त जानकारी के आधार पर कल्याण से सटे म्हारल इलाके में एक ढाबे पर पहुंची जहाँ राम विलास बैठा था. पुलिस ने उसे वहां से हिरासत में ले लिया. इसके बाद उसे गुजरात पुलिस के हवाले कर दिया गया.

## तिहाड़ जेल में दो गुट आपस में भिड़े, चार कैदी घायल

नई दिल्ली। देश की जानी मानी तिहाड़ जेल में संदिग्ध गैंगवार और जेल में वर्चस्व की लड़ाई को लेकर जेल नंबर 3 के अंदर कैदियों के दो समूह आपस में भिड़ गए। इसमें चार कैदियों के घायल होने की खबर है। एक अधिकारी ने बताया कि घटना बुधवार सुबह की है। पुलिस ने घटना के संबंध में संबंधित धाराओं के तहत दोनों कैदियों समूह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि घायल अलग-अलग समूहों से थे। हमले का कारण जेल में अपना दबदबा स्थापित करना था। अधिकारी ने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## राजस्थान में 73 हजार, 799 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान किया

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा चुनाव में 73 हजार 799 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान किया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि दूसरे चरण के लिए 38 हजार 274 इसजरह के मतदाताओं ने घर से ही अपने मताधिकार का उपयोग किया। जबकि प्रथम चरण के तहत 35 हजार 525 मतदाताओं ने घर से मतदान किया। श्री गुप्ता ने बताया कि आम चुनाव-2024 में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग वाले मतदाताओं ने निर्वाचन आयोग की पहल पर पहली बार घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान किया। उन्होंने बताया कि इस विकल्प के तहत सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अब तक 73 हजार 799 मतदाताओं ने मतदान किया। इसमें 56 हजार 691 बुजुर्ग तथा 17 हजार 108 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। इस दौरान 1062 मतदाताओं की मृत्यु होने और 1207 मतदाताओं के अनुपस्थित होने की वजह से उनका मतदान नहीं हो सका।

श्री गुप्ता ने बताया कि द्वितीय चरण के 13 लोकसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए पंजीकृत मतदाताओं में से 98 प्रतिशत से अधिक ने मतदान किया है। अब तक कुल 38 हजार 274 मतदाताओं ने घर से मतदान किया है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के 12 लोकसभा क्षेत्रों में 35 हजार 525 मतदाताओं ने घर से मतदान किया। इसमें 26 हजार 569 बुजुर्ग, जबकि 8956 दिव्यांग मतदाता है। 418 मतदाताओं की मृत्यु हुई और 614 मतदाता घर पर नहीं मिले।

# दिल्ली में शुक्रवार नहीं होगा मेयर इलेक्शन? 'आप' का आरोप- एलजी ने रद्द किया चुनाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को दावा किया कि उपराज्यपाल कार्यालय ने दिल्ली नगर निगम के मेयर चुनाव को ÷रद्द÷ कर दिया है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मेयर पद के लिए चुनाव 26 अप्रैल को होने हैं। हालांकि, मेयर चुनाव रद्द करने को लेकर आप द्वारा लगाए गए आरोपों पर उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आप एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने दावा किया कि पहली बार ऐसा हुआ है कि चुनाव आयोग की अनुमति के बावजूद बीजेपी ने चुनाव रद्द कर दिया है।




दुर्गेश पाठक ने कहा कि चुनाव आयोग से इजाजत होने के बावजूद बीजेपी ने यह चुनाव रद्द करवा दिया। एलजी कार्यालय ने यह कहते हुए चुनाव रद्द कर दिया कि वह मुख्यमंत्री की सलाह पर काम करते हैं। ऐसे पहले भी उदाहरण हैं जब उन्होंने मुख्यमंत्री की सहायता और सलाह का पालन नहीं किया है। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि पीठासीन अधिकारी से संबंधित फाइल को जानबूझकर लोक निर्माण मंत्री सौरभ भारद्वाज के बजाय मुख्यमंत्री कार्यालय भेजा गया, जैसा कि किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा, ÷अगर यह फाइल पीडब्ल्यूडी मंत्री के पास जाती तो वह पीठासीन अधिकारी को सलाह देते। ऐसा न करके सरकार पर चुनी हुई सरकार को नजरअंदाज करने का भी आरोप लगा।÷

दरअसल, मेयर के चुनाव के लिए एलजी सीएम की सलाह पर एक पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति करते हैं, जो मेयर का चुनाव कराता है। लेकिन दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल जेल में हैं और वह जेल से एलजी को पीठासीन अधिकारी के लिए सलाह नहीं दे सकते। पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने के लिए दिल्ली के मुख्य सचिव ने फाइल आगे बढ़ाई थी। यह फाइल सीएम कार्यालय भेजी गई थी। सीएम की अनुपस्थिति के कारण यह फाइल वापस दिल्ली के मुख्य सचिव के पास आ गयी। जिसे मुख्य सचिव ने एलजी को भेज दिया।

आप ने मेयर पद के लिए महेश खिची को नामांकित किया है, जबकि रविंदर भारद्वाज डिप्टी मेयर पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। 45 वर्षीय खिची वर्तमान में एमसीडी हाउस में देव नगर वार्ड नंबर 84 के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत हैं और 2012 में इसकी स्थापना के बाद से आप से जुड़े हुए हैं। वह 2011 के इंडिया अगेंस्ट करप्शन (आईएसी) आंदोलन में भी सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। , जिसने अंततः अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में क्के गठन का मार्ग प्रशस्त किया।

## आप ने लोगों से की अपील, कहा जेल का जवाब वोट से दे जनता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को दिल्ली की जनता सेजेल का जवाब वोट से देने की अपील की।




भारद्वाज और नयी दिल्ली लोकसभा सीट से प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने कार्यकर्ताओं के साथ मेट्रो स्टेशन पर आने-जाने वाले लोगों में पंपलेट बांटा और उनसे आगामी 25 मई को होने वाले मतदान में अपने वोट का इस्तेमाल देश से तानाशाही सरकार को हटाने के लिए करने की अपील की। भारद्वाज ने कहा कि अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेजे जाने से दिल्ली की जनता बहुत दुखी है। लोगों ने तय किया है कि वे अपनी वोट की ताकत से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को इसका जवाब देंगे। उन्होंने कहा, एक महीने बाद दिल्ली के अंदर लोकसभा का चुनाव है। दिल्ली के लोगों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए आप अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल कर रही है। आज हम लोग नयी दिल्ली लोकसभा सीट से के प्रत्याशी के साथ मेट्रो स्टेशनों पर पंपलेट बांट रहे हैं और लोगों से जेल का जवाब वोट से देने की अपील कर रहे हैं। आप नेता ने कहा, आज दिल्ली के लोग इस बात से बहुत दुखी है कि उनके सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री को जेल में डाला गया है। दिल्ली के लोग इसका जवाब भाजपा और केंद्र सरकार को देना चाहते हैं। आप और दिल्ली की जनता ने यह तय किया है कि हम लोग जेल का जवाब वोट सेदेंगे। हम अपने वोट की ताकत से भाजपा को बताएंगे कि जो उन्होंने जो किया वह गलत किया है।

### कांग्रेस मैनिफेस्टो समझाने के लिए खड़गे ने मांगा पीएम से समय,

# बोले- सांप्रदायिक विभाजन पैदा करना बन गई है आपकी आदत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सबसे पुरानी पार्टी के 'न्याय पत्र' को समझाने के लिए उनका समय मांगा। कांग्रेस के घोषणापत्र का बचाव करते हुए, खड़गे ने कहा कि 'न्याय पत्र' का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और सभी जातियों और समुदायों के हाशिए पर रहने वाले लोगों को न्याय प्रदान करना है। खड़गे ने लिखा कि आपके सलाहकार आपको उन चीजों के बारे में गलत जानकारी दे रहे हैं जो हमारे घोषणापत्र में भी नहीं लिखी गई हैं। मुझे आपसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर हमारे 'न्याय पत्र' के बारे में समझाने में बहुत खुशी होगी ताकि देश के प्रधान मंत्री के रूप में आप कोई भी गलत बयान न दें।




कांग्रेस प्रमुख ने कहा, 'संदर्भ से हटकर कुछ शब्दों को पकड़ना, सांप्रदायिक विभाजन पैदा करना आपकी आदत बन गई है।' मोदी के हालिया भाषणों का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि वह 'प्रधानमंत्री द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा से न तो हैरान हैं और न ही हैरान हैं।' उन्होंने कहा कि उम्मीद थी कि चुनाव के पहले चरण में बीजेपी का निराशाजनक प्रदर्शन देखने के बाद आप और आपकी पार्टी के अन्य नेता इस तरह की बातें करना शुरू करेंगे। कांग्रेस वंचित गरीबों और उनके अधिकारों ('न्याय') की बात करती रही है। हम जानते हैं कि आपको और आपकी सरकार को गरीबों और वंचितों की कोई चिंता नहीं है।

प्रधान मंत्री पर अपना हमला जारी रखते हुए, खड़गे ने कहा, 'आपकी 'सूट-बूट की सरकार' उन कॉरपोरेट्स के लिए काम करती है जिनके करों को आपने कम कर दिया है जबकि वेतनभोगी वर्ग उच्च करों का भुगतान करता है। गरीब भोजन और नमक पर भी जीएसटी का भुगतान करते हैं और अमीर कॉरपोरेट दावा करते हैं जीएसटी रिफंड। इसीलिए, जब हम अमीर और गरीब के बीच असमानता की बात करते हैं, तो आप जानबूझकर इसे हिंदू और मुस्लिम के साथ जोड़ रहे हैं।' खड़गे का जवाब हाल के चुनावी भाषणों में प्रधानमंत्रियों द्वारा किए गए सिलसिलेवार हमलों के बाद आया है। कांग्रेस के घोषणापत्र को 'मुस्लिम लीग की छाप' कहने से लेकर सबसे पुरानी पार्टी पर 'संपत्ति के पुनर्वितरण' की साजिश रचने का आरोप लगाने तक, मोदी ने अपनी रैलियों में प्रमुख विपक्षी दल पर हमला करने में कोई शब्द नहीं छोड़ा है।

## फोन टैपिंग मामला अब भजनलाल सरकार के पाले में

**-सरकार और एजेंसियों जांच कर दोषियों पर करें कार्रवाई : पूनिया**

**जयपुर (एजेंसी)।** लोकेश शर्मा के फोन टैपिंगकांड के खुलासे के बाद इस मामले की बॉल अब भजनलाल सरकार के पाले में चली गई है। अब सवाल खड़ा हो गया है कि जो आरोप पूर्व सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा ने लगाए हैं क्या भजनलाल सरकार उन तथ्यों की जांच करवाएगी? लोकेश द्वारा लगाए इन आरोपों से यह साफ होता है कि गहलोत सरकार को गिराने की साजिश में बीजेपी या उनके नेताओं की कोई भूमिका नहीं थी। लोकेश के खुलासे के बाद इस मामले में बीजेपी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा है कि भजनलाल सरकार और जांच एजेंसियों को इन तथ्यों की जांच करनी चाहिए और जो भी दोषी हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

लोकेश शर्मा ने जो खुलासे किए हैं उनके मुताबिक अशोक गहलोत ने ही उन्हें पेन ड्राइव में रिकॉर्डिंग मीडिया में वायरल करने को दी थी। एक ऑडियो रिकॉर्डिंग में विधायकों के खरीद-फरोख्त की बात कही गई थी। लोकेश शर्मा ने कहा कि मानेसर बाड़ेबंदी में सचिन पायलट व उनके सहयोगी, गहलोत सरकार के मंत्रियों व अन्य विधायकों के फोन सर्विलांस पर थे। अशोक गहलोत यह साजिश रच रहे थे कि पायलट गुट के लिए सचिन पायलट और उनके गुट को बदनाम किया जाए ताकि उनकी कुर्सी बची रहे। लोकेश शर्मा ने यह भी कहा कि उस वक्त डीजीपी, गृहविभाग के अफसरों को फोन टैपिंगकांड की जानकारी थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की छवि खराब करने के लिए सीएमआर में साजिशें होती रही। संजीवनी से जुड़े लोगों को सीएम हाउस बुलाया और उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग की गई। रीट पेपर लीक करवाने वाले राजनीतिक लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? उन्होंने कोरोनाकाल में मेडिकल उपकरणों, दवाइयों की खरीद-फरोख्त में और महिलाओं को फ्री मोबाइल देने में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। लोकेश शर्मा ने जो तथ्य पेश किए हैं, उनकी जांच करवाने की जिम्मेदारी अब भजनलाल सरकार की है। बीजेपी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने भी कहा है कि मैं सरकार का हिस्सा नहीं हूं, लेकिन उस वक्त बीजेपी और हम पर सरकार गिराने की साजिश रचने के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने आरोप लगाए थे।

## लालू के दामाद का टिकट काटकर... कन्नौज सीट से उतरे अखिलेश

**-बीजेपी ने नकारात्मक राजनीति की**

**कन्नौज (एजेंसी)।** शुक्रवार को होने वाले दूसरे चरण के मतदान से पहले, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कन्नौज सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। सपा प्रमुख, (जिन्होंने 2000 और बाद में 2004 और 2009 में इस सीट का प्रतिनिधित्व किया था) ने राम गोपाल यादव सहित पार्टी नेताओं की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद रामगोपाल यादव ने कहा कि सपा भारी अंतर से सीट जीतेगी। उन्होंने कहा, भाजपा उम्मीदवार इस सीट पर अपनी जमानत जब्त कर सकते हैं। गौरतलब है कि सपा द्वारा पूर्व मैनपुरी सांसद तेज प्रताप सिंह यादव को अपने उम्मीदवार के रूप में दाखिल करने के अपने पहले के फैसले को पूरी तरह से उलटने का प्रतीक है। अखिलेश ने कहा कि मैंने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी, नेताओं, कार्यकर्ताओं और सभी की भावना थी कि मैं कन्नौज से चुनाव लड़ूं। मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं। मुझे उम्मीद है कि मुझे यहां से आशीर्वाद मिलेगा। अखिलेश ने कहा कि विकास जानबूझकर भाजपा सरकार ने रोका, क्योंकि इसकी शुरुआत समाजवादी ने की थी। बीजेपी ने नकारात्मक राजनीति की है। बीजेपी ने बार-बार लोगों का अपमान किया है...मैं पहले भी कन्नौज के लोगों की सेवा करने आया था। कन्नौज की जनता ने विकास होते देखा है। भाजपा सांसद ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव सबसे बड़ा त्यौहार है।

## रामलला के दर्शन कर नामांकन करेंगे राहुल और प्रियंका!

**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड से सांसद राहुल गांधी एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा यूपी से चुनावी मैदान में उतरेंगे या नहीं, इस रहस्य से जल्द पर्दा उठने वाला है। सूत्र बताते हैं कि अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के दर्शन करने के बाद राहुल गांधी अमेठी से तो प्रियंका गांधी रायबरेली से नामांकन दाखिल कर सकती हैं। दावा किया जा रहा है कि कल 26 अप्रैल को केरल स्थित वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान संपन्न होने के बाद गांधी परिवार अमेठी लोकसभा सीट और रायबरेली लोकसभा क्षेत्र का रुख करेगा।



सूत्रों का कहना है कि 30 अप्रैल के पहले इस मामले पर पर कोई औपचारिक ऐलान नहीं होगा। कांग्रेस हाईकमान समेत पार्टी के कई नेता रायबरेली और अमेठी में प्रत्याशी के मुद्दे पर चुप हैं। खुद राहुल गांधी भी अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर यह बोल चुके हैं कि यह फैसला भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के मल्लिकार्जुन खरगे और केंद्रीय चुनाव समिति करेगी। उन्होंने बीते दिनों कहा था कि मैं कांग्रेस का सिपाही हूं और मुझे जो आदेश दिया जाएगा, मैं उसका पालन करूंगा। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि अगर अमेठी और रायबरेली से क्रमशः राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ने का फैसला करते हैं तो एक से तीन मई के बीच दोनों नेता अपनी-अपनी सीट पर नामांकन करेंगे। दोनों ही निर्वाचन क्षेत्रों में तीन मई को नामांकन का आखिरी दिन है। दोनों लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 5वें चरण के तहत 20 मई को मतदान होगा। इससे पहले कांग्रेस के कम्यूनिकेशन सेल के प्रभारी जयराम रमेश समेत कई अन्य नेता इस आशय के संकेत दे चुके हैं कि राहुल और प्रियंका लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। बीते दिनों अमेठी स्थित उस घर में साफ सफाई और पेंटिंग की तस्वीरें भी सामने आईं थीं जिसमें राहुल रहते हैं।

बताया गया है कि राहुल गांधी 27 अप्रैल को अमेठी पहुंच सकते हैं। राहुल गांधी अमेठी से नामांकन कर सकते हैं। वायनायड में मतदान के बाद राहुल गांधी अमेठी जा सकते हैं। यहां से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सामने सीपीआई की नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वूमेन की महासचिव और पार्टी के महासचिव डी राजा की पत्नी एनी राजा से उनका मुकाबला है। 2019 में राहुल गांधी ने वायनाड सीट से चार लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। हालांकि अमेठी सीट से हार गए थे।

# पैसों की किल्लत से दो चार हो रही अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा

**-इसरो के लिए सरकार ने खोल दिया खजाना**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। अगले कुछ साल में इसरो की योजना मंगलयान-2 और शुक्र मिशन जैसे प्रोग्रामों को अंजाम तक पहुंचाने की है। इसरो के लिए मोदी सरकार के पास फंड की कोई कमी नहीं है। इसके उलट अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा फंड की किल्लत से रूबरू है। न सिर्फ नासा का बजट घटता जा रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी स्पेस एजेंसी पर ऐसी कंगाली क्यों आई है? यह समझने की कोशिश करते हैं।

अक्टूबर 1957 में सोवियत संघ ने पूरी दुनिया को चौंका दिया था। तब उसने पहली आर्टिफिशियल सैटेलाइट स्पुतनिक लांच की थी। इस घटना ने अमेरिका को अपने अंतरिक्ष प्रोग्राम को आगे बढ़ाने के लिए हवा दी। वह किसी प्रतिद्वंद्वी महाशक्ति से पीछे नहीं रहना चाहता था। लिहाजा, अमेरिकी सरकार ने अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम में संसाधन झोंककर नासा का गठन किया।

हालांकि, प्रतिस्पर्धा की वह भावना खत्म होती दिख रही है। इसका संकेत नासा की बजट कटौती को देखकर लगता है। नासा ने वित?त वर्ष 2024 (अक्टूबर 2023-सितंबर 2024) में अपने सभी मिशन, स?पेस एक?सप?लोरेशन और ऑपरेशन के लिए लगभग 27 अरब डॉलर का अनुरोध किया था। लेकिन, इसके मुकाबले नासा को लगभग 9 प्रतिशत कम रकम मिली। पिछले वर्ष की तुलना में यह 2 प्रतिशत कम थी। अब वित्त वर्ष 2025 के लिए नासा ने जो बजट अनुरोध रखा है, वह पिछले साल की मांग से 2 अरब डॉलर कम है।

दरअसल, इसका संबंध अमेरिकी सरकार के कर्ज के बोझ से है। पिछले साल देश डिफॉल्ट के कगार पर था। वह अनावश्यक खर्च को कम कर रहा है। नासा के कार्यक्रमों को उसी का हिस्सा माना जाता है। यह दिखाता है कि 1960 के दशक के बाद से समय बदल गया है।

उस समय अमेरिका चंद्रमा की दौड़ जीतने और सोवियत संघ को हराने के लिए बेचैन था। तब नासा पर पैसा लुटाने में कोई संकोच नहीं किया। 1965 में अपने चरम पर नासा की फंडिंग कुल अमेरिकी सरकारी खर्च का लगभग 5 प्रतिशत थी। उन सभी संसाधनों का उपयोग करके नासा अपोलो बनाने में सक्षम था। यह चंद्रमा पर पहले मनुष्यों को उतारने वाला अंतरिक्ष मिशन था।

यह कार्यक्रम इतना महत्वपूर्ण था कि अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए प्रत्येक 5 डॉलर में से 3 डॉलर अपोलो मिशन में जाते थे। नासा ने इस पर 25 अरब डॉलर से अधिक खर्च किए। महंगाई की दर को एडज?स?ट कर दिया जाए, तब आज के मूल्य में यह रकम 283 अरब डॉलर बैठती है।

हालांकि, 1969 में जैसे ही अमेरिका ने चंद्रमा पर कदम रखा, फंडिंग भी बंद होने लगी। अमेरिका को लगा कि सोवियत संघ को हरा दिया है। अपोलो मिशन ने अमेरिकियों को बांट दिया। नागरिकों के एक वर्ग को यह भी लगा कि




सरकार उन लाखों अमेरिकियों की मदद करने में बेहतर पैसा खर्च कर सकती थी जो बुनियादी जरूरतें नहीं पूरी कर सकते थे। इसी के चलते नासा के लॉन्चपैड के बाहर लोगों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। इन सबके साथ सरकार ने आगे के मिशनों को ठंडे बस्ते में डाल दिया। नासा की फंडिंग धीरे-धीरे नीचे की ओर जाने लगी।

बेशक, अमेरिका में अभी भी दुनिया में सबसे अधिक अंतरिक्ष खर्च हैं। लेकिन, नासा को बजट आवंटन से 0.4 प्रतिशत से भी कम मिलता है। नासा को यह पसंद नहीं है।

# झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा 1 मई को करेंगे नामांकन दाखिल

**झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का करेंगे शिरकत**



**हज़ारीबाग़/दारू** – लोकसभा क्षेत्र से झारखंड पार्टी (झापा) प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा (बब्लू कुशवाहा) 1 मई को झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस नामांकन कार्यक्रम के अवसर पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, केंद्रीय महासचिव अशोक भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष ऐनुल हक अंसारी सहित झारखंड पार्टी के कई पदाधिकारी शामिल होंगे। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए झारखंड पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा ने बताया कि 1 मई को राजकुमार कुशवाहा के नामांकन कार्यक्रम में झारखंड पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं और समर्थकों सहित हजारों की तादाद में पुरे लोकसभा क्षेत्र से लोग शामिल होंगे।

1 मई को राजकुमार कुशवाहा के निवास स्थान तिलैया - झुमरा से मेरू, अमृत नगर, कोर्रा होते हुए मटवारी के गांधी मैदान में सभी एक जगह जमा होंगे और वहां से पैदल यात्रा करते हुए डिस्ट्रीक्ट बोर्ड चौक होते हुए समाहरणालय पहुंचेंगे। जहां जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। बताया कि उनके नामांकन कार्यक्रम को लेकर उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है, जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर है।

## चमगढ़ा पुल के पास बाइक एक्सीडेंट चालक घायल

**बड़कागांव** – गुरुवार सुबह 6 बजे चमगढ़ा पुल के पास हाई स्पीड में आ रही बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसके कारण बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल विष्णु कुमार टंडवा प्रखंड का रहने वाला बताया जाता है। इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया गया। घायल विष्णु शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपना ससुराल राजधनवार जा रहा था। बताते चले की उक्त घटनास्थल पुल के पास दर्जन भर से अधिक बार मोटरसाइकिल, फोर व्हीलर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। जिसमें पुल के नीचे गिर जाने से कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। चालकों को इस सड़क पर नियंत्रण में वाहन चलाने की आवश्यकता है। ताकि अपने आप को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाया जा सके।

## पड़ रही है भीषण गर्मी, चौक चौराहे बाजार में प्याउ सेंटर खोलने की है जरूरत

**बड़कागांव** – बड़कागांव में भीषण गर्मी पड़ रही है हजारों लोगों का आवागमन प्रतिदिन होता रहता है। गर्मी के कारण लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण कई होटलों में भी पानी की समस्या देखी जा रही है। कई होटल में तो लोग बिना कुछ खाए पानी तक नहीं देते हैं। इसमें गरीब तपके के राहगीर को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। बड़कागांव टैक्सी स्टैंड, बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा, बस स्टैंड, टँडवा रोड दैनिक बाजार के पास प्याउ सेंटर की नितांत आवश्यकता है। प्रशासन को इस और विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मामले को लेकर बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द प्याऊ सेंटर खुलवाने का प्रयास किया जाएगा।

## एडिसन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मनाया रेड डे




**टाटीझरिया** – प्रखंड क्षेत्र के एडिसन पब्लिक स्कूल में गुरुवार को नर्सरी कक्षा के बच्चों के लिए रेड डे का आयोजन किया गया। रेड थीम पर सभी विद्यार्थी और टीचर्स रेड ड्रेस में स्कूल पहुंचे और पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों को रेड कलर से संबंधित एक्टिविटीज करवाई गई। इसमें बच्चों को रेड कलर की पहचान विभिन्न वस्तुओं, क्राफ्ट एवं पेटिंग के माध्यम से कराया गया। बच्चों का ड्रेस, चेयर, टेबल, बैलून्स, लंच, फ्लोर व कार्टून्स इत्यादि सभी वस्तुओं में रेड कलर का इस्तेमाल किया गया। रेड कलर के फलों के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर प्रिंसिपल सुधा कुमारी ने कहा कि बच्चे एक्टिविटीज के माध्यम से जल्दी सीखते हैं एवं याद रख पाते हैं। उनका कहना है कि बुक्स के साथ-साथ प्रैक्टिकल टीचिंग का होना भी अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर तरह-तरह की एक्टिविटीज का आयोजन किया जाता रहता है, ताकि खेल-खेल में बच्चे ज्ञानार्जन भी आसानी से कर सके। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की शिक्षिका अर्पणा गोस्वामी, अनुराधा, ममता, समीक्षा व पायल कुमारी इत्यादि के सहयोग से किया गया।

## हनुमान बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों ने जीता प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार



**हज़ारीबाग़** – हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विजय शंखनाद द्वारा पैराडाइस रिसोर्ट, हजारीबाग में आयोजित हनुमान बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग के बच्चों ने श्री हनुमान जी के बाल रूप को धारण कर अपने प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 3 से 6 वर्ष के ग्रुप में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग के तीनों विद्यार्थी अव्वल रहे, जिसमे प्रथम पुरस्कार 7100 रुपया आदिशक्ति मौर्य को द्वितीय पुरस्कार 5100 रुपया अक्षत कुमार को एवं तृतीय पुरस्कार 3100 रुपया प्रथम शर्मा को प्राप्त हुआ द्य आज विद्यालय की वंदना सभा में तीनों विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य, डॉक्टर राजीव रंजन में बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रमाण पत्र, मेडल एवं पुरस्कार राशि का चेक प्रदान कियाद्य मौके पर उन्होंने कहा- आप सभी श्री हनुमान जी के चरित्र को आत्मसात करते हुए उनके पद चिन्हो पर चलने का संकल्प ले। आप सभी इसी प्रकार सभी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन करेंद्य मौके पर विजेता प्रतिभागियों के माता-पिता भी उपस्थित थे

## हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल का तूफानी जनसंपर्क अभियान



**हजारीबाग** – हज़ारीबाग़ लोकसभा के प्रखंड गोला के नेमरा, उपरबरगा बाजार टांड, बलरंगा बाजार टांड, सरगडीह गांव, डिमरा चौक दुर्गा मंदिर, नवाडीह, चौकड़बेड़ा, कोराम्बे, मोहनबेड़ा, पुरबडीह, रायपुरा, बारघुद्ध मे किया जनसंपर्क अभियान। गुरुवार को अपने दौरे की शुरुआत प्रातः सुबह गोला प्रखंड के नेमरा से किया और समापन देर शाम को प्रखंड क्षेत्र के बारघुद्ध में जनसंवाद के साथ किया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनावी महायुद्ध में कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के जनसंपर्क अभियान का तूफानी प्रभाव देखने को मिला। लोगों की भावनाओं और समर्थन को देखते हुए उनके प्रति विश्वास और आकर्षण ने प्रतिस्पर्धी दलों के लिए चिंता का विषय बना दिया है। बच्चों, युवाओं, महिलाओं समेत सभी वर्गों से लोगों ने उत्साह और सहयोग दिखाया। गर्मी के बावजूद जनता ने स्नेह और समर्थन जताते हुए प्रत्याशी के साथ खूबसूरत संवाद को साझा किया।

प्रखंड गोला में कार्यकर्ताओं संग परिचयात्मक बैठक के समन्वय स्थापित कर उनसे चुनाव अभियान में अपने तरीके से मैदान में उतरते और प्रचार प्रसार में सहयोग करने का अपील किया। उन्होंने सामाजिक और आर्थिक समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने का आश्वासन दिया और लोकसभा में अपने प्रदर्शन के माध्यम से जनमानस की प्रतिध्वनि बनाए रखने का भरोसा दिया। उन्होंने अपने कामकाज कार्यक्रम में जनता के साथ साझेदारी पर जोर दिया और उनके विकास और कल्याण के लिए पूरी मेहनत और समर्थन की दावेदारी ली। इसके साथ ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए उनके सपनों को साकार करने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत और परिश्रम का संकल्प भी दिया।

## लोकसभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी ने किया जनसंपर्क अभियान



**हज़ारीबाग़** – शशिभूषण केशरी ने लोकसभा चुनाव में अपने आप को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में घोषणा करने के साथ ही जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। इस क्रम में इन्होंने पदमा प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। जहाँ लोगों के साथ - साथ जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी इनके चुनाव लड़ने पर खुशी जाहिर करते हुए अपना समर्थन दिया। पदमा प्रखण्ड जाने के क्रम में पदमा गेट के पास सूरजपुर के युवाओं ने भव्य स्वागत करते हुए इनके जनसंपर्क अभियान में शामिल हुए। प्रखण्ड के क्षेत्रों में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इन्होंने अपने आपको राजनीति में आने के कारणों को स्पष्ट करते हुए कहा कि मैं एक ऐसे समाजसेवी और आंदोलनकारी का बेटा हूँ जिन्होने अपना सारा जीवन समाज के लिए न्योछावर कर दिया। जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री केशरी ने लोगों के विभिन्न समस्याओं को सुना और कहा कि आज के नेताओ ने तो राजनीति की परिभाषा ही बदल दी है। सच्चे अर्थों में राजनीति सेवाभाव का नाम है, लेकिन आज के नेता राजनीति के नाम पर लूट और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। हमारे हिन्दू परिवारों के बीच जात-पात के नाम पर, धर्म के नाम पर, बेरोजगारी के नाम पर, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के नाम पर गंदी और ओछी राजनीति कर रहे है। ऐसी राजनीति करने वाले लोगों के खिलाफ मेरी लड़ाई है। श्री केशरी ने कहा कि मुझे एक ऐसा समाज सेवक बनना है जहाँ हमारी मातायें, बहन- बेटियां सभी सुरक्षित रह सके। हर युवा के हाथ में काम हो। हमारे युवा रोजगार के लिए अपने क्षेत्रों से पलायन ना करें। समाज एवं राष्ट्र का बेटा होने के नाते इस लड़ाई के लिए मुझे आपका साथ और आशीर्वाद चाहिए। चुनाव चिह्न मिलने के बाद सभा करने की बात करते हुए श्री केशरी ने कहा कि मुझे आप सबो की आवाज बनकर संसद की सीढ़ीया चढ़ना है।

## गोला क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान जेपी पटेल को मिला हजारों लोगों का समर्थन



### सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करने वाली मंत्री को अब नहीं दिख रही महंगाई – जय प्रकाश भाई पटेल

**हजारीबाग** – हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल ने गुरुवार को गोला प्रखण्ड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। वे चिलचिलाती धूप में भी लगातार जनसंपर्क अभियान में लगे रहे। अभियान के तहत उन्होंने गोला प्रखण्ड के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं संग ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। बरलंगा बाजार टांड़ में जेपी पटेल ने डोर टू डोर कैंपेन कर कांग्रेस के पक्ष में वोट कर झूठे सपने दिखाने वाली मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। जनसंवाद के दौरान उन्होंने आम लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने देश के मासूम लोगों के साथ धोखा किया है। महंगाई को मुद्दा बना कर सिलेंडर के साथ प्रदर्शन करने वाले लोग मंत्री बनने के बाद सिर्फ एसी की हवा खा रहे हैं। आज उन्हें सिलेंडर का दाम नजर नहीं आ रहा। महिला सुरक्षा कितनी कड़ी है पूरा देश जानता है। रोजगार बढ़ने की जगह घट चुका है। युवा ग्रेजुएट होने के बाद पकौड़े तल रहा है। विदेश नीति साफ नहीं है।

## हजारीबाग लोकसभा के लिए 26 अप्रैल से मिलेगा नामांकन प्रपत्र, 3 मई नामांकन की अंतिम तिथि



**हजारीबाग** – हज़ारीबाग़ लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए नामांकन पत्र कल यानी 26 अप्रैल से जिला समाहरणालय भवन के तृतीय तल के सी विंग कमरा संख्या 302 निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि 26 अप्रैल से अभ्यर्थी (27 एवं 28 अप्रैल अवकाश छोड़कर) नामांकन प्रपत्र निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। तथा 3 मई (अंतिम तिथि) तक प्रपत्र भरकर निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते है। वहीं आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए अभ्यर्थी एवं उनके प्रस्तावक और समर्थक सहित पांच लोग अधिकतम को ही निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में प्रवेश की अनुमति रहेगी। निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय से 100 मीटर की दूरी तक आचार संहिता का पालन करते हुए अन्य लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान समाहरणालय भवन के मुख्य गेट से सरकारी वाहनों को छोड़कर अन्य सभी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। वहीं अभ्यर्थियों के लिए तीन वाहन अधिकतम के प्रवेश की अनुमति होगी। आमजनों के वाहन गेट के बाहर पार्क होंगे तथा पैदल प्रवेश करेगें।

## शत प्रतिशत रिजल्ट देकर उत्साहित है शिक्षक, बालिका शिक्षा के लिए 1984 में हुआ था स्थापना



**हज़ारीबाग़/चरही** – राज्य सरकार द्वारा संचालित बालिका परियोजना उच्च विद्यालय के शिक्षकों ने सराहनीय पहल की है। विद्यालय में नामांकन से पूर्व शिक्षण व्यवस्था से अवगत कराने और संतुष्ट होने के बाद नामांकन कराने की सुविधा प्रदान करते हुए डेमो क्लास प्रारंभ की है। जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचना देकर बकायदा डेमो क्लास गुरुवार से प्रारंभ किया है। ज्ञात हो कि चुरचू जैसे दुर्गम क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 1984 में विद्यालय की स्थापना की गई थी। तब से लेकर आजतक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दम पर विद्यालय लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। 2024 में भी विद्यालय ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता की है। रिजल्ट से उत्साहित शिक्षकों ने छात्राओं के बीच यह अवसर प्रदान किया है और डेमो क्लास के माध्यम से एक सप्ताह तक कक्षा करने और संतुष्ट हो जाने पर कक्षा नवम में नामांकन लेने की पहल की है। विद्यालय के इस पहल से क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों के साथ साथ अभिभावकों ने मुक्त कंठ प्रशंसा की है। टोली बनाकर माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों ने किया संपर्क, गांव में भी चलाया संपर्क अभियान विद्यालय में नामांकन बढ़ाने और छात्राओं के लिए बेहतर विद्यालय होने की जानकारी देने के लिए विद्यालय के शिक्षक प्रधानाध्यापक अंजनि कुमारी के नेतृत्व में पोषक क्षेत्र के आठ किलोमीटर के परिधि में संचालित मध्य विद्यालयों में जाकर बच्चों के साथ शिक्षकों को इसकी सूचना हीं नहीं दी बल्कि जन प्रतिनिधियों की मदद से गांव में भी संपर्क अभियान चलाया। तपती धूप में इनकी मेहनत को देखते हुए मध्य विद्यालयों के शिक्षकों ने भी परियोजना बालिका विद्यालय के शिक्षकों की सराहना और सहायता की है।

## युवा कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा चुनावी बैठक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित



**हजारीबाग** – युवा कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रकाश यादव के नेतृत्व में राहुल गांधी न्याय गारंटी के दौरान हजारीबाग लोकसभा चुनावी बैठक कांग्रेस कार्यालय हजारीबाग़ में आयोजित किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी इशिता सेढा, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव राजेश सिन्हा सन्नी, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रियाज अहमद, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप रवि, हजारीबाग़ लोकसभा प्रभारी मेहुल प्रसाद, जिला प्रभारी ग़ालिब इक़बाल, प्रदेश महासचिव नितीश सिन्हा शामिल हुए। जिला कमिटी के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। प्रदेश प्रभारी इशिता सेढा ने कहा कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता कांग्रेस की 25 गारंटी एवं 5 न्याय के बारे में डोर टू डोर जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे। और हजारीबाग़ लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के समर्थन में वोट करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करेंगे। बैठक के दौरान पप्पू कुमार, ओमप्रकाश, मनोहर यादव, साबिर अली, अमित पासवान, जैकी कुमार, रितेश तिवारी, बाबर, शुभम जायसवाल, सोनू, मोहन कुमार, मंजीत यादव, मोहसिन, मनीषा टोप्पो, संतोष यादव, शहजादा तामील, विजय यादव, अभिषेक आनंद, बबनी, शोएब, आदि वरिष्ठ कांग्रेस जनों में मनोज नारायण भगत, निशार खान, अजय गुप्ता, दरोगा अंसारी, जावेद, विजय सिंह, डॉक्टर वसीम आदि उपस्थित थे।

## चुनाव ड्यूटी में लगे गाड़ियों के रेट फिक्स, बाइक हो या बस मिलेगी एक मुश्त राशि

**सीजर लिस्ट कटवाने पर वाहन मालिकों को मिलेगी बड़ी राहत - सीओ संजय यादव**



**चौपारण** – हजारीबाग, चतरा और कोडरमा लोकसभा में आगामी 20 मई को चुनाव समपन्न होगा। इसे लेकर गाड़ियों की धड़ पकड़ भी शुरू हो गई। इसके लिए चुनाव आयोग के द्वारा चुनाव कार्य में लगे वाहनों के लिए रेट भी निर्धारित कर दी गई है। इसकी जानकारी निर्वाचन अधिकारी सह चौपारण सीओ सह प्रभारी बीडीओ संजय यादव ने देते हुए कहा कि चौपारण के कोई भी वाहन मालिक आज अपने गाड़ियों का सीजर लिस्ट कटवा सकते हैं। सीजर लिस्ट कटने के बाद उन्हें अपने वाहनों को 15 मई को विनोबा भावे में जमा करना पड़ेगा और 15 मई से ही गाड़ी बुक भी हो जाएगी। इस दौरान निर्धारित दर पर पैसे का भुगतान वाहन मालिकों के खाते में होगा। सीजर लिस्ट कटने के बाद निर्गत पर्ची को अपने गाड़ियों में चिपका कर कहीं भी आ जा सकते हैं। उनके गाड़ियों को पकड़ा नहीं जाएगा। सीजर लिस्ट कटवाने के लिए उन्हें ब्लॉक में सिर्फ गाड़ी का आरसी पेपर, आधार नम्बर और एकाउंट नम्बर का छाया प्रति फॉर्म के साथ जमा करना है। चौपारण को 50 गाड़ियों का लक्ष्य दिया गया है अभी तक 10 से 15 वाहन मालिकों द्वारा सीजर लिस्ट कटवाया जा चुका है। वहीं ड्राइवर को खुराकी भी मिलेगा।

# ईएसएल ने 5वीं सीआईआई राष्ट्रीय ई एच एस सर्कल प्रतियोगिता में सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं के लिए स्वर्ण पदक जीता

**बोकारो** . वेदांता समूह की कंपनी और भारत में अग्रणी इंटीग्रेटेड स्टील उत्पादक ईएसएल स्टील लिमिटेड का पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति उत्कृष्टता, नवीन भावना और समर्पण पर अटूट ध्यान है। हाल ही में, ईएसएल स्टील लिमिटेड को प्रतिष्ठित 5वीं सी आई आई राष्ट्रीय ई एच एस सर्कल प्रतियोगिता में गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है, जिसे देश भर के संगठनों से 7 श्रेणियों में 59 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थीं।यह वार्षिक प्रतियोगिता ÷सी आई आई नेशनल ई एच एस सर्कल प्रतियोगिता÷ भारतीय उद्योग परिसंघ (सी आई आई) द्वारा आयोजित की जाती है और पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर केंद्रित है।ई एस एल टीम में के संदीप, अभिषेक पॉल और जवेरिया मजहर सहित सुरक्षा और डिजिटल कर्मी शामिल रहे और इसका नेतृत्व समीर दास ने किया। ये उत्कृष्ट विजय है जो ई एस



एल स्टील लिमिटेड का पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति अटूट समर्पण के कफोकस को प्रदर्शित करता है।

ये विजय उन सुरक्षा जोखिमों को सक्रिय रूप से पहचानने और कम करने के लिए ए आई - सक्षम उन्नत कैमरा पहचान की शक्ति का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा दिया। सावधानीपूर्वक योजना, कठोर मूल्यांकन और अटूट समर्पण के माध्यम से यह परियोजना अपने प्रभाव और प्रभावशीलता के लिए सामने आई और अपने प्रतिस्पर्धियों को पछाड़ते हुए प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीता।

इस अवसर पर, ईएसएल स्टील लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी, रवीश शर्मा ने कहा ÷इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने से वेदांता ई एस एल पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के मामले में विनिर्माण उद्योग में एक उल्लेखनीय नाम बन गया है। मीनाक्षी सभरवाल के नेतृत्व में ई एस एल स्टील लिमिटेड की बिजनेस उत्कृष्टता टीम और विनय भूषण कुमार और शालू प्रिया की सहायता से ईएसएल स्टील में अपनाई गई प्रगति, नवाचार और उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य है।

## गोविंदपुर में एक कलुगी पुत्र ने किया बुज़ुर्ग पिता व बहन की पिटाई,मामला थाना पहुंचा।

**बोकारो थर्मल(बेरमो)** । गोविंदपुर बी पंचायत के निसंघात कॉलोनी निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग सुदामा चौधरी ने अपने पुत्र कृष्णा चौधरी एवम बहु के ऊपर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मारपीट का कारण जमीनी विवाद बताया जा रहा है। घटना बुधवार देर रात्रि की है जिसकी लिखित शिकायत आवेदन पीड़ित पिता ने गुरुवार को बोकारो थर्मल थाना की पुलिस को देकर न्याय वा सुरक्षा की गुहार लगाई है। आवेदन में पीड़ित बुजुर्ग सुदामा चौधरी ने लिखा है की उसका बड़ा पुत्र कृष्णा चौधरी एवम उसकी पत्नी बुधवार की रात्रि मेरे कमरे में आया और मेरे साथ मारपीट करने लगा बीच बचाव करने पहुंची मेरी पुत्री सुनीता देवी के साथ भी मारपीट किया। बुजुर्ग सुदामा ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र कृष्णा चौधरी गांव की पुस्तैनी जमीन अपने नाम पर लिखने का दबाव बना रहा है। जिसकारण आएदिन मारपीट कर रहा है। वही आवेदन के आधार पर बोकारो थर्मल थाना की पुलिस कार्यवाई हेतु मामले की जांच सुरु कर दिया है।

## रेलवे स्टेशन कॉलोनी निवासी बुज़ुर्ग महिला का हुआ सोने की चैन चोरी,थाना में किया शिकायत ।

**बेरमो ।** रेलवे स्टेशन कॉलोनी निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला बच्चनी देवी ने लगभग 50 हजार रुपए कीमत के सोने की चैन चोरी हो जाने की लिखित शिकायत बोकारो थर्मल थाना की पुलिस से किए है। पीड़ित महिला के पुत्र मनोज साव ने बताया कि वे लोग बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन समीप होटल चला कर जीविका चलाते है।बुधवार को मेरी मां होटल के बगल स्थित पीपल पेड़ के चबूतरा में सोने का चैन बी अन्य सामान रख कर होटल के लिए मशाला पीस रही थी इसी बीच किसी ने चैन की चोरी कर ली। पड़ोस में ही रहने वाले दो युवकों के ऊपर सोने का चैन चोरी करने का संदेह वयक्त किया गया है। वही आवेदन के आधार पर बोकारो थर्मल थाना की पुलिस चोरी हुवे चैन की बरामदगी हेतु मामले की जांच व आरोपी उवाको से पूछताछ कर रही है।

## सुदेश महतो के आगमन को लेकर वार्ड कमिटी की बैठक हुई



**सिन्दरी ¬**सिंदरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 53 , 54 एवं 55 वार्ड कमेटी के सभी सदस्यों के साथ एक सामूहिक बैठक रखा गया ।बैठक बैठक में आगामी दिनों 29.4.2024 को आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के धनबाद लोकसभा स्तरीय सम्मेलन में धनबाद आगमन को लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक बैठक सिंदरी महानगर के अध्यक्ष पिंटू चौधरी का आवास पर बैठक रखा गया ।बैठक में मुख्य रूप से सिंदरी विधानसभा का प्रभारी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव राधेश्याम गोस्वामी , कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद जिला के सम्मानित अध्यक्ष मंटू महतो साथ मे केंद्रीय सदस्य एवं वार्ड के प्रभारी कुल्लू चौधरी पार्टी के केंद्रीय सदस्य हीरालाल महतो उपस्थित हुए ,। बैठक को संबोधित करते हुए राधेश्याम गोस्वामी एवं धनबाद जिला के अध्यक्ष मंटू महतो ने पार्टी के पदाधिकारी , पार्टी के कार्यकर्ता एवं संगठन के सभी सदस्यों को कार्यक्रम मे एकमत होकर अधिक संख्या एकत्रित होकर भाग लेने के लिए आह्वान किया आज के कार्यक्रम में इस क्षेत्र के बहुत सारी पार्टी के महिला नेत्री गण ने भी भाग लिया एवं सिंदरी विधानसभा संगठन की ओर से जिला कमेटी को आश्वासन दिया की सिंदरी क्षेत्र से लगभग 1000 कार्यकर्ता धनबाद में होने जा रहे हैं। लोकसभा सम्मेलन में शिरकत करेंगे।,

## डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**धनबाद** / अखिल भारतीय किन्नर समाज, झारखंड प्रदेश एवं डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली सुबह 9 से रंगतांड चौक से निकल कर धनबाद रेलवे स्टेशन होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंच कर समाप्त हुई। इस दौरान सकड़ों किन्नर मौजूद रहें। रैली के दौरान वहां के मतदाताओं को 25 मई को धनबाद लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण




करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी अनीता कुजूर द्वारा रैली में मौजूद सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।रैली के दौरान डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर ने आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया। इस दौरान स्वीप पंपलेट, हैंडबील आदि वितरित किए गए। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू, सोशल

## भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सह बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो का निरसा विधानसभा में धुंआ धार जनसम्पर्क



**निरसा ।** भाजपा के लोकसभा प्रत्यासी सह बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने अपने समर्थकों के साथ निरसा विधानसभा क्षेत्र में धुंआ धार जनसम्पर्क अभियान चलाया । जनसम्पर्क अभियान की शरुआत कलियासोल प्रखण्ड के दलदली आश्रम श्री श्री गोकुलानन्द मठ में पूजा अर्चना से शुरू की । ततपश्चात लेदाहरिया, डुमरिया,कलियासोल, मैथन, पतलाबाड़ी, तिलतोरया, उपचुरिया ,उदयपुर, भागाबांध, रामकनाली ,धोबारी,बड़ा आममोना की जनता से जनसम्पर्क किया और हरि नाम संकीर्तन में शामिल हुये । तिलतोरिया में चल रहे सप्ताहांत भागवत कथा में पंहुचे,वाचक बृंदाबन से आये परम पूजनीय श्रधेय देवकीनन्दन जी महाराज का आशीर्वाद लिया। मैथन में पंचायत समिति सदस्यों के साथ बैठक कर रणनीति पर विचार विमर्श किया । वंही घटवार समाज के लोंगों ने ढुल्लू महतो का स्वागत किया और जीत की अग्रिम बधाई दी ।

## आयुष कुमार गुप्ता जेईई मेंस मे 90.09 परसेंटाइल अंक के साथ क्वालीफाई किया।



**बाघमारा ।** संस्कार ज्ञानपीठ 10+2 विद्यालय पीयूष विहार हरिना में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्र आयुष कुमार गुप्ता जेईई मेंस 2024 ( द्वितीय चरण ) को 90.09 परसेंटाइल अंक के साथ क्वालीफाई किया। इस शानदार सफलता के लिए आयुष कुमार गुप्ता एवम इनके माता रंजना देवी पिता राजेश गुप्ता जी विद्यालय के निदेशक डॉ मुकेश कुमार राय ने बधाई दी। वर्ष 2024 में आयोजित जेईई मेंस परीक्षा में संस्कार ज्ञानपीठ से कुल तीन छात्र चयनित हुए।इस सफलता से ज्ञानपीठ परिवार बहुत उत्साहित हैं एवम भविष्य में इससे ओर बेहतर परिणाम देने के लिए संस्कार ज्ञानपीठ प्रयासरत रहेगा।

## राधानगर (महुदा) मे बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ



**महुदा ¬**लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बाघमारा विधान सभा अंतर्गत राधानगर ( महुदा ) मे बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ ! भाजपा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह द्वारा आयोजित सम्मेलन के दौरान प्रत्यासी सी पी चौधरी समेत सांसद प्रतिनिधि रौशन चौधरी, जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, जगरनाथ राम- वि0 स0 प्रभारी, आशिष पाण्डेय,अनिल उपाध्याय- विधायक प्रतिनिधि समेत तमाम मंडल अध्यक्ष एवं प्रवल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए! सम्मेलन के दौरान उपस्थित पार्टी के तमाम अधिकारियों- पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थित गठबंधन के प्रत्यासी सी पी चौधरी का गर्मजोशी के साथ फूल मालाओं से स्वागत किया ! कार्यक्रम के दौरान प्रत्यासी सी पी चौधरी ने उपस्थित तमाम कार्यकर्ताओं के समक्ष अपनी और केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के चार सौ पार के संकल्प को पुरा करने का आह्वान किया ! श्री चौधरी ने मंडल के तमाम छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं एवं अधिकारियों से हरेक बूथ स्तर पर अपने पक्ष मे वोट प्रतिशत को बढ़ाने की बात कही ! अपने संबोधन के दौरान उन्होंने एक तरफ जहाँ राज्य की सरकार को भ्रष्टाचारी बताते तमाम खनिज संपदा पर लूट करने का आरोप लगाया दुसरी तरफ एन डी ए सरकार को राष्ट एवं अंतर्राष्टीय स्थर पर विकासशील बताते देश के लिये उपयोगी बताया ! उन्होंने कहा कि अब एक बार फिर जनता को तय करना है कि वो गिरिडीह लोकसभा से भ्रष्टाचारी सरकार के नुमाइंदो को चुनेगी या फिर विकास का परचम लहाराने हेतू एन डी ए गठबंधन के प्रत्यासी के पक्ष मे मतदान करेंगे ! सम्मेलन के दौरान रंजीत सिंह मटूक मिश्रा भरत यादव महेश पासवान भरत शर्मा समेत अन्य ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया ! कार्यक्रम का संचालन शेखर सिंह एवं कार्तिक महतो ने किया !

## जीवन में स्पोर्ट्स की बहुत ही अहमियत है :मनोज



**चास¬** ट्रेडिशनल कराटे फेडरेशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आज फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया 6पेफी8 के साथ तेलीडीह रोड चांस स्थित कार्यालय में कराटे फेडरेशन के अध्यक्ष संजय सोनी की अध्यक्षता में हुई द्य इस अहम बैठक में स्कूल के खेल शिक्षक सहित कई कराटे कोच ने भाग लिया द्य रांची से आए यन के एफ के महासचिव पेफी के राष्ट्रीय निदेशक मनोज कुमार मिश्रा और पेफी झारखंड के सचिव आलोक चौधरी ने युवाओं को पेफी खेल संस्था के अंतर्गत जुड़ने की बात की एवं खेल के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के द्य मनोज मिश्रा ने कहा कि जीवन में स्पोर्ट्स की बहुत ही अहमियत है द्य पेफी खिलाड़ियों को एक नया मंच देगा द्य साथ हीं रांची में आगामी बैठक 28 अप्रैल को जेके इंटरनेशनल स्कूल में होने वाली बैठक में भाग लेने की खिलाड़ियों से अपील की द्य कराटे फेडरेशन के अध्यक्ष संजय सोनी ने कहां की इस कार्यशाला बैठक का मुख्य उद्देश्य खेलों में स्वच्छ और निष्पक्ष खेल को महत्व देना स्पोर्ट्समैन को शिक्षित करना एवं उनके बीच में जागरूकता बढ़ानी है द्य मौके पर होली क्रॉस स्कूल के खेल शिक्षक संतोष कुमार महतो सरदार पटेल स्कूल के खेल शिक्षक धर्मवीर गुप्ता बलदेव रजक कराटे कोच सुनील कुमार उपस्थित थे

## गर्मा गर्मी बहस के बाद एबीवीपी के आग्रह पर बस चलाने को राजी हुए प्राचार्य

**कतरास** बाघमारा प्रखंड में स्थित एकमात्र अंगीभूत महाविद्यालय कतरास कॉलेज में सरकारी बस रहने के बावजूद कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही से बस कॉलेज परिसर में ही पड़ी रहती थी. बताया जाता है कि बस चालू कराने को लेकर परिषद के कार्यकर्ताओं ने कई बार प्राचार्य को आवेदन दिया, घेराबंदी भी की. उसके बावजूद भी तरह तरह के दलीलें देकर बस को नही चलने दिया गया. इस बीच बस के ड्राइवर और खलासी को वेतन भुगतान किया जाता रहा. इसी से क्षुब्ध होकर अंततः परिषद के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को प्राचार्य का घेराव कर बस चलाने की मांग की. काफी जद्दोजहद के बाद शाम को बस को चलाया गया. बता दे कि एबीवीपी ने चेतावनी दी थी कि




यदि जल्द ही रूट चार्ट जारी करके बस को नहीं चलाया गया तो विद्यार्थी परिषद रणनीति बनाकर आंदोलन करने को बाध्य होगा. प्राचार्य बीरेंद्र कुमार ने मामले की गंभीरता को बिना समझे और अपना मनमाना रवैया अपनाते हुए कोई भी कारवाही करना उचित नही समझा. प्राचार्य के इस रवैया से विवश होकर विद्यार्थी परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता ने उनका घेराव करते हुए कहा कि यदि प्राचार्य छात्रहित में निर्णय लेने में असमर्थ है तो तत्काल इस्तीफा दें. एबीवीपी ने प्राचार्य पर आरोप लगाया कि वे महाविद्यालय में डिक्टेटरशिप लाने का प्रयास कर रहे हैं. लगभग चार घंटे की मशक्कत के बाद एबीवीपी कार्यकर्ताओं और प्राचार्य के बीच बस चलाने को लेकर सहमति बनी. प्राचार्य ने कहा कि चौबीस घंटे के भीतर बस का रुट-चार्ट व समय-सारणी जारी की जाएगी.

मौके पर प्रांत विश्वविद्यालय सहसंयोजक शिवम रवानी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अक्षय गुप्ता, अभाविप कार्यकर्ता स्वयं स्वर्ण, मीडिया प्रभारी गोपाल केवट, एसएफएस प्रमुख रोहित राज दे, जीवविज्ञान विभाग संयोजक सिंटू मुखर्जी, कार्यकारिणी सदस्य अनिकेत गुप्ता, विक्रम बजरंगी, शुभम पॉल, वरुण चावला, प्रियांशु चौरसिया, शुभम हजारी, आलोक सिन्हा व सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मतदान करने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया गया

**चास¬** गुरुवार को चास-बोकारो के व्यावसायियों ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्कलुसिव अलायंस के पक्ष में मतदान करने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने धनबाद लोकसभा क्षेत्र से इण्डिया गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए वोट मांगने के लिए क्षेत्रवार अभियान की रणनीति बनाई है। इसके तहत व्यापारियों के बीच सघन अभियान चलाकर उन्हें सुरक्षा की गारंटी दी जाएगी। अभियान की कमान संभाल रहे बेरमो प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक ने कहा कि व्यापारी भयमुक्त होकर व्यापार करे। उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है।उन्होंने भरोसा दिया कि इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह आप सभी के बीच हमेशा रहेंगी। धनबाद लोकसभा को विकसित करने के लिए कांग्रेस संकल्पित है। इस अवसर पर झामुमो के चास नगर अध्यक्ष प्रमोद तापड़िया ने कहा कि भाजपा ने एक ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया है, जो खुलेआम व्यवसायियों को धमकी दे रहा है। जिस व्यक्ति पर दर्जनों केस दर्ज हों, ऐसे व्यक्ति को कोई भी शांतिप्रिय नागरिक वोट नहीं देना चाहेगा।

# गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो** स्टील प्लांट के मानव संसाधन विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सुरक्षा अभियंत्रण एवं ऊर्जा प्रबंधन विभाग के द्वारा आयोजित किया गया. कार्यक्रम के उदघाटन सत्र मे मुख्य महाप्रबंधक ( अनुरक्षण ) पी के बैसाखिया, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शक्ति कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (ऊर्जा प्रबंधन विभाग) गुलशन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) बी के सरतापे तथा सन्यंत्र के विभिन्न विभागो के लगभग 300 अधिकारीगण, कार्मिक तथा ठेका मज़दूर उपस्थित थे.सहायक महाप्रबन्धक (सुरक्षा अभियंत्रण विभाग) राकेश प्रसाद गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों तथा



मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी. तत्पश्चात मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) श्री बी के सरतापे ने सभी प्रतिभागियो को सुरक्षा शपथ दिलाई तथा इस कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला. मुख्य महाप्रबंधक ( ऊर्जा प्रबंधन विभाग ) श्री गुलशन कुमार ने अपने सम्बोधन मे स्टील प्लांट के लिए गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्व की जानकारी दी एवम सभी प्रतिभागियो से इस कार्यक्रम से लाभ उठाने की अपील की.

मुख्य महाप्रबंधक ( अनुरक्षण ) श्री पी के बैसाखिया ने अपने सम्बोधन मे प्लांट के लिये गैस संबंधित दुर्घटनाओं के कारण और उनसे बचाव के उपायों पर ध्यान केंद्रित करने तथा गैस सुरक्षा के लिए प्रभावी उपायों और सुरक्षा नियमों की जानकारी बढाने की सभी प्रतिभागियो से अपील की. जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शक्ति कुमार ने अपने प्रस्तुतीकरण द्वारा सभी प्रतिभागियो को जागरूक किया. तत्पश्चात ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहायक महा प्रबन्धक श्री सौरभ सिंह तथा महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) विनोद कुमार ने भी अलग - अलग प्रस्तुतीकरण दिया एवं प्रतिभागियो को गैस सुरक्षा से संबन्धित जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक ( सुरक्षा अभियंत्रण विभाग ) अनिरुद्ध दिवाकर ने किया.

## लोहरदगा के 09 खिलाड़ी राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में शामिल होने दिल्ली रवाना



**कुडू** – लोहरदग़ा ~ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के द्वारा मान्यता प्राप्त स्टेयर्स फाउंडेशन के बैनर तले 27 से 30 अप्रैल तक नई दिल्ली के इंद्रा गाँधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित नेशनल स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन प्रतियोगिता में शामिल होने लोहरदग़ा के 9 खिलाड़ी दिल्ली रवाना हुए। एक बार पुनः एक वर्ष के लिए स्टेयर्स फाउंडेशन के द्वारा कराटे स्टेट हेड कोऑर्डिनेटर बने जिला कराटे संघ लोहरदगा के संस्थापक अमित कुमार सिंह की अगुवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों से अंडर 16 आयुवर्ग में कुडू से प्राची कुमारी, कुमकुम कुमारी, और 13 आयु वर्ग में सोनिका कुमारी, सिमरन कुजूर, और प्रतिभा यादव हैं प्रखंड कैरो से 16 आयुवर्ग में कशिश कुमारी एवं 19 आयुवर्ग में पंकज ठाकुर तथा प्रखंड सेन्हा के कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा से आयुवर्ग अंडर 15 वर्ष में निर्मला कुमारी और अंडर 19 वर्ष में अंचल कुमारी दिल्ली रवाना हुए। अमित सिंह ने बताया कि इस खेल प्रतियोगितायें में होगी देश के करीब 5000 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने सभी खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम बधाई और विजयी भव का आशीर्वाद दिया। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष राजु उरांव, कोषाध्यक्ष चन्द्रगुप्त महली मौजूद रहे।

## विशेष अभियान के तहत कुडू में मतदाता सूची का किया गया वितरण



**कुडू** – लोहरदग़ा ~ आगामी लोकसकभा चुनाव के मद्देनजर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में गुरुवार को विशेष अभियान के तहत मतदाता सूची का वितरण किया गया। बीडीओ प्रवेश कुमार साव एवं बीएलओ सुपरवाइजर सुनील चन्द्र कुंवर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट, सभी बीएलओ, स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थे। निर्देश दिया गया कि सभी बीएलओ को अपने-अपने मतदान केंद्र का मतदाता पर्ची, मतदाता रजिस्टर व मतदाता सूची की प्रति उपलब्ध कराई गई, जिसे पांच दिनों के अंदर वितरण कर मतदाता रजिस्टर एवं एएसडी की सूची को प्रखंड कार्यालय में जमा करेंगे। मौके पर बीडीओ श्री साव ने बताया कि 13 मई को प्रखंड के सभी 88 बूथ में सुबह सात बजे से लेकर संध्या पांच बजे तक मतदान होगा। इस दौरान सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने- अपने आवंटित क्षेत्र में बीएलओ के साथ संपर्क बनाए रखेंगे। वहीं सभी स्वास्थ्य कर्मी को निर्देशित किया गया कि नजदीक के मतदान केंद्र में उपस्थित होकर उक्त तिथि को स्वास्थ सेवा बहाल रखेंगे।

## अनियंत्रित बाइक सवार ने खड़ा हाइवा में मारी टक्कर, घायल



**बालूमाथ ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के हेमपुर मोड़ के पास एक अनियंत्रित बाइक सवार ने खड़ा हाइवा में टक्कर मार दिया ।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गोलू गंझु 25 वर्ष पिता नामधारी गंझु ग्राम अमरवाडीह थाना बरियातू निवासी बालूमाथ थाना क्षेत्र के मुरगांव ग्राम से अपने घर वापस अमरवाड़ीह मोटरसाइकिल से जा रहा था ।इसी दौरान हेमपुर मोड़ के पास एक खड़े हाईवा में अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया ।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां उसका प्राथमिक इलाज डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा किया गया । वहीं युवक की गम्भीर स्तिथि को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया ।

# कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने नामांकन पर्चा किया दाखिल





**लोहरदगा लोहरदगा** लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सुखदेव भगत के नामांकन को लेकर आज झारखंड सरकार के कई मंत्री और खुद मुख्यमंत्री भी गुमला पहुंचे हुए थे। गौर तलब है कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा इंडिया गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही है और लोहरदगा सीट पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सुखदेव भगत के नामांकन में राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन,स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ,मंत्री रामेश्वर उरांव,मंत्री सत्यानंद भोक्ता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोध कांत सहाय,राजेश ठाकुर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी मीर आलम,बंधु तिर्की समेत अनेको कांग्रेस पार्टी के नेता और झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक जिंगा मुंडा,विधायक भूषण तिर्की,विधायक नेहा शिल्पी तिर्की कार्यक्रम में हिस्सा लिए। राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की नेतृत्व में चलने वाली नरेंद्र मोदी की सरकार महंगाई भ्रष्टाचार आदि मुद्दों को लेकर लोकसभा के चुनाव में जीत हासिल की थी,लेकिन जीत हासिल करने के बाद महंगाई में बेतहासा वृद्धि हुई और पेट्रोल गैस के दामों में अचानक वृद्धि हुई जो कि आज तक जारी है। इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार जिम्मेवार है। जनसभा को कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी मीर आलम ने संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन से बीजेपी और मोदी घबरा गई है क्योंकि इंडिया गठबंधन पूरे देश में जीत हासिल कर रही है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता,मंत्री सत्यानंद भोक्ता,मंत्री रामेश्वर उरांव विधायक भूषण तिर्की,विधायक जिगा मुंडा विधायक नेहा शिल्पी तिर्की,पूर्व विधायक बंधु तिर्की,राजेश ठाकुर,कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी सुखदेव भगत, कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतू उरांव,लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति सदस्य आलोक कुमार साहू समेत कई नेताओं ने अपने विचार देते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में भारी मतों से विजई बनाने के लिए और लोगों को कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र से अवगत कराने की अपील की गई। नामांकन के पूर्व कांग्रेस पार्टी कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया था। इसके बाद नामांकन जुलूस शहरी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में गया जहां की सुखदेव भगत ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। इसके बाद जनसभा का आयोजन नगर भवन परिसर में किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री समेत राज्य के मंत्री विधायक और कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी वाले के नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

## अभिषेक कुमार और मोनिका कुमारी ने किया विद्यालय का निरीक्षण

**बहुत ही अच्छे तरीके से विद्यालय को साफ सफाई रखा गया है --अभिषेक कुमार**



पेटरवार ~पेटरवार प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विधालय प्रखंड कॉलोनी में सरकार के टेक्निकल पार्ट के पाथ ऑर्गनाइजेशन के स्टेट लीडर अभिषेक कुमार और मोनिका कुमारी ने गुरुवार को विद्यालय का निरीक्षण किया। दो सदस्यीय टीम के सदस्यों ने कहा कि स्वास्थ विभाग के एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम और फ़ूड एन्ड पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन विभाग के द्वारा फोर्टी फाइव चावल वितरण के तहत एनीमिया को कम किया जाता है। कहा कि सरकार के द्वारा आयरन फोलिस्क एसीड के टाइबलेट सप्लाई ठीक से हो रहा है की नहीं, बच्चे सही समय पर उसे ले रहे है की नहीं या शिक्षक को किसी तरह का प्रशिक्षण की जरुरत तो नहीं। बताया की इसे जीरो ग्राउंड से देखना और समझना है कि सही तरीके से इसका इस्तमाल हो रहा है की नहीं। साथ ही स्कूल मे बच्चों की पढ़ाई के बारे मे भी जानकारी प्राप्त की। बच्चों को किस तरह से शिक्षा का ज्ञान वितरण किया जा रहा है। निरक्षण के दौरान बच्चों के लिए बन रहे एम डी एम भोजन तैयार करने वाले रसोईया और साफ -सफाई की भी जांच की। अपने जांच के दौरान उन्होंने कहा कि बहुत ही अच्छे तरीके से विद्यालय को साफ सफाई रखा गया है। निरीक्षण के दौरान खाना बनाने वाले रसोईया को कुछ दिशा निर्देश भी दिये।

# शत-प्रतिशत मतदान को लेकर मेहंदी एवं रंगोली कार्यक्रम का आयोजन

**कुन्दा के विभिन्न गांव में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान**



**कुन्दा**~शत प्रतिशत मतदान को लेकर चिलचिलाती धूप में स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रखंड के अतिसुदूरवर्ती गाँव मदारपुर,एकता,मरगड्डा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।इसी क्रम में महिलाओं ने रंगोली,मेहंदी,मतदाता शपथ दिलाकर मतदाताओं को जागरूक किया।शत प्रतिशत मतदान को लेकर चिलचिलाती धूप में जिले से लेकर प्रखंड के पदाधिकारी जोर सोर से लगे हुवे हैं वही इन दिनों लगातार प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी( मनरेगा ) अजय कुमार सिन्हा भी मतदाताओं के बीच लोकतंत्र की महापर्व में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने को लेकर मतदाताओं को जागरूक कर रहें हैं।इस मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।वही विभिन्न स्लोगन वोट जैसा कुछ नहीं,वोट जरूर डालेंगे हम,जागों जागों हे मतदाता.... तुम भारत के भाग्य विधाता ! के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया।इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।इसे लेकर प्रेरित किया गया।लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।साथ ही अपने घरों और आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें।साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

वही जनप्रतिनिधि भी स्वीप कार्यक्रम में भाग लेकर शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर प्रेरित कर रहें हैं।मौके पर स्वीप कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार सिन्हा,पंचयात सेवक मुरली राम, रोजगार सेवक नवनीत कुमार नवीन, मिथलेश कुमार यादव,बीएफटी अनिल कुमार,आशीष कुमार मौजूद रहें।

## बालूमाथ अंचलाधिकारी के नेतृत्व में निकाली गई मतदाता जागरूकता प्रभात फेरी




**बालूमाथ ।** बालूमाथ प्रखण्ड कार्यालय से अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर के नेतृत्व में गुरुवार को मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रभात फेरी रैली निकाली गयी ।जिसमे बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव,बालूमाथ मुखिया नरेश उराँव,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निर्मला लता,कृषि पदाधिकारी मनीष पांडे,बीएलओ जीवन मिश्रा,स्वास्थ्य कर्मी गुलाम समेत बालूमाथ राजकीय कृत उच्च विद्यालय, बालूमाथ बेसिक स्कूल, बालिका विद्यालय की सैकड़ो छात्र-छात्राएं प्रभात फेरी रैली में शामिल हुई । प्रभात फेरी प्रखंड कार्यालय परिसर से निकलकर शहीद चौक,थाना चौक होते हुए बेसिक स्कूल पहुंची । इस दौरान छात्राओं ने अपने हाथों में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से हाथों में स्लोगन लिखा हुआ बैनर व पोस्टर टांग रखा था । प्रभात फेरी के दौरान छात्र-छात्राओं ने नारा लगाते हुए कहा कौन गढ़ेगा देश को मेरा वोट,मेरा वोट, वोट देने जाना है अपना फर्ज निभाना है समेत कई नारे लगाए । मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया था जिसमें विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया ।शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल करना है ।

# भवनाथपुर में विश्व मलेरिया दिवस पर निकाली जागरूकता रैली




**भवनाथपुर (गढ़वा) (रांएसं)** ~ आम लोगों को स्वच्छता और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए गुरुवार को भवनाथपुर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विश्व मलेरिया दिवस पर आम लोगों को जागरूक करने और मलेरिया से बचाव की जानकारी देने के लिए गुरुवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन दास के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकली गई। इस जागरूकता रैली में शामिल लोग पदयात्रा करते हुए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से चल कर शब्जी बाजार होते हुए कर्पूरी चौक तक गये। वहाँ से मुख्य मार्ग से होते हुए वापस अस्पताल परिसर में आकर रैली समाप्त हो गई। इस रैली में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन दास के अलावे अस्पताल के सभी कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर डॉ रंजन दास ने लोगों को मलेरिया से बचने के उपायों की जानकारी देते हुए बताया कि मलेरिया बुखार अधिकतर गंदे और जमा पानी में पैदा होने वाले मच्छरों के काटने से होता है। जिसके काटने से मलेरिया जैसी बीमारी होती है। मच्छर से बचाव के लिए घर तथा आसपास पानी जमा नहीं होने दें। उन्होंने कहा कि बीते तीन वर्षों में मलेरिया के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग ने काफी काम किया है। लोगों के बीच मेडिकेटेड मच्छरदानी वितरण के साथ साथ लोगों को जागरूक करने से मलेरिया बीमारी में कमी आई है। उन्होंने कहा कि जहां मलेरिया के फैलने की आशंका होती है वहां निगरानी टीम के द्वारा लगातार निरीक्षण किया जाता है। आने वाले समय में वैसे जगहों को मलेरिया से बिल्कुल मुक्त किया जायेगा। इस मौके पर मलेरिया टीम के विद्यानंद प्रजापति, जी प्रसाद, धर्मजीत पासवान, अनुज कुमार, सभी सीएचओ, बिटिटी, सहिया आदि लोग शामिल थे।

# चतरा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का नामांकन आज

**प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल, अमर बाऊरी, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू समेत करेंगे शिरकत**



**चतरा**~ चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह शुक्रवार 26 अप्रैल को अपना नामांकन करेंगे। नामांकन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। नामांकन को लेकर पूरे संसदीय क्षेत्र से भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम मतदाताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। नामांकन को लेकर जिला के सभी 18 मंडल के अध्यक्षों सहित हजारों भाजपा कार्यकर्ता नामांकन में शामिल होंगे। इस मौके पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता अमर बाऊरी, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू सहित कई अन्य गण्यमान्य लोग भी शामिल होंगे। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा है कि चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए इस बार स्थानीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में है और घर के बेटा को संसदीय क्षेत्र की सभी जनता का व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की ने काफी लंबे अरसे के बाद किसी स्थानीय प्रत्याशी को उम्मीदवार बनाया है जिससे कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम मतदाताओं में काफी उत्साह अधिक है ।जिला मुख्यालय स्थित बाबा घाट मैदान में नामांकन के बाद भाजपा का विशाल जनसभा का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चतरा लोकसभा प्रभारी एवं राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी, जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नवीन साह, पंकज साह सहित भाजपा नेताओं ने मंच की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है। इस मौके पर सुरक्षा के साथ-साथ कार्यक्रम में शामिल होने वाले कार्यकर्ता एवं आम लोगों के लिए पेयजल की सुविधा सहित अन्य व्यवस्था भी भाजपा के द्वारा किया गया है।

## विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर क्विज़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कुडू – लोहरदगा** ~ जिला मलेरिया नियंत्रण समिति के तत्वावधान में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुडू अंतर्गत प्रोजेक्ट बालिका उच्य विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कुडू में क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से मलेरिया, उसके लक्षण, उपचार एवं बचाव की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रुप से एमपीडब्ल्यू शादाब कुरैशी, नितीन कुमार गुप्ता, रामनरेश भगत, रोशन टोप्पो उपस्थित थे।

# आईपीएल 2024 : पंजाब किंग्स पर जीत के इरादे से उतरेगी केकेआर

**कोलकाता (एजेंसी)।** आईपीएल में शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) अपने घरेलू मैदान पर पंजाब किंग्स को हराकर अपनी जीत की लय बनाये रखने उतरेगी। केकेआर 10 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है और जीत की प्रबल दावेदार है। उसके इस सत्र में गेंदबाजी और बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरी ओर पंजाब किंग्स की टीम अब तक बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पायी है। केकेआर की अब तक की सफलता में उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों की अहम भूमिका रही है हालांकि उसके तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अब तक इस टूर्नामेंट में और ऐसे में केकेआर उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। स्टार्क के पास इसलिए भी अच्छा अवसर है क्योंकि पंजाब किंग्स के बल्लेबाज फार्म में नहीं हैं। कप्तान शिखर धवन के अलावा निचले क्रम पर शशांक सिंह और आशुतोष ने भी अच्छी बल्लेबाजी की है। पंजाब की टीम के 4 अंक हैं और वह प्लेआफ की दौड़ से तकरीबन बाहर हो गयी है। धवन का खेलना इस मैच में उनकी फिटने पर आधारित रहेगा। धवन पिछले दिनों कंधे में चोट लगने के कारण बाहर हो गये थे हालांकि अभ्यास सत्र में वह शामिल हुए जिससे उनके खेलने की उम्मीद हैं।

केकेआर की बल्लेबाजी सलामी बल्लेबाज सुनील नारायण, फिल साल्ट के अलावा आंद्रे रसेल और कप्तान श्रेयस अय्यर पर आधारित रहेगी। इसके अलावा उसके पास रिंकू सिंह जैसा आक्रामक बल्लेबाज भी निचले क्रम पर है। अभी तक टीम के प्रमुख बल्लेबाजों ने 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं जिससे टीम बड़े स्कोर बनाने में सफल रही है। उसने अधिकतर मैचों में 200 से अधिक रन बनाये हैं। वेंकटेश अय्यर अब तक अधिक रन नहीं बना पाये है, ऐसे में उनका लक्ष्य इस मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। टीम को इस मैच में नीतिश राणा की कमी खलेगी। नीतिश अच्छे बल्लेबाज होने के साथ ही स्पिनर भी हैं।.

केकेआर की गेंदबाजी अब तक उम्मीद के अनुसार नहीं रही है जिसमें वह लय हासिल करने का प्रयास करेगी। अब तक केवल सुनील नरेन ही कुछ हद तक प्रभावित कर पाये हैं।




उनका इकॉनॉमी रेट 7 के करीब रहा है हालांकि पिछले मैच में वह बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा पाये थे। अब पंजाब की उम्मीदों धवन के अलावा शशांक और आशुतोष पर रहेंगी।

पंजाब को इस मैच में अगर जीत दर्ज करनी है तो उसे केकेआर की कमजोर गेंदबाजी का लाभ उठाकर आक्रमक बल्लेबाजी करनी होगी। उसके पास शीर्षक्रम में प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, रिली रोसोयू और जॉनी बेयरस्टो जैसे बेहतरीन बल्लेबाज हैं जिनका बल्ला अब तक खामोश रहा है। इन इनके पास इस मैच में रन बनाकर फार्म हासिल करने का अवसर है।

### टीम

**कोलकाता नाइट राइडर्स-** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान।

**पंजाब किंग्स-**शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसोयू।

# उसेन बोल्ट बने टी20 विश्व कप के ब्रॉन्ड एंबेसडर, बोले- चाहूंगा विंडीज जीते




**मुंबई (एजेंसी)।** दुबई - अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महान धावक उसेन बोल्ट को एक से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले आगामी टी20 विश्व कप का ब्रांड दूत नियुक्त किया। जमैका में जन्में बोल्ट ने 2008 में बीजिंग में हुए ओलंपिक खेलों में इतिहास रचा था, जहां उन्होंने विश्व रिकॉर्ड समय में 100 मीटर, 200 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर दौड़ जीती थी। बोल्ट के नाम वर्तमान में 100 मीटर, 200 मीटर और 4 गुणा 100 मीटर में क्रमशः 9.58 सेकंड, 19.19 सेकंड और 36.84 सेकंड के समय के साथ विश्व रिकॉर्ड हैं। बोल्ट विश्व कप के अपने देश आने और अपनी नयी भूमिका को लेकर उत्साहित है।

आईसीसी से जारी विज्ञप्ति में बोल्ट ने कहा कि मैं आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप का दूत बनकर रोमांचित हूं। कैरेबियाई देशों क्रिकेट जीवन का एक हिस्सा है, इस खेल के लिए हमेशा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रहा है। बोल्ट ने कहा कि क्रिकेट के लिए अमेरिका में बाजार ढूंढना बहुत बड़ी बात होगी। उन्होंने कहा कि मैं विश्व कप में वेस्टइंडीज का समर्थन करूंगा, लेकिन इस खेल को अमेरिका में लाना क्रिकेट के लिए बड़ी बात है। यह दुनिया का सबसे बड़ा खेल बाजार है। उन्होंने कहा कि टी20 विश्व कप के लिए हम जो ऊर्जा लाएंगे वह 2028 में एलए ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने की दिशा में एक बड़ा मौका बनाएगा।

# आईपीएल अंक तालिका में एक स्थान ऊपर आयी दिल्ली कैपिटल्स

### -ऋषभ पंत ऑरेंज कैप के दावेदारों में तीसरे नंबर पर पहुंचे

**मुम्बई (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में मिली जीत के साथ ही एक साथ का लाभ हुआ है और वह छठे स्थान पर आ गयी है। वहीं गुजरात की टीम सातवें नंबर पर खिसक गयी है। दिल्ली कैपिटल्स के अब 9 मैचों में आठ अंक हैं पर -0.386 के बेहतर नेट रन रेट के कारण वह रैंकिंग में गुजरात से ऊपर आ गयी है। गुजरात की टीम अंक तालिका में नौ मैचों में 8 अंकों के साथ ही छठे से खिसककर सातवें स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं अंक तालिका में अभी राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है जबकि 10-10 अंक लेकर कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जाइंट्स दूसरे, तीसरे और चौथे नंबर पर है। चेन्नई के 8 मैचों में 8 अंक हैं जिस कारण वह पांचवें स्थान पर है। मुंबई इंडियंस 6 अंक लेकर आठवें, पंजाब किंग्स 4 अंक लेकर नौवें और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 2 अंक लेकर 10वें स्थान पर है। ऑरेंज कैप के दावेदारों में आरसीबी के विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाकर सबसे बड़े दावेदार बने हुए हैं। विराट के 379 रन हैं, दूसरे नंबर पर सीएसके के रुतुराज गायकवाड़ हैं उनके 349 रन हैं जबकि गुजरा के खिलाफ धमाकेदार पारी खेलकर 88 रन बनाने के साथ ही दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत कुल 342 रनों के साथ ही तीसरे नंबर पर आ गये हैं। पर्पल कैप की सूची में मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह 13 विकेट लेकर पहले जबकि राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल 13 विकेट लेकर दूसरे नंबर हैं। पंजाब किंग्स के हर्षल पटेल भी 13 विकेट, तीसरे नंबर पर हैं। औसत और इकोनॉमी में बेहतर होने के कारण बुमराह और चहल को पहला और दूसरा स्थान मिला है।

# राहुल बनाम सैमसन, आवेश बनाम बिश्नोई या अक्षर, जल्द होगी टी20 विश्व कप टीम की घोषणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिए संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं।




अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए टीम चुनते समय दुविधा अतिरिक्त गेंदबाज की भी होगी। यह देखना होगा कि तेज गेंदबाज आवेश खान को चुना जाता है या वेस्टइंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई या हरफनमौला अक्षर पटेल को। समझा जाता है कि कप्तान रोहित शर्मा चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं।

आईसीसी ने टीम चुनने के लिए एक मई की समय सीमा दी है। बीसीसीआई इस सप्ताह के आखिर में या अगले सप्ताह की शुरूआत में टीम का ऐलान कर सकता है। पांड्या ने मुंबई इंडियंस के लिए आठ मैचों में 17 ओवर डाले हैं। अभी तक इस आईपीएल में वह सात छक्के ही लगा सके हैं। उनके बल्ले से 150 रन ही निकले हैं और उनका स्ट्राइक रेट 142 रहा है। वैसे पांड्या के अलावा कोई विकल्प भी नजर नहीं आता क्योंकि शिवम दुबे भी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं।

कौशल और रफ्तार के मामले में गेंदबाजी में दुबे कहीं भी पांड्या के समकक्ष नहीं हैं लेकिन बल्लेबाजी में वह शानदार फॉर्म में है जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। आईपीएल में 161 की स्ट्राइक रेट से 342 रन बना चुके विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरे विकेटकीपर के लिए केएल राहुल (141 स्ट्राइक रेट से 302 रन) और संजू सैमसन (152 स्ट्राइक रेट से 314 रन) के बीच मुकाबला है। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जगह लगभग पक्की है। वैसे बुमराह और कुलदीप को छोड़कर बाकी गेंदबाज आईपीएल में फॉर्म में नहीं है लिहाजा अतिरिक्त गेंदबाज का विकल्प अहम होगा। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश, दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर बिश्नोई के बीच मुकाबला है। आवेश ने करीब 9 की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिए हैं जबकि बिश्नोई ने 9 के भीतर की इकॉनॉमी रेट से पांच विकेट चटकाए हैं। अक्षर ने सात विकेट लिए हैं और उनकी इकॉनॉमी रेट सात के आसपास रही है। वह बल्लेबाजी में भी 132 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं।

# टी20 विश्वकप से पहले भारत-पाकिस्तान मुकाबलों वाला प्रोमो जारी

मुम्बई। क्रिकेट प्रशंसकों को जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्वकप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले का ब्रेसब्री से इंतजार है। इसी को लेकर अब टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने एक प्रोमो वीडियो जारी किया है। टी20 विश्वकप 2 जून से शुरू होगा। इस प्रोमो वीडियो से प्रशंसक उत्साहित हैं। इसमें पिछले दो दशकों में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए अलग-अलग मैचों के अहम पलों को शामिल किया गया है। इस प्रोमो में टी20 विश्व कप के इतिहास की कई कई यादें दिखाई जा रही हैं। इस प्रोमो की शुरुआत में महेंद्र सिंह धोनी दिखाई दे रहे हैं, जो टी20 विश्व कप 2007 के समय भारतीय टीम के कप्तान थे। इसमें मिस्बाह उल हक का अंतिम स्कूप शॉट दिखाया गया है। मिस्बाह के इसी शॉट पर उछले कैच को श्रीसंत ने पकड़ा था जिससे भारत ने 2007 टी20 विश्वकप जीता था। इसके बाद पाकिस्तान के शाहीद अफरीदी और विराट कोहली नजर आते हैं। प्रोमो में रोहित, विराट को अपने कंधो पर उठाते हुए नजर आते हैं। ये तस्वीर 2022 टी20 विश्व कप की है जब विराट ने अपनी आक्रामक पारी से भारत को जीत दिलाई थी। इस मैच में विराट ने हारिस राउफ पर लगातार 2 जबरदस्त छक्के लगाए थे और मैच भारत की ओर ओर मोड़ दिया था। इसके बाद उन्होंने मोहम्मद नवाज के अंतिम ओवर में चौके-छक्के लगाकर भारत को जीत दिलाई थी। प्रोमो में इसके बाद टी20 विश्व कप का लोगो और शुरु होने की तारीख नजर आ रही है।

# सहवाग बोले, धोनी को टी-20 विश्वकप के लिए शामिल किया जाना चाहिये



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी को आगामी टी20 विश्वकप के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर रखा जाना चाहिये जबकि धोनी को संन्यास लिए काफी समय हो गया है। वह अभी केवल आईपीएल खेल रहे हैं। धोनी स्वयं भी संन्यास से वापसी किसी कीमत पर नहीं करेंगे क्योंकि उन्होंने हाल ही मैं संकेत दिये थे कि अगर उनका शरीर साथ देगा तभी वह अगले सत्र में खेलेंगे। वहीं सहवाग का कहना है कि आगामी टी-20 विश्वकप में धोनी को शामिल किया जाना चाहिये। टी-20 विश्वकप एक जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। इसके लिए भारतीय टीम की घोषणा कुछ ही समय में होगी। सहवाग ने एक शो पर विकेटकीपर के तौर धोनी को लेकर जाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा, आईपीएल में इस बार धोनी का 255 का स्ट्राइक रेट है और औसत है ही नहीं, क्योंकि वह आउट ही नहीं हुए हैं। 34 गेंदों में अब तक धोनी ने 87 रन बनाए हैं। इसके अलावा उनकी फिटनेस भी अभी काफी अच्छी है। सहवाग ने साथ ही कहा, टी-20 विश्वकप में कीपिंग के साथ ही धोनी अनुभवी होने के कारण अंतिम ओवरों में एक बेहतर फिनिशर की भूमिका निभा सकते हैं। अभी भी वह आईपीएल में विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी कर रहे। गौरतलब है कि आईपीएल में अब तक धोनी ने अपनी बल्लेबाजी से प्रशंसकों का अच्छामनोरंजन किया है। धोनी ने अंतिम ओवरों में आकर अपनी तूफानी बल्लेबाजी से टीम को जीत दिलायी है। लखनऊ के खिलाफ मैच में धोनी ने केवल 9 गेंदों पर 28 रन बना दिये थे।

# टी20 विश्व कप में भी खेलना चाहते हैं स्टोइनिस

**चेन्नई (एजेंसी)।** ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने कहा है कि वह केन्द्रीय अनुबंध नहीं मिलने बाद भी ऑस्ट्रेलियाई टीम की ओर से खेलना चाहते हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस ऑलराउंडर को 2024-25 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल नहीं किया है। माना जा रहा है कि इसका कारण उनकी बढ़ती उम्र है। स्टोइनिस अभी 34 साल के हैं। ये ऑलराडर आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन से उत्साहित है और आगे भी ऑस्ट्रेलिया से खेलना चाहता है। स्टोइनिस ने आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलते हुए सीएसके के खिलाफ शानदार शतक लगाकर अपने को साबित किया है।अब उनका लक्ष्य आगामी टी20 विश्व कप के साथ ही आगे भी खेलना है।



वहीं गत माह सीए ने जो अनुबंध सूची जारी की थी उसमें स्टोइनिस को 23 सदस्यीय खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर कर दिया था। स्टोइनिस हालांकि सीए अनुबंध से बाहर किये जाने को अधिक महत्व नहीं देते हैं।

इस क्रिकेटर ने कहा, 'मेरे ऑस्ट्रेलियाई कोच एंड्रयू मैकडोनल्ड के साथ अच्छे रिश्ते हैं। इस कारण से मुझे पहले से ही अनुबंध नहीं मिलने की बात पता थी। मुझे लगता है कि युवा खिलाड़ियों को अवसर देने के लिए ही मुझे बाहर किया गया। इसमें कोई गलती भी नहीं है। अनुबंध सूची में मेरी जगह देने से ज्यादा असर नहीं पड़ता। वह राष्ट्रीय टीम के साथ अब अपने करियर में कोई बदलाव नहीं चाहते हैं।

उन्होंने कहा, 'लेकिन जहां तक खेलने की बात है तो निश्चित रूप से मैं ये पक्का करना चाहता हूं कि मैं राष्ट्रीय टीम में रहूं और इसलिए ही यह टूर्नामेंट हमारे लिए और विशेषकर मेरे लिए बहुत भाग्यशाली है इसलिए मैं इसे इतना पसंद करता हूं।

स्टोइनिस को जनवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई एकदिवसीय टीम से बाहर कर दिया गया पर इसके बाद भी वह टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में खेलना चाहते हैं। स्टोइनिस को टी20 विश्व कप के दौरान आस्ट्रेलियाई टीम में पांचवें स्थान पर रखे जाने की संभावना है। स्टोइनिस टूर्नामेंट के लिए ऑस्ट्रेलियाई चयन के लिए योग्य होंगे क्योंकि उनका 2023-24 सत्र के लिए अनुबंध 30 जून तक है।

# बीसीसीसी ने दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख को लगायी फटकार

मुम्बई। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में विकेट लेने के बाद आक्रामक जश्न मनाना भारी पड़ा है। इसके कारण बीसीसीआई ने उन्हें कड़ी फटकार लगायी है। बीसीसीआई ने रसिख को आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.5 के लेवल एक के अपराध का दोषी पाया है। ये ऐसी भाषा के इस्तेमाल या हरकत या भाव भंगिमा से संबंधित है जिससे दूसरे खिलाड़ी को उकसाया जा सकता है। गुजरात के खिलाफ मैच में एक विकेट लेने के बाद रसिख ने आक्रामक जश्न मनाया था। रसिख ने इस मैच में चार ओवर में 44 रन देकर तीन विकेट लिए थे। गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली ने आखिरी ओवर तक चले मुकाबले में 4 रन से जीत हासिल की। दिल्ली ने पहले खेलते हुए अक्षर पटेल के 66 तो कप्तान ऋषभ पंत के 88 रनों की बदौलत 224 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने 220 रन बनाये।

# पाक को झटका, टी20 सिरीज से बाहर हुए रिजवान और नियाजी

कराची। पाकिस्तान को करारा झटका लगा है। उसके विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और इरफान खान चोटिल होने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी टी-20 सीरीज के बचे हुए मैचों से बाहर हो गये हैं। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ये बात कही है। पीसीबी के अनुसार जांच में रिजवान और इरफान की चोट गंभीर पायी गयी है। इसी के बाद दोनो को बाहर करने पर फैसला हुआ। रिजवान को तीसरे टी-20 मैच में बल्लेबाजी करते समय मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। पीसीबी के अनुसार अब उसे 10 दिन तक मैदान के बाहर रहना होगा। वहीं नियाजी की भी मांसपेशियों में खिंचाव है। इन दोनो के बाहर होने से टीम की परेशानी बढ़ गयी है क्योंकि आजम खान पहले ही चोटिल होने के कारण बाहर हैं। इसी कारण युवा खिलाड़ी हसीबुल्लाह को बुलाया गया है पर अन्य किसी बदलाव की घोषणा नहीं की गई है। इस सीरीज में अभी दोनो ही टीमें एक-एक मैच में जीत के साथ ही बराबरी पर हैं।

# ऋषभ ने कैमरामैन से माफी मांग, छक्के से हुआ था घायल

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलायी। ऋषभ की नाबाद 88 रन की पारी से दिल्ली ने 4 विकेट पर 224 रन बनाए। ऋषभ ने अपनी पारी के दौरान जमकर 5 चौके और 8 छक्के लगाये। उनका एक छक्का मैच कवर कर रहे कैमरामैन को लग गया। इसका पता चलते ही ऋषभ मैच समाप्त होने के बाद कैमरामैन के पास पहुंचे और माफी मांगी। ऋषभ के इस कार्य की सभी प्रशंसकों ने सराहना की है।

ऋषभ ने अपनी पारी के दौरान अक्षर पटेल के साथ मिलकर 113 रनों की अहम साझेदारी भी निभाई। इस साझेदारी के बल पर ही दिल्ली की टीम मुकाबला जीतने में सफल रही। अक्षर ने इस मैच में 66 रनों की तेज पारी खेलकर कैपिटल्स को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने भी अच्छा प्रयास किया। गुजरात की ओर से डेविड मिलर ने तेजी से 55 रन बनाये। वहीं अंतिम ओवरों में राशिद खान ने भी आक्रामक पारी खेली पर इसके बाद भी गुजरात को 4 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

इस मैच का आकर्षण ऋषभ की पारी रही। ऋषभ ने कप्तानी पारी खेलते हुए इस सत्र में अपना तीसरा अर्धशतक लगाया। उन्होंने मोहित शर्मा के एक ही ओवर में 31 रन बना दिये। इसमें 5 गेंदों पर चौके, छक्के लगाये। इसी दौरान उनका एक शॉट कैमरामैन को लग गया जिससे वह चोटिल हो गया।

वह अभी अपनी टीम की और से सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। ऋषभ ने इस सतत्र में कैपिटल्स की ओर से अब तक 9 पारियों में 161.32 के शानदार स्ट्राइक रेट के साथ 342 रन बनाए हैं। गुजरात के खिलाफ 43 गेंदों में 5 चौके और 8 छक्के के दम पर खेली गई नाबाद 88 रनों की पारी भी इसमें शामिल है।

# पाकिस्तान की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने संन्यास की घोषणा की

इस्लामाबाद - पाकिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी बिस्माह मारूफ ने गुरुवार को तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। 2006 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद मारूफ ने 276 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया जिसमें उन्होंने 6,262 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए जिसमें 33 अर्धशतक और 80 विकेट शामिल हैं। 136 एकदिवसीय मैचों में उन्होंने 29.55 की औसत से 3,369 रन बनाए हैं जिसमें 21 अर्द्धशतक शामिल हैं और 44 विकेट लिए हैं। 140 टी20आई में उन्होंने 27.55 की औसत से 2,893 रन बनाए हैं जिसमें 12 अर्द्धशतक शामिल हैं और 36 विकेट लिए हैं। कप्तान के रूप में मारूफ ने 96 मैचों में पाकिस्तान का नेतृत्व किया जिसमें 2020 और 2023 में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के साथ-साथ 2022 में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप भी शामिल है। मारूफ ने आईसीसी के हवाले से अपने बयान में कहा, 'मैंने उस खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है। यह चुनौतियों, जीत और अविस्मरणीय यादों से भरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। मैं अपने परिवार के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं जिन्होंने शुरुआत से लेकर अब तक मेरी क्रिकेट यात्रा में मेरा समर्थन किया है। मैं मुझ पर विश्वास करने और मेरी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। पीसीबी का समर्थन अमूल्य रहा है, खासकर मेरे लिए पहली अभिभावक नीति को लागू करने में, जिसने मुझे सक्षम बनाया।'



# 'इम्पैक्ट' प्लेयर नियम से हो रहा खेल को नुकसान : एडम




**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल को रोमांच बनाये रखने के लिए 'इम्पैक्ट' प्लेयर का जो नियम लाया गया है। उससे कई दिग्गज सहमत नहीं है। उनका कहना है कि ये खेल के लिए नुकसानदेह है। वहीं अब लखनऊ सुपर जायंट्स के सलाहकार ऑस्ट्रेलिया के एडम वोग्स ने कहा है कि इस नियम पर दोबारा विचार किया जाना चाहिये। उनके अनुसार इसकी जगह पर ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग का 'पावर सर्ज' होना चाहिये। इसमें बल्लेबाजी टीम को फील्डिंग पांबदियों के दो ओवर के चरण पर फैसले की अनुमति होती है।

'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम पिछले सत्र में शामिल किया गया था और इस सत्र में इसपर कई खिलाड़ियों ने सवाल उठाये हैं। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी ऐसे खिलाड़ियों में शामिल हैं। उनका कहना है कि ये नियम ऑलराउंडरों के लिए नुकसानदेह है। वोग्स भी रोहित से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि यह नियम क्रिकेट को रोमांचक तो बना रहा है पर इससे ऑलराउंडर खिलाड़ियों को नुकसान हुआ है। साथ ही कहा, ''इस नियम के कारण् टूर्नामेंट में काफी बड़े स्कोर बन रहे हैं और टीम के लिए मजबूत बल्लेबाज सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतर रहे हैं।''

उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से इससे क्रिकेट के रोमांच का स्तर बढ़ गया है पर इससे मैच में ऑल राउंडर की भूमिका और उनका प्रभाव थोड़ा कम हो जाता है जबकि ऑलराउंडर हमेशा ही टीम को संतुलन प्रदान करते हैं।'' वहीं ऑस्ट्रेलिया के 'पावर सर्ज' के नियम को लेकर वोग्स ने कहा कि इससे मुकाबला दिलचस्प हो जाता है और उन्हें यह नियम पसंद आता है।

आईपीएल में जहां पारी की शुरूआत में छह ओवर का पावरप्ले होता है, वहीं बीबीएल में चार ओवर का पावरप्ले होता है। इसमें 'पावर सर्ज' सर्कल के बाहर केवल दो क्षेत्ररक्षकों का दो ओवर का चरण होता है जिसे बल्लेबाजी टीम अपनी पारी के 11वें ओवर के बाद किसी भी समय मांगती है।




# चुनाव का पर्व,देश का गर्व है, चुनाव को उत्सव की तरह मनाएं,सभी मतदान करें -प्रभाष दत्ता



**बोकारो।** जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा नियमित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन कोई मतदाता छूटे नहीं... को लक्ष्य बनाकर काम रही है। इसी क्रम में गुरुवार को जिले के सभी खनन पट्टा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम सेंट्रल कोल्डफिल्ड लिमिटेड (सीसीएल) ढ़ोरी माइंस क्षेत्र में आयोजित किया गया। जिसमें स्वीप के नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार, प्रभारी पदाधिकारी शक्ति कुमार, अंचलाधिकारी बेरमो संजीत कुमार,कार्यपालक पदाधिकारी फुसरो गोपेश कुमार समेत सीसीएल के अधिकारी/कर्मी आदि उपस्थित थे। मौके पर अपने संबोधन में स्वीप के नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर तिथियां घोषित हो गई है। बोकारो जिले में मतदान आगामी 25 मई 2024 को निर्धारित है। चुनाव का पर्व,देश का गर्व है, उन्होंने चुनाव को उत्सव के तरह मनाने को कहा। लोकतंत्र की मजबूती को लेकर सभी अपने मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। अगर अभी भी किसी कारण से किसी का मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है,तो वह अपने बीएलओ या आनलाइन माध्यम (वोटर हेल्पलाइन एप (वोटर सर्विस पोर्टल) से मतदाता सूची में नाम जोड़ने* के लिए आवेदन करें। आवेदन करने की आखिरी तिथि 26 अप्रैल 2024 है। मौके परजिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह एवं स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी शक्ति कुमार ने बताया कि मतदान करने के लिए मतदाता को फोटो युक्त पहचान पत्र (ईपीक) प्रस्तुत करना होता है। यादि किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में ईपीक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में मतदाता वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकता हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के लिए ईपीक के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज को मान्य किया गया है। इसमें पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी किए गए कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,आधार कार्ड,सांसद/विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी)* शामिल है।मौके पर सभी को स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने को लेकर मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया गया। उधर, जिले के सभी प्रखंडों/नगर निगम क्षेत्र/नगर परिषद क्षेत्र में भी विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

झारखंड स्टेट लाइवलीहूड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की सखी दीदीओं ने स्लोगन लिखी मेंहदी लगाकर ग्रामीण महिलाओं को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। मेहंदी से सखी दीदीओं ने अपने हाथों पर मतदान मेरा अधिकार - वोट डालने जाना है, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है,वोट हमारा है अधिकार करें नहीं इसको बेकार आदि का संदेश दिया।

# तीन दिवसीय ऐतिहासिक राम राज पूजनोत्सव का हुआ समापन




**विष्णुगढ़ -** प्रखंड अंतर्गत चौथा में दशकों से आयोजित हो रहे त्रिदिवसीय राम राज उत्सव का समापन बुधवार को हवन के साथ हो गया। सोमवार को अधिवास पूजा के साथ उत्सव प्रारम्भ हुआ था।राम राज की कल्पना के साथ 1952 में इसकी शुरुआत की गई थी।तबसे साल दर साल इसके आयोजन में भव्यता बढ़ती गयी।अब तो इसकी ख्याति अगल बगल के इलाकों में बढ़ती जा रही है। यहां राम दरबार जीवंत दिखता है।भगवान राम, माता सीता,भाई लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन, हनुमान और मुनि वशिष्ठ की मूर्तियों की पूजा होती है। इस रामोत्सव में मंगलवार को केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपुर्णा देवी पहुंची थीं।उनके साथ बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो भी थे।बगोदर के मौजूदा विधायक विनोद कुमार सिंह ने भी हाजरी लगाई। कोडरमा सांसद प्रतिनिधि छोटेलाल यादव, जिप सदस्य शेख तैयब, माले नेता जानकी शर्मा आदि उपस्थित थे। उत्सव को ले गांव में भक्ति एवं उत्साह चरम पर था। विष्णुगढ़ एवं बगोदर से बडी संख्या में श्रद्धालु यहां पूजा अर्चन करते हैं।आयोजन के समापन पर भंडारे की व्यवस्था की गई थी। आचार्य दिलीप कुमार मिश्र की अगुवाई में नारायण मिश्र, संजय मिश्र, सुधीर नाथ मिश्र, अविनाश मिश्र द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा अर्चना एव हवन संपन्न कराया गया।सुरेश मिश्र यजमान बने थे। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष कामेश्वर यादव, हिमांशू मिश्र, बबल रविदास, रवि यादव, आशिष दास, भुवनेश्वर प्रसाद यादव, हरि यादव, नारायण मिश्र, सहदेव यादव, राजेंद्र यादव, राजेंद्र यादव, सिकंदर यादव, पिंटू यादव, पवन, जग्रनाथ यादव, प्रयाग यादव, कुंती देवी, सुखेद यादव तथा अन्य के सहयोग आयोजन सफल रहा।

# डीवीसी अधिकारियो एवम यूनियन प्रतिनिधियों की संयुक्त कमिटी ने शुरु किया अतिक्रमणकारियों को चिन्हित करने का अभियान



**बेरमो।** डीविसी की जमीन व डीविसी के आवासों में अवैध कब्जा करने वालो के खिलाफ डीवीसी प्रबंधन जल्द अतिक्रमण हटाव अभियान चलाएगी। इसको लेकर डीवीसी अधिकारियो एवम यूनियन प्रतिनिधियों की संयुक्त कमिटी ने डीवीसी की आवासीय कॉलोनी के दोमंजिला आवास एसडी 1,2 एवम 3 सहित तीन मंजिला आवास एसडीटी 8 में जांच अभियान चलाया। बुधवार को लगभग 80 आवासों में जांच किया एवम डीवीसी आवासों में रहने वाले लोगो से पूछताछ किया। यहाँ जांच के क्रम में डीवीसी के कई स्थाई एवम ठेका कर्मचारीयों सहित पेंसनधारी डीविसी द्वारा आवंटित अपने आवासों को भाड़ा में लागाने की बात आवास में रहने वाले लोगो ने कही। इस संबंध में प्लांट के उप महा प्रबंधक बीसी होलकर ने कहा कि जांच चल रही है जांच रिपोर्ट आने के बाद निश्चित ही करवाई होगी । कहे की प्रत्येक सप्ताह में दो दिन डीविसी कोलोनियो में घूम घूम कर डीविसी आवासों में रहने वाले लोगों से पूछताछ किया जायेगा। साथ ही कहे की जांच एवम कार्यवाई में कोई भेदभाव नही बरती जाएगी जांच कमिटी में शामिल लोग भी अगर अवैध अतिक्रमण किए है तो उनके खिलाफ भी कार्यवाई किया जाएगा। इस अभियान में आवास कमिटी के सचिव सह सहायक प्रबंधक ए ए असरफ, अवीनास कुमार सिन्हा भू सम्पदा पदाधिकारी, बीके सिंह सचिव डीविसी श्रमिक यूनियन , रामलाल पासवान सचिव डीविसी हिन्द मजदूर किसान यूनियन, रवि शंकर कुमार सचिव डीविसी कामगार संघ एवम राजदेव सिंह सचिव डीविसी मजदूर संघ सहित होम गार्ड इंचार्ज धनेश्वर साव, चंदन ठाकुर आदि महिला पुरुष जवान शामिल थे।

# श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह हनुमंत मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन भक्तों की लगी भारी भीड़




**गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत तुलबुल पंचायत के नीम टोला में आयोजित श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह हनुमंत मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को भी भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। इस दौरान श्रद्धालु राम लखन जानकी,जय बोलो हनुमान की के जयकारों के साथ यज्ञमंडप की परिक्रमा कर रहे थे। यज्ञाचार्य उपेंद्र द्विवेदी सहित अन्य पंडितो के द्वारा यजमान शिवचरण प्रजापति सपत्नीक, बैजनाथ प्रजापति सपत्नीक, कृष्णा प्रजापति सपत्नीक,राजकुमार प्रजापति सपत्नीक, हरी प्रजापति सपत्नीक,बद्री प्रजापति सपत्नीक, झरी प्रजापति सपत्नीक,भरत प्रजापति सपत्नीक एवं मोहन प्रजापति सपत्नीक से वैदिक मंत्रोच्चारणयज्ञमंडप के साथ द्वार पूजन,हवनकुंड पूजन आदि कराया गया। इस संबंध में महायज्ञ समिति के संरक्षक बसंत प्रजापति ने बताया कि गुरुवार को दैनिक पूजन,अग्नि देवताओं सहित सभी देवी देवताओं का आह्वान,मूर्ति का संस्कार, एवं नगर भृमण कराया गया। वहीं उन्होंने बताया कि शुक्रवार को दैनिक पूजन एवं अचल प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम, शनिवार को दैनिक पूजन एवं आवाहित देवताओं की आहुति तथा रविवार को महायज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मौके पर महायज्ञ समिति के अध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति,नरेश साव,परमानन्द प्रजापति, रघुनाथ प्रसाद, ,प्रदीप प्रजापति, राजेन्द्र साव,अनिल प्रजापति,विजय प्रजापति,छोटी साव आदि मौजूद थे।

# मैडनेस मचाएंगे- इंडिया को हंसाएंगे में दिखेगीं जूही चावला

**हज़ारीबाग़ -** इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट का कॉमेडी शो 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे', मस्ती-मज़ाक से भरपूर एपिसोड में जूही चावला का स्वागत करेगा। अनुभवी कॉमेडियन्स अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देंगे और अपने मनोरंजक गैग्स से सभी को दिल खोलकर हंसने के लिए मजबूर कर देंगे।कॉमेडियन गौरव मोरे कहते हैं, ÷हम बहुत खुश हैं कि जूही चावला जी हमारे शो का हिस्सा बनी हैं। जूही चावला जी ने न केवल हमारी परफॉर्मेंस का आनंद लिया, बल्कि 'जादू तेरी नज़र' पर डांस करने के लिए मेरे साथ शामिल भी हुईं। मैं इस पल को कभी नहीं भूलूंगा।

# वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी के नेतृत्व में जल वितरण का कार्य किया गया




**धनबाद,** इस भीषण गर्मी को देखते हुए माननीय मंडल रेल प्रबंधक के.के.सिन्हा सह अध्यक्ष भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के निर्देशानुसार एवं वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार सह जिला आयुक्त स्काउट के नेतृत्व में धनबाद गोमो और कोडरमा स्टेशन पर शीतल जल वितरण करने का संकल्प लिया गया। जिसको पूरा करने के लिए भारत स्काउट्स एंड गाइड्स धनबाद मंडल के सीनियर स्काउट्स गाइड्स,रोवर,रेंजर्स,एवं लीडर्स ने मिलकर इसे सफलतापूर्वक सफल बनाने में हर सम्भव अपना अपना योगदान दिया। बीते एक हफ्ते से धनबाद स्टेशन,गोमो स्टेशन एवं कोडरमा स्टेशन पर आने जाने वाले द्वितीय श्रेणी के रेल यात्रियों को शीतल पेय जल यात्रियों तक पंहुचाया जा रहा हैं। यात्रियों द्वारा हमारी संस्था भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के इस कार्य को सरहाया। उनका कहना है कि इस चिलचिलाती गर्मी में आपसबों के द्वारा लिया गया संकल्प बहुत ही नेक है जिससे हमलोगों को शीतल पेय जल का लाभ प्राप्त हो रहा है। जिससे हमारी आत्म संतुष्टि हो पा रही है। क्योंकि इस भीड़ से निकलकर पानी लेना युद्ध लड़ने के बराबर है। आप लोग अच्छे कार्य कर रहे है यूँही करते रहे हम सब की दुआ आप सबो के साथ है। यह सिर्फ हमारी संगठन की ताकत और सकारात्मक पहल है जिससे हमलोग यात्रियों तक पहुँचकर उनकी मदद कर पा रहे है । लोगो का कहना था कि इस पहल के लिए आपके मंडल रेल प्रबंधक महोदय एवं वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी को आभार एवं साधुवाद।

# 'वंशज' में डीजे के शक ने युक्ति के सामने खड़े किये मुश्किल प्रश्न

सोनी सब में ये युविका महाजन की कहानी है, हाल के एपिसोड्स में युक्ति को उसकी माँ भूमि सवाल करती है कि क्या वो सही कर रही है। आगे के एपिसोड्स में, महाजन परिवार लंच पार्टी रखता है जिसमें युक्ति को बुलाया जाता है। लेकिन, हर कोई उस पर शक की निगाह से देखता है और उसकी असली पहचान, सोशल मीडिया पर उसकी मौजूदगी और संबंधों से सवालों के घेरे में आ जाती है। डीजे को होली का एक पुराना वीडियो मिलता है, जिसमें युक्ति जैसी दिखने वाली एक भूरी आंखों वाली लड़की दादा जी को भागने में मदद करती हुई नजर आती है। इससे डीजे को शक होता है कि ये वही लड़की है जिसने दादा जी को भागने में मदद की थी। लेकिन युक्ति अपनी सफाई देती है कि वीडियो वाली लड़की की आंखों का रंग उससे मेल नहीं खाता, ये युविका भी हो सकती है। डीजे, दादा जी को अस्पताल से भागने में मदद करने वाली लड़की के बारे में सच जानने में नाकामयाब होकर निराश हो जाता है। वो फिर से सच उजागर करने के लिए घटनास्थल को दोबारा बनाने की कोशिश करता है, लेकिन नाकामयाब रहता है।




सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। **संपादकः** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग**- 70337 77771 **विज्ञापन**- 7091094434, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63